सूर्योदय 7:11 सूर्यास्त 5:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.6 न्यू | 16.8 अधि |
| धर्मशाला | 5.0 न्यू | 18.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75366.17 |
| निफ्टी | 22829.15 |
| सोना | 82,250 |
| चांदी | 93,848 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध : मुकेश अग्निहोत्री

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 28 जनवरी 2025 | 15 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 30, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट का हिंडनबर्ग मामले में सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गौतम अडानी पर हिंडनबर्ग की दूसरी रिपोर्ट के संबंध में विशाल तिवारी की अपील को खारिज कर दिया। इसमें 3 जनवरी, 2024 को कोर्ट की ओर से पारित एक फैसले के अनुपालन की बात शामिल है। अपील को खारिज करते हुए यह स्पष्ट हो गया कि अदालत हिंडनबर्ग मामले से संबंधित किसी भी नई याचिका पर विचार नहीं करेगी। इस फैसले ने सेबी को अपनी लंबित जांच पूरी करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

### बेलारूस: लुकाशेंको ने 7वीं बार जीता राष्ट्रपति चुनाव



**मिन्स्क।** 1994 से बेलारूस का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सातवीं बार देश का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया। केंद्रीय चुनाव आयोग की तरफ से सोमवार को चुनाव के नतीजे जारी कर दिए हैं। लुकाशेंको को 86.82 फीसदी वोट मिले। सर्गेई सिरानकोव को 3.21 फीसदी, ओलेग गेदुकेविच को 2.02, अन्ना कनोपात्स्काया को 1.86 और अलेक्जेंडर खिज्न्या को 1.74 वोट मिले। रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले बेलारूसी युवा संगठनों की समिति की तरफ से किए गए एक एग्जिट पोल में भी लुकाशेंको को 87.6 प्रतिशत वोट के साथ आगे दिखाया गया था।

### पुंछ में सेना का वाहन गिरा, 4 जवान घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की मंडी तहसील में सोमवार को सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चार जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। यह हादसा उस समय हुआ, जब जवान पेट्रोलिंग के बाद अपने कैंप में लौट रहे थे।

### सीबीआई की याचिकाओं पर सुरक्षित रखा आदेश

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और सीबीआई की उन दो अलग-अलग याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार करने के संबंध में सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। आरजी कर अस्पताल रेप-मर्डर मामले के दोषी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाने संबंधी अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक की अगुवाई वाली खंडपीठ ने सरकार और सीबीआई दोनों का पक्ष सुना। दोनों ने दलील दी कि अपराध के एकमात्र दोषी रॉय को जीवन की अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सियालदह सत्र न्यायालय की ओर से सुनाई सजा पर्याप्त नहीं है।

# पूर्व आईजी जैदी समेत आठ पुलिस कर्मियों को उम्रकैद

## गुड़िया रेप-मर्डर केस में गिरफ्तार युवक की हिरासत में हुई थी हत्या



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के बहुचर्चित गुड़िया रेप-मर्डर केस में जांच के दौरान पुलिस कस्टडी में एक आरोपी की हत्या के मामले में 8 पुलिस अधिकारियों को चंडीगढ़ की सीबीआई कोर्ट ने सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने 18 जनवरी को इस मामले में इन अफसरों को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने हिमाचल के तत्कालीन पूर्व आईजी जहूर एच जैदी समेत ठियोग के तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, एसआई राजिंदर सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, ऑनरेरी हेड कांस्टेबल मोहन लाल और सूरत सिंह, हेड कांस्टेबल रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रानित को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

**दोषियों को एक-एक लाख रुपए का जुर्माना**

कोर्ट ने शिमला के तत्कालीन एसपी डीडब्ल्यू नेगी को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। सीबीआई कोर्ट ने सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले अदालत ने सुबह सभी दोषियों की अपील सुनकर शाम 4 बजे के बाद फैसला सुनाने को कहा। साल 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में नाबालिग गुड़िया का रेप और मर्डर हुआ था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान टॉर्चर किए जाने पर उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इसका आरोप दूसरे आरोपी राजू पर लगा दिया था। हालांकि, लॉकअप में सूरज की हत्या के बाद गुस्साई भीड़ ने कोटखाई पुलिस थाना फूंकने की कोशिश की। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने यह केस सीबीआई को सौंप दिया। सीबीआई ने इस मामले में आईजी और एसपी शिमला समेत 9 पुलिस अधिकारियों और जवानों को गिरफ्तार किया था।

### संतरी की गवाही और डिजिटल रिकॉर्ड बना अहम सुबूत

**मामले** में कोटखाई थाने के संतरी दिनेश की गवाही सबसे अहम साबित हुई। संतरी ने ही थाने में पुलिसकर्मियों की पिटाई से सूरज की मौत का खुलासा किया था। इसकी रिकॉर्डिंग डीएसपी मनोज जोशी के मोबाइल में सेव थी। यह रिकार्डिंग सबसे पुख्ता सुबूत बनी। इस मामले में दोनों पक्षों के 100 से अधिक गवाह थे। सीबीआई ने आरोप साबित करने के लिए अदालत में 52 गवाह पेश किए। दरअसल, गुड़िया हत्याकांड में जांच के लिए पूर्व आईजी जहूर हैदर जैदी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी। जांच टीम ने नेपाल मूल के युवक सूरज समेत सात लोगों को हिरासत में लिया था। लॉकअप में उसे नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म कर हत्या का इल्जाम कबूलने के लिए कहा। जब सूरज ने गुनाह कबूल नहीं किया तो पुलिसकर्मियों ने उसकी पूरी रात पिटाई की। पिटाई के कारण उसकी लॉकअप में ही मौत हो गई।

# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी ने दी मंजूरी

## विपक्ष के सुझाव नकारे; किए 14 बदलाव, बोर्ड में 2 गैर-मुस्लिमों को भी मिलेगी जगह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वक्फ** बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने सोमवार को मंजूरी दे दी। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि इस फाइनल मीटिंग में सभी 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। इनमें एनडीए सांसद के 14 सुझावों को मंजूरी दे दी गई है।

विपक्षी सदस्यों ने भी कुछ प्रस्ताव रखे, लेकिन वोटिंग के दौरान इन्हें नकार दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों को रेगुलराइज करने के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है।

जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति की ओर से अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठकों का यह दौर हास्यास्पद था। हमारी बात नहीं सुनी गई। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है। इस पर जगदंबिका पाल ने कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक थी और बहुमत की राय को प्राथमिकता दी गई। जेपीसी की पिछली बैठक में दौरान हंगामे के बाद 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित किसर था। निलंबित सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए. राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह नदवी, एम. अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक और इमरान मसूद शामिल थे।



### कल फिर होगी बैठक, सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**अब** संसद जेपीसी की अगली बैठक 29 जनवरी को होगी। इस दिन कमेटी के सदस्यों को मौजूदा संशोधन के साथ बिल ड्राफ्ट रिपोर्ट सौंपी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, बिल की यह ड्राफ्ट रिपोर्ट करीब 500 से ज्यादा पन्नों की है। हालांकि, अगर कमेटी में मौजूद विपक्षी सांसद इस पर अपना विरोध दर्ज करवाते हैं, जिसको डीसेंट नोट कहते हैं तो उनके विरोध का हिस्सा भी इस ड्राफ्ट रिपोर्ट में शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि, 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के दौरान वक्फ बिल को लेकर बनाई गई संसद की संयुक्त समिति की यह ड्राफ्ट रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर को सौंप दी जाएगी। नियमों के मुताबिक, कमेटी की ओर से दिए गए संशोधन के साथ बिल को एक नए स्वरूप में सदन में लेकर आया जाएगा, जिस पर एक नए सिरे से चर्चा होगी. इसके बाद ही सदन में बिल को पास करवाने को लेकर कार्रवाई आगे बढ़ेगी।

# जय संविधान रैली में शामिल हुए सीएम सुक्खू और प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सोमवार को मध्य प्रदेश के महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली में शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले संविधान को रद्द करने की कोशिश की।

भाजपा ने कहा था कि 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके सामने हम खड़े हुए और लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा।



### तीन दिन दिल्ली में करेंगे चुनावी प्रचार

**मुख्यमंत्री** सुक्खू सोमवार शाम को ही वापस दिल्ली लौट आए हैं और मंगलवार से अगले तीन दिन तक दिल्ली में चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। हाईकमान ने मुख्यमंत्री सुक्खू को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया है। लिहाजा सीएम सुक्खू दिल्ली में भाजपा और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए नजर आएंगे।

# हत्या कर शव के दो टुकड़े करने के आरोपी 6 दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**जंगल** में शिकार के दौरान एक अन्य शिकारी की गोली मारकर हत्या करने और उसके शव को टुकड़े कर गुफा और जंगल में छिपाने के मामले में गिरफ्तार दो लोगों को अदालत ने छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर सुबूत जुटाएगी। गौर रहे कि सिरमौर के पच्छाद के पलहेच गांव निवासी सोमदत्त उर्फ सोनू (38) सोलन में अपने जीजा के घर आया था। 21 जनवरी को सोमदत्त घर के साथ लगते जंगल को यह कहकर गया था कि वह लकड़ियां लाने जा रहा है, लेकिन वापस नहीं लौटा।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**शिकार खेलने गए अन्य व्यक्ति की गोली लगने से हुई थी मौत**

परिजनों ने 23 जनवरी को थाना सदर सोलन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस टीम ने आरोपियों की 21 जनवरी की सीडीआर टावर लोकेशन का विश्लेषण किया और संदेह के आधार पर इन दोनों को ट्रेस करके पूछताछ की। जांच में पाया गया कि भुट्टो राम और संदीप सोलन के साथ लगते सुमति जंगल में शिकार खेलने गए थे।

ये दोनों अपनी दो गाड़ियां सड़क के किनारे खड़ी करके जंगल में चले गए। ठीक उसी समय सोमदत्त भी शिकार के लिए अपने जीजा के पड़ोसी की बंदूक लेकर उसी जंगल में गया था। शिकार के दौरान संदीप ने अपनी बंदूक से गोली चला दी, जो दूसरी तरफ शिकार कर रहे व्यक्ति के सिर पर लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# हिमाचल में जनवरी में सूखे जैसे हालात, सामान्य से 78% कम बारिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में सर्दियों में सूखे जैसे हालात पनपने लगे हैं। जनवरी में अब तक सामान्य से 78 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इससे किसानों-बागवानों की टेंशन बढ़ती जा रही है। बर्फबारी नहीं होने से टूरिज्म इंडस्ट्री पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इससे पर्यटन कारोबारी मायूस हैं और अच्छी बर्फबारी के इंतजार में हैं। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में इस बार जनवरी में मात्र 14.7 मिलीमीटर ही बारिश हुई है।

इससे पहले मानसून सीजन में भी सामान्य से 19 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मानसून के बाद यानी पोस्ट मानसून सीजन में अक्तूबर और नवंबर में सामान्य से 98 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। दिसंबर के दूसरे और तीसरे सप्ताह में जरूर अच्छी बारिश व बर्फबारी हुई थी, लेकिन दिसंबर के आखिरी सप्ताह के बाद से बारिश नहीं हो रही।

### चार जिलों में शीतलहर का अलर्ट

**मौसम** विभाग ने ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिले में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रात और सुबह के वक्त ठंडी हवाएं चलने से कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। 28 से 30 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है।

# यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड

## सीएम धामी बोले- हलाला, एक से ज्यादा शादियों, तीन तलाक पर रोक

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



**उत्तराखंड** में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) सोमवार से लागू हो गया है। इससे साथ ही उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया।

धामी ने कहा कि हमने 3 साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है। 27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यूसीसी लागू होने से हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड-2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिक्षा विभाग में भरे जा रहे 15 हजार पद: शिक्षा मंत्री -पेज 2
- राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए बनेगी नई नीति: मुख्यमंत्री -पेज 3
- खलवाहण पंचायत पर घोटाले के लगे आरोप -पेज 9
- महिलाओं को 2100 रुपए, युवाओं को रोजगार देने का वादा -पेज 13
- साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर बने बुमराह -पेज 14


**शिकंजा :** गिरोह में कोलकाता का मास्टरमाइंड, दिल्ली और स्थानीय युवक थे शामिल

# शिमला पुलिस ने दबोचे 11 नशा तस्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सोमवार को एक बड़े नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में कोलकाता, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के तस्कर शामिल हैं।

**नशे के खात्मे को चलाया है ऑपरेशन क्लीन**

पुलिस के अनुसार, गिरोह का मुख्य सदस्य कोलकाता का 38 वर्षीय संदीप शाह और दिल्ली का 24 वर्षीय नीरज कश्यप है। इनके अलावा, शिमला और आसपास के क्षेत्रों से शुभम शांडिल (30), संदीप धीमान (38), संजय वर्मा (32), प्रज्वल जस्टा (24), नितिन खेपन (26), विशाल मेहता (32), अभिनव कंवर (23), आशीष (29) और सचिन स्तान (30) को भी गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन सदर शिमला में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में नशा तस्करी को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शिमला पुलिस ने नशे के खात्मे के लिए ऑपरेशन क्लीन चला रखा है।

### लगातार मिल रही थी शिकायतें : एसपी




पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस को इस गैंग के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी। इस गैंग का मुख्य सरगना संदीप शाह लंबे समय से अवैध नशे की गतिविधियों में संलिप्त था, जो पूरे जिले में नशे का गिरोह चला रहा था। उन्होंने बताया कि यह गैंग नशा तस्करी में नई-नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। ऑनलाइन तरीके से पूरा एक्सेस चला रहे थे। नशे के काले कारोबार में संलिप्त लोगों को पुलिस नहीं बख्शेगी, उनके खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

**एनसीसी रैली** पीएम बोले- आजादी के बाद एक साथ होते थे चुनाव, फिर क्रम टूटने से उठाना पड़ा नुकसान

# एक देश, एक चुनाव की बहस में भाग लें युवा: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को युवाओं से आह्वान किया कि वे 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर जारी बहस को आगे बढ़ाएं और इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें, क्योंकि यह उनके भविष्य से जुड़ा विषय है। राजधानी दिल्ली स्थित के करिअप्पा परेड मैदान में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की वार्षिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे, लेकिन फिर यह क्रम टूट गया। उन्होंने कहा कि इसका देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। हर चुनाव में मतदाता सूची अपडेट होती है, बहुत सारे काम होते हैं और इसमें अक्सर हमारे शिक्षकों की ड्यूटी लगती है। इस कारण से पढ़ाई प्रभावित होती हैं। बार-बार होने वाले चुनावों की वजह से कई मुश्किलें आती हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस शिविर में कुल 2,361 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें 917 बालिका कैडेट भी शामिल थीं। इस संख्या के हिसाब से बालिका कैडेटों की अब तक की सर्वाधिक भागीदारी थी। इस रैली में इन कैडेटों की भागीदारी नई दिल्ली में महीने भर चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 के सफल समापन का प्रतीक भी होती है। इस वर्ष की एनसीसी रैली का विषय 'युवा शक्ति, विकसित भारत' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों के गणतंत्र में भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी और नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि इसी तरह एनसीसी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया।

युवा 21वीं सदी में भारत के साथ ही दुनिया के विकास को निर्धारित करने वाले हैं। भारत के युवा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक भलाई के लिए एक बल हैं। आज दुनिया इस बात को मान रही है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद 800 से अधिक कैडेट्स की ओर से राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की वचनबद्धता को दर्शाने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### हमने बढ़ाया युवाओं का सामर्थ्य

**पीएम** ने कहा कि देश में 'एक देश, एक चुनाव' पर बहस चल रही है और लोग अपने-अपने विचार रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति या देश का सामर्थ्य तब बढ़ता है, जब वह अनावश्यक बाधाओं से पार पा लेता है। भारत में युवाओं के सामने रहीं अनेक बाधाओं को बीते 10 साल में हटाने का काम किया गया है और इससे युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा है, देश का सामर्थ्य बढ़ा है।

# महाकुंभ : शाह ने लगाई आस्था की डुबकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को महाकुंभ पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। उनके साथ सीएम योगी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी संगम में स्नान किया। इस दौरान सीएम योगी ने रामदेव के साथ योग किया। स्नान के बाद शाह ने संगम पर परिवार के साथ पूजा की।



### मौनी अमावस्या पर चौपहिया वाहनों पर प्रतिबंध

29 जनवरी को मौनी अमावस्या के मुहुर्त पर महाकुंभ में स्नान करने के लिए आठ करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इससे पहले प्रशासन ने प्रयागराज में बड़े बदलाव किए हैं। रूट डायवर्जन एक मार्ग से प्रवेश और दूसरे मार्ग से निकासी चौपहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाया दिया है। वहीं, प्रयागराज में आठ रेलवे स्टेशनों प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, छिवकी, नैनी, रामबाग, झूंसी, प्रयाग व फाफामऊ से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन स्टेशनों के आसपास यातायात व्यवस्था में परिर्वतन किया गया है। चार पहिया वाहनों को स्टेशन परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रयागराज जंक्शन में केवल सिटी साइड से प्रवेश मिलेगा।

- 60 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान
- अब तक 13 करोड़ से ज्यादा लोगों ने लगाई डुबकी

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री रोहित ने दियोटसिद्ध में नवाया शीश



**एसके ठाकुर, बड़सर।** प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बाबा की नगरी दियोटसिद्ध में गुफा के दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। शिक्षा मंत्री ठाकुर गणतंत्र दिवस परेड हमीरपुर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे। बाबा की नगरी में पहुंचने पर कांग्रेसी नेता सुभाष ढटवालिया, पूर्व दो बार कांग्रेस के विधायक रहे मनजीत सिंह डोगरा, ट्रस्टी पवन कालिया ने मंत्री का स्वागत किया। गुफा दर्शन के बाद मंदिर ट्रस्ट ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को बाबा जी की प्रतिमा तथा रोट का प्रसाद भेंट करके सम्मानित किया गया।

### सौर गांव में दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, भोटा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भोटा द्वारा ग्राम पंचायत सौर के अंतर्गत गांव सौर में महिला मंडल भवन में नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक दौलत राम शर्मा व सहायक प्रबंधक सुमन कुमारी ने लोगों को बैंक की बचत एवं ऋण योजनाओं की जानकारी दी। पीएम मुद्रा योजना, अटल, पेंशन योजना, पीएम विश्व कर्मा योजना, राजीव गांधी सेल्फ एंप्लॉयमेंट, स्टार्टअप योजना, एनआरएलएम आदि सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। लोगों को इन सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा लोगों को डिजिटल लेन-देन के लिए जागरूक किया। लोगों को अपने खाते की जानकारी एवं ओटीपी किसी को भी शेयर न करने के बारे में जागरूक किया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को एसएचजी स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में कांगड़ा बैंक से विनोद कुमार, त्रिशला देवी, बिझड़ ब्लॉक से प्रधान अर्चना देवी, पंचायत सचिव राजीव कालिया व अन्य लोगों ने भाग लिया।

### प्रो. धूमल से शिष्टाचार भेंटकर लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष हों या जिले के अध्यक्ष हों, समीरपुर पहुंचकर धूमल का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। सोमवार को समीरपुर पहुंचे जिला ऊना के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम मन्हास व पूर्व विधायक बलबीर चौधरी व महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष नर्मदा ठाकुर ने धूमल से की शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

### पेंशनर्स संघ ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ पेंशनर्ज मोहन लाल शर्मा, इच्छा पूर्ण व ओंकार चंद, निवासी गौना तथा सत्यदेव निवासी पनसाई को खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगु), जगदीश चन्द शर्मा (सासन) व सलाहकार ओम प्रकाश सुमन ने उनके घर जाकर सम्मानित किया गया, साथ ही उनकी दीर्घायु की कामना के साथ गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई। खंड इकाई द्वारा दिनांक 7 जनवरी, 2025 को कांगू में विशिष्ट पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें संघ प्रदेशाध्यक्ष के माध्यम एवं नादौन खंड इकाई के सौजन्य से 21 वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित किया गया था, परंतु उक्त पेंशनर अस्वस्थ होने के कारण सम्मान समारोह में आने में असमर्थ रहे।

### सहकारी सभा कक्कड़ के प्रधान बने हुकुम चंद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सहकारी सभा कक्कड़ के चुनाव में हुकुम चंद शर्मा को सर्वसम्मति से सहकारी सभा का प्रधान चुना गया। हुकुम चंद शर्मा वर्ष 1980 से 2016 तक लगभग 34 वर्ष इसी सहकारी सभा कक्कड़ में वरिष्ठ विक्रेता व सहायक सचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में सहकारी सभा समिति कक्कड़ 2001 से लेकर 2007 तक हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रथम पुरस्कार प्राप्त करती रही है। इसके अतिरिक्त सहकारी सभा में सोनू राम को उपप्रधान, मनोहर लाल, विमला देवी, गिरना कुमारी को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

### किड्स क्रच में वार्षिक पारितोषिक कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** किड्स क्रच प्ले वे हाउस में स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रतन चंद ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद की वार्ड पार्षद सविता महाजन ने की। स्कूल की प्रबंधक पूजा रानी ने स्कूल की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विराज ठाकुर तथा नायरा ठाकुर द्वारा निकाली शिव-पार्वती की झांकी सबसे मनमोहन रही।

### भोरंज में श्मशानघाट के विरोध में उतरे लोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल भोरंज में शम्भू ताल में नए बस स्टैंड बनने का कार्य शुरू हो गया है। नया बस स्टैंड बनने से लोगों को सुविधा मिलेगी, लेकिन वहां पर बने श्मशानघाट को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। इस श्मशानघाट को अब शम्भू भोटी गांव में बनाने का प्रस्ताव है, लेकिन यह श्मशानघाट एससी बस्ती के साथ ही बनने जा रहा है, जिसका एससी बस्ती के लोगों ने विरोध किया है। लोगों ने एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र जिलाधीश हमीरपुर को भी दिया है। लोगों का कहना है कि उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि विधायक और एसडीएम के पास भी अपनी शिकायत लेकर गए थे, लेकिन फिर भी एससी बस्ती के साथ ही श्मशान घाट बनाने का काम शुरू कर दिया है। यह एससी बस्ती से मात्र 50 मीटर की दूरी पर है और इससे आने वाले समय में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस बारे में कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने बताया कि इस संबंध में शिकायत आई थी व एसडीएम भोरंज को मौका देखने के लिए कहा था। इस बारे में एसडीएम भोरंज शशि पाल ने बताया कि जहां पर यह श्मशानघाट बनाया जा रहा है, वहां पर एक ही घर है। उन्होंने बताया कि इसकी फील्ड रिपोर्ट मंगवाई गई है। उन्होंने बताया कि साढ़े तीन कनाल सरकारी भूमि है, वहां पर ही श्मशान घाट बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी फील्ड रिपोर्ट नहीं आई है। फील्ड रिपोर्ट आने के बाद घरों की दूरी के बारे में जानकारी मिल जाएगी। यदि घर की दूरी कम रहती है तो इसे दूसरी जगह पर बनाया जाएगा।

### भजनी को हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुरेंद्र कुमार भजनी का उनके पैतृक श्मशानघाट बालकृष्ण गोशाला के पास अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान हजारों नम आंखों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मुखाग्नि उनके दोनों बेटों अमन और रमन कुमार ने दी। बता दें कि सुरेंद्र भजनी एक बहुत ही सरल स्वभाव और भाजपा के प्रति समर्पित रहे हैं जिनका पिछले कल उनका हृदयगत होने से देहांत हो गया था। पिछले कल उन्होंने मलयुद्ध का आयोजन करवा रखा था। इस दौरान में महासभा से एंकरिंग कर रहे थे, तभी उन्हें सीने में दर्द हुई और वह गिर पड़े फिर कभी नहीं उठे। हालांकि उन्हें एकदम निजी क्लीनिक के पास ले जाया गया परंतु तब तक देर हो चुकी थी। 53 वर्षीय भाजपा नेता अपने पीछे पत्नी रीना देवी तथा दो बेटे अमन और रमन को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ के गणमान्य लोग भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। भाजपा नेता को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए बड़सर के विधायक आईडी लखनपाल, मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह, भाजपा नेता संजीव कुमार, कांगड़ा ग्रामीण बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमल नयन शर्मा, भाजपा नेता यशपाल सिंह ठाकुर, बड़सर भाजपा के पूर्व मीडिया प्रवक्ता नानक चंद शर्मा, युवा भाजपा नेता आशीष शर्मा सहित हजारों नम आंखों ने अंतिम विदाई दी। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षा विभाग में भरे जा रहे 15 हजार पद : शिक्षा मंत्री

## रोहित ठाकुर बोले-उपनिदेशक के पदों पर की गई हैं पदोन्नतियां; कॉलेज प्रिंसिपल के पद भी भरेंगे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**





जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर परेड का निरीक्षण करते हुए। (दाएं) शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की वीर नारियों के साथ।

76वां गणतंत्र दिवस हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अणू के सिंथेटिक ट्रैक मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में शिक्षा, मुद्रण एवं लेखन सामग्री मंत्री रोहित ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा भव्य परेड की सलामी ली। परेड कमांडर एसआई अंदेश कुमार की अगुवाई में आयोजित परेड में पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स और विभिन्न शिक्षण संस्थानों की टुकड़ियों तथा विशेष रूप से सक्षम बच्चों ने शानदार मार्चपास्ट किया।

इस अवसर पर सभी जिलावासियों को बधाई देते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि 26 जनवरी का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण दिन है। वर्ष 1950 में इसी दिन हमारे देश में संवैधानिक व्यवस्था लागू हुई थी और भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणराज्य बना था। स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों को नमन करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेनाओं में हमीरपुर जिले का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। प्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि भीषण आपदा से प्रभावित हुए हजारों परिवारों के लिए प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का पैकेज का प्रावधान करके बहुत बड़ी राहत प्रदान की थी। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों के लिए अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करके और दूध के दामों में भारी बढ़ोतरी करके पूरे देश में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी नए मेडिकल कॉलेजों के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श अस्पताल का प्रावधान करके लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया है।

रोहित ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू की है और विभिन्न विभागों में हजारों पद भरने का निर्णय लिया गया है। अकेले शिक्षा विभाग में ही लगभग 15 हजार पद भरे जा रहे हैं।

सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने और विभिन्न संस्थानों के संसाधनों के भरपूर उपयोग के लिए क्लस्टर सिस्टम लागू किया गया है। पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई आरंभ करने का निर्णय लिया गया है और प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए 6200 एनटीटी शिक्षकों की भर्ती को मंजूरी प्रदान की गई है। शिक्षा विभाग में पांच वर्षों के बाद उपनिदेशकों की पदोन्नति वर्तमान सरकार ने ही की है। कॉलेज प्रिंसिपलों के पद भी भरे गए हैं।

प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। हमीरपुर जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी इन संस्थानों के लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

समारोह के दौरान शिक्षा मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं सचिवों, डिजिटल सेवाएं देने वाले राशन डिपुओं के सेल्समैनों एवं सहकारी सभाओं के सचिवों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने परेड के प्रतिभागियों और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, पूर्व विधायक अनीता वर्मा और मनजीत डोगरा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, सुमन भारती, कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान, एसपी भगत सिंह ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## एसडीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों व मेधावियों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

76वें गणतंत्र दिवस का उपमंडल स्तरीय समारोह आदर्श माध्यमिक पाठशाला भोरंज के मैदान में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस व एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड की सलामी ली। लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि भारत का संविधान अन्य देशों के संविधान से अधिक मजबूत और सशक्त है।

उन्होंने कहा कि देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद करने के लिए देश के स्वतंत्रता सैनानियों के साथ-साथ हिमाचल के स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने प्राण न्योछावर कर दिए, जिन्हें हमें नमन करना चाहिए। हम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का सदैव ऋणी रहेंगे, जिन्होंने संविधान निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसडीएम ने कहा कि आजादी के बाद भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास किया है। मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले लोगों एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में भोरंज के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाषण, देशभक्ति गीत व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। इस मौके पर बीएमओ भोरंज ललित कालिया, आदर्श माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, एसएचओ प्रशांत ठाकुर, नायब तहसीलदार पृथी चंद और पंचायतीराज संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### देशभक्ति गीतों से किया शहीदों को याद




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से भोरंज तहसील के गांव दरूण में स्थानीय महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर में भी 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी, वहीं महिलाओं ने भी देशभक्ति के गीत गाकर शहीदों को याद किया।

### संस्कृति का हिस्सा होने चाहिएं ऐतिहासिक दिन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने गणतंत्र दिवस मनाया। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने परिसर में स्थापित मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। उसके बाद उन्होंने परिसर में ध्वजारोहण किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को देश के प्रति समर्पण और देश के धरोहरों का प्रतिवर्ष स्मरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक दिन अब हमारी संस्कृति का हिस्सा होने चाहिएं। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संविधान में भारत के प्रत्येक नागरिक को मिले अनेक अधिकार : राकेश शर्मा

**अनंत ज्ञान, नादौन**

उपमंडल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस केंद्रीय विद्यालय नादौन में मनाया गया। एसडीएम राकेश शर्मा ने तिरंगा फहराया तथा पुलिस, होम गार्ड्स तथा विभिन्न स्कूलों के कैडेट्स से सलामी ली। लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम राकेश शर्मा ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस गौरव व सम्मान का पर्व है। इस रोज हमें बेहतर संविधान मिला है, जिसमें प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकारों सहित अनेक अधिकार मिले हैं।



इस अवसर पर बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी। एसडीएम राकेश शर्मा ने अच्छी प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा सर्टिफिकेट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा नादौन ब्लॉक की 12 पंचायतों को अच्छा कार्य करने के लिए एसडीएम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय नादौन के प्रिंसिपल एसडी लखनपाल, तहसीलदार रोहित कंवर, तहसीलदार गलोड़ केश्व कुमार, नायब तहसीलदार नादौन वेद प्रकाश, बीडीओ नादौन निशांत शर्मा, एसएचओ निर्मल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं, डीएवी भड़ोली में प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा व भगवती स्कूल जलाड़ी में प्रिंसिपल आरती कटोच ने तिरंगा फहराया।

### संस्था के कैंप में 112 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में हेल्पिंग हैंड संस्था ने ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। हेल्पिंग हैंड संस्था के संस्थापक गोल्डी राजपूत ने बताया कि संस्था द्वारा यह पांचवां ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी, 2021 को पहला ब्लड डोनेशन कैंप सुजानपुर में लगाया गया था। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा अब तक करीब 900 यूनिट रक्त एकत्रित करवाया जा चुका है, जिसे जरूरतमंदों द्वारा इस्तेमाल किया गया है।

उन्होंने बताया कि रविवार को लगाए गए रक्तदान शिविर में 112 लोगों ने रक्तदान दिया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष संस्था द्वारा 26 जनवरी के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सैनिक स्कूल सुजानपुर की प्रिंसिपल ग्रुप कैप्टन रचना जोशी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। इस अवसर पर रक्त वीरों और रक्त वीरांगनाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## दिव्यांगजनों की प्रेरणा बने राजन कुमार को किया सम्मानित



राजन कुमार को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले की भगेटू पंचायत के निवासी और हिमाचल प्रदेश व्हील चेयर क्रिकेट टीम के संयोजक राजन कुमार को 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्हें सम्मानित पत्र और मोमेंटो भेंटकर उनके अद्धितीय योगदान और सेवा भावना का अभिनंदन किया गया। राजन कुमार, जो वर्ष 2002 में एक दुर्घटना के कारण स्पाइनल इंजरी से ग्रसित हो गए थे, आज अपनी दिव्यांगता को मात देकर समाज के लिए प्रेरणा का स्तंभ बन चुके हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में व्हील चेयर क्रिकेट की शुरुआत कर न केवल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई, बल्कि समाज में उनका स्थान सुदृढ़ किया। उनके प्रयासों ने न केवल राज्य, बल्कि देशभर में दिव्यांगजनों को हौसला और आत्मविश्वास प्रदान किया है। इस अवसर पर राजन कुमार ने सम्मान प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन और कार्यक्रम के सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट किया।

## पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के साथ विधायक आशीष शर्मा व अन्य गणमान्य।

76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और ग्राम सुधार सभा चमनेड़ की ओर से बाबा बिल्केश्वर महादेव की नगरी चमनेड़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सेना मेडल कैप्टन कलेशर शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक सेवा परिषद इकाई हमीरपुर के अध्यक्ष मेजर रमेश चंद वर्मा ने की, जबकि विधायक सदर आशीष शर्मा और समाजसेवी प्रकाश चंद शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। समारोह में इलाके व परिषद के करीब 500 पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को विधायक आशीष शर्मा व प्रकाश चंद शर्मा की ओर से सम्मानित किया गया।

वहीं, पूर्व सैनिक सेवा परिषद व मंदिर कमेटी ने भी उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज का दिन उन्हें पूर्व सैनिकों, वीर नारियों के बीच व्यतीत करने का अवसर प्राप्त हुआ और सभी का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। आप सभी पूर्व सैनिकों और कार्यरत सैनिकों की सेवा से ही आज देश पूरी तरह से सुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी पूर्व सैनिक अपने कर्तव्य को नहीं भूलता है और किसी न किसी माध्यम से अपने समाज और देश के उत्थान के लिए लगा रहता है। उन्होंने कहा कि जिन वीर नारियों ने अपने सुहाग देश सेवा में बलिदान दिए हैं, उनके चरणों में भी कोटि-कोटि नमन करता हूं। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रकाश चंद शर्मा ने कारगिल युद्ध में हमारे देश के वीर जवानों के योगदान पर अपना संबोधन दिया व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष मेजर रमेश वर्मा ने परिषद के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी सभी के समक्ष रखी।

मंदिर कमेटी के मुख्य सलाहकार दुर्गादास शर्मा ने मंदिर के कार्यक्रमों व गणतंत्र दिवस पर अपना संबोधन दिया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान सुरेश बबली, सचिव अनिल शर्मा, विधायक आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति जार सहित पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारी व सदस्य, मंदिर कमेटी के सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में ज्ञान शील स्कूल घुमारी के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

**रोष** बिजली बोर्ड में समाप्त किए जा रहे विभिन्न श्रेणियों के पदों का किया विरोध

## युक्तिकरण प्रक्रिया तुरंत हो बंद : यूनियन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



बिजली बोर्ड इंप्लाइज , इंजीनियर्स व पेंशनर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बिजली बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर्स व पेंशनर्स की संयुक्त बैठक बिजली विश्रामगृह अणू में संपन्न हुई, जिसमें बिजली बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा, गेज्यूट इंजीनियर के अध्यक्ष दीपक चौहान, डिप्लोमा इंजीनियर्स से सुनील कुमार, बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोशिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ढटवालिया के अलावा उपरोक्त सभी संगठनों के जिला व यूनिटों के प्रधान, सचिवों ने हिस्सा लिया।

बैठक में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने बिजली बोर्ड लिमिटिड में युक्तिकरण के नाम पर समाप्त किए जा रहे विभिन्न श्रेणियों के पदों का पुरजोर विरोध किया गया और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से युक्तिकरण प्रक्रिया को तुरंत बंद करने का और हजारों रिक्त पड़े पदों को नई भर्ती प्रक्रिया माध्यम से भरने की मांग की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि युक्तिकरण प्रक्रिया जहां बिजली बोर्ड लिमिटेड की कार्यप्रणाली को तहस-नहस करेगी, वहीं पदोन्नति के अवसर पर बुरी तरह से प्रभावित होंगे। सभी प्रतिनिधियों ने बिजली बोर्ड लिमिटेड की संपत्तियों को हस्तातंरण न करने व सन् 2010 में बिजली बोर्ड इंप्लाइज व इंजीनियर्स के ज्वाइंट फ्रंट व हिमाचल सरकार व बोर्ड प्रबंधन के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का सम्मान करने का आग्रह किया।

बिजली बोर्ड लिमिटिड में चल रही स्मार्ट मीटरिंग को बिजली बोर्ड व उपभोक्ता विरोधी बताते हुए तुरंत बंद करने की मांग की गई और पिछले लगभग 2 वर्षों से कर्मचारियों व पेंशनरों के लंबित पड़े वित्तिय लाभों को अतिशीघ्र जारी करने की मांग की गई और बिजली बोर्ड लिमिटिड में अतिशीघ्र पुरानी पैंशन बहाली और आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने की गुहार लगाई है।

बैठक में आम सहमति के साथ प्रदेश स्तर पर गठित की गई संयुक्त संघर्ष समिति के फैसले के अनुसार युक्तिकरण के विरोध में पेंशनर्स व कर्मचारियों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के पक्ष में प्रदेश स्तर पर शुरू किए जा रहे महापंचायतों के आयोजन के अभियान की शुरूआत जिला हमीरपुर से करने का समर्थन किया गया और निर्णय लिया गया कि प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा हमीरपुर में महापंचायत करने का जो भी दिन तय किया जाएगा, उस दिन सफल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जिला स्तर पर संयुक्त संघर्ष समिति का गठन भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

## सांसद खेल महाकुंभ मंच का लाभ उठाकर प्रतिभा दिखाएं युवा : अत्री



क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से मिलते नरेंद्र अत्री।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सांसद खेल महाकुंभ के रूप में एक मंच हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के युवाओं को दिया है, जिसमें वे अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यह बात भाजपा प्रदेश सचिव एवं भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने सांसद खेल महाकुंभ 3 का एनआईटी, हमीरपुर खेल मैदान में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र क्रिकेट मुकाबलों के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि कही।

इस अवसर पर नरेंद्र अत्री ने कहा कि आज युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं, अतः युवा, सांसद खेल महाकुंभ जैसे प्रतिष्ठित मंच का लाभ उठाते हुए कड़ी मेहनत व अभ्यास के साथ अपनी प्रतिभा दिखाएं व आगे बढ़ें।

इससे पहले मुख्य अतिथि नरेंद्र अत्री व विशिष्ट अतिथि नरेश राणा का सांसद खेल महाकुंभ जिला संयोजक कपिल मोहन शामा, मंडल संयोजक दीक्षित गौतम, कंवल जीत चंदेल, अभिषेक मिश्रा, रवि दीवान, अश्वनी कुमार व सांसद खेल महाकुंभ आयोजन कमेटी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में हमीरपुर विधानसभा की कुल 33 टीमें भाग ले रही हैं।

# राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए बनेगी नई नीति : मुख्यमंत्री

## सीएम सुक्खू ने राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले राज्य के खिलाड़ियों को दीं शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए नई नीति लाएगी। उन्होंने यह बात उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने जा रहे राज्य के खिलाड़ियों के दल को संबोधित करते हुए कही। राज्य का 200 सदस्यीय दल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेगा।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। जिला स्तर पर बुनियादी खेल ढांचे का विकास किया जा रहा है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि तीन करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ कर दी गई है। रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ के स्थान पर 3 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं के लिए यह राशि एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ की गई है।

एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 50 लाख रुपए से बढ़ाकर चार करोड़ कर दी गई है। रजत पदक विजेताओं को अब 30 लाख रुपए के स्थान पर 2.5 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपए के स्थान पर 1.5 करोड़ मिलेंगे, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को 50 लाख के स्थान पर तीन करोड़, रजत पदक विजेताओं को 30 लाख के स्थान पर दो करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख के स्थान पर एक करोड़ प्रदान किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के कल्याण की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि उनका भी खेल से जुड़ाव रहा है और खिलाड़ियों की जरूरतों को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ से मनाली का सफर होगा महंगा, शुरू हुआ टकोली टोल



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** चंडीगढ़ से मनाली का सफर एक बार फिर मंहगा हुआ है। चंडीगढ़ - मनाली सड़क पर गडामौरा के बाद दूसरा महंगा टकोली टोल प्लाजा 27 जनवरी से फिर चालू कर दिया गया है। वहीं जल्द ही डोहलूनाला टोल बैरियर को भी शुरू करने की खबर है। दोनों बैरियर को वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के बाद बंद कर दिया गया था। अब करीब 18 महीने बाद टकोली का टोल बैरियर शुरू किया गया है। मंडी से पंडोह व पड़ोह से औट तक फोरलेन निर्माण कार्य अभी कई जगह अधूरा है। मंडी से पंडोह के बीच जहां अभी निर्माण कार्य जारी ह, वहीं पंडोह नवोदय स्कूल से कैंची मोड़ तक सड़क निर्माण का कार्य अभी तक शुरू ही नहीं हो पाया है। औट के संदली मोड़ से थलौट तक सड़क मार्ग अभी एक तरफा ही है। वहां थलौट गांव में आई दरारों के बाद फोरलेन की दूसरी लाईन त्यार नहीं हो पाई है। थलौट व पनारसा के व्यास में बहे फोरलेन के हिस्सों पर डंगों का काम भी अभी अधूरा ही है। कुल्लू के गेमन पुल से मनाली तक कई जगहों पर सड़कों का काम पूरी तरह ठप पड़ा है। रायसन में एक तरफ सड़क अभी भी पूरी तरह धंसी हुई है। कई जगह पर डबल लैन से रोड सिंगल लेन है। टोल प्लाजा संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजगीर महंत ने बताया कि डोहलूनाला के टोल वैरियर को बंद करने के लिए समिति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी दिया है। लिखा है कि जब तक कुल्लू व मनाली के बीच सड़कों की हालत में सुधार नहीं होगा, टोल बैरियर को बंद रखा जाएगा । राजगीर महंत ने बताया कि डोहलूनाला टोल वैरियर से टकोली टोल प्लाजा की दूरी लगभग 48 किलो मीटर है। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के बयान के मुताबिक टोल प्लाजा 60 किलो मीटर के बीच नहीं हो सकता है । कुल्लू मनाली के स्थानीय लोगों ने भी डोहलू नाला टोल प्लाजा का कई बार विरोध जताया है।

### कांग्रेस को केंद्र सरकार से क्या मिला इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि हर आम बजट में केंद्र सरकार ने हमेशा हिमाचल प्रदेश का पूरा ध्यान रखा है। कांग्रेस पार्टी को केंद्र से क्या मिला इसकी चिंता छोड़ प्रदेश के विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम पिछला बजट में देखें तो हिमाचल सरकार को पिछले साल केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली विभिन्न ग्रांट की राशि 23,413 करोड़ रुपए के आसपास थी, जो कि कम नहीं होती। पर कांग्रेस सरकार को बताना चाहिए कि उस पैसा का क्या उपयोग हुआ है। केंद्र सरकार ने एम्स बिलासपुर रिकॉर्ड समय में शुरू किया और 1471 करोड़ की लागत से एम्स को 247 एकड़ (99.96 हेक्टेयर) भूमि में स्थापित किया गया, देहरा में सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बिलासपुर में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, कुल 6 नए केन्द्रीय विद्यालयों के निर्माण को मंजूरी दी गई थी। नादौन और सलोह में केंद्रीय विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य पूरा हुआ। हमीरपुर के जोल सप्पड़ में मेडिकल कॉलेज , ऊना में पीजीआई सैटेलाइट केंद्र का निर्माण हुआ। मेडिकल कॉलेज नहान भवन की स्वीकृत राशि 370 करोड़, रेणुका बिजली डैम की स्वीकृत 6946.99 करोड़ केंद्र सरकार से मिले पर कांग्रेस सरकार ने इन कार्य को रोकने का प्रयास किया।

### केंद्रीय मंत्री से मिला हिमाचल भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल आज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवराज बोध के नेतृत्व में केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुआल ओराम से नई दिल्ली में मिला और हिमाचल की परियोजनाओं के लिए केंद्रीय मदद का अनुरोध किया।

### पुलिस से बचने के लिए युवक ने निगल लिया चिट्टा, एम्स में भर्ती

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** थाना बड़सर के तहत पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान राहुल कुमार निवासी गांव संतला डा.खा. निहरी तहसील रक्कड़ जिला कांगड़ा के कब्जा से एक इलेक्ट्रॉनिक तराजु व 10,000 रुपए की नकद राशि बरामद की। पुलिस ने युवक की तलाशी ले रही थी उसने अपने थैले से एक पारदर्शी लिफाफा निकाला, जिसे उसने एकदम से निगल लिया व निगलने के उपरान्त उक्त व्यक्ति ने बताया कि उसने जो पदार्थ लिफाफे सहित निगला है, वह हेरोइन (चिट्टा) थी। अभी वह वर्तमान में एम्स बिलासपुर में उपचाराधीन है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल कुमार बार-बार नशीले व मादक पदार्थों के अवैध कारोबार करने के अपराधों का संलिप्त है। इसके विरुद्ध थाना बड़सर में इससे पहले भी 2.88 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा 9 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई थी। इन दोनों अभियोगों में चालान तैयार करके माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके है जो कि माननीय न्यायालय में विचाराधीन हैं। इस बारे में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करके एनडीपीएस अधिनियम के मामला दर्ज किया गया है।

## राजभवन में 'ऐट होम'



शिमला। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज राजभवन में 'ऐट होम' का आयोजन किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र नेगी, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया आदि उपस्थित थे।

## सत्ती के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना को नगर निगम बनाए जाने से चिन्हित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय में विधायक सतपाल सत्ती के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

सतपाल सत्ती के नेतृत्व में उन्होंने डीसी के माध्यम से सरकार को चेतावनी भरा ज्ञापन भी सौंपा। सतपाल सत्ती ने कहा कि वे मामले को सरकार के समक्ष रखेंगे अगर उनको नहीं सुना गया और मामले का हल नहीं किया तो प्रदर्शन तेज किए जाएंगे।

अगर नगर निगम बनाया जाना इतना ही जरुरी है तो ग्राम पंचायतों और नगर परिषद के पार्षदों, बीडीसी तथा जिला परिषद की शक्तियां बहाल रखी जाएं।

## सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता है कि गांवों में डॉक्टरों की पर्याप्त उपलब्धता हो, जिससे लोगों को घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

उपमुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से भी आग्रह किया कि वे ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए अपना योगदान दें ताकि जनसामान्य को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। यह बात उन्होंने सोमवार को सिविल अस्पताल हरोली में करीब 50 लाख रुपए की लागत से स्थापित अत्याधुनिक एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीनों के लोकार्पण के अवसर पर आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने बताया कि हरोली अस्पताल को 50 से 100 बेड का अस्पताल किया गया है और यहां 13 डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा, अस्पताल के नए भवन के निर्माण पर लगभग 8.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल को स्वर्गीय प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के नाम पर एक अत्याधुनिक एंबुलेंस देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने पूर्णतः स्वसंचालित एनालाइजर और सेल काउंटर स्थापित करने की भी घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए उदारतापूर्वक फंडिंग कर रही है। ऊना जिले के मलाहत में पीजीआई सैटेलाइट सेंटर और विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के विकास कार्यों के लिए पूरी मदद की जा रही है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में शामिल है।

## नड्डा परिवार संग पहुंचे श्री नयना देवी जी

### केंद्रीय मंत्री पौत्र पृथ्वी प्रकाश नड्डा के मुंडन संस्कार में रहे मौजूद

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**



हिमाचल प्रदेश के मशहूर शक्तिपीठ श्री नैना देवी जी में सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने परिवार सहित पूजा अर्चना की। जेपी नड्डा अपने पौत्र पृथ्वी प्रकाश नड्डा के मुंडन संस्कार के उपलक्ष्य पर माता जी के दरबार में आए थे। पौत्र के मुंडन संस्कार के साथ-साथ उन्होंने पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ कन्या पूजन और ब्राह्मण पूजन भी मंदिर में किया।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा जब मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे थे, तो उन्होंने अपने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि वह श्रद्धालुओं को रोके नहीं और उनकों दर्शन करवाते रहे ताकि श्रद्धालु परेशान न हो। माता जी के दर्शन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए नड्डा की पत्नी डॉक्टर मल्लिका नड्डा ने बताया कि आज पूरा परिवार माता जी के दरबार में नतमस्तक होने के लिए आया था। पौत्र के मुंडन संस्कार पूर्ण करने के लिए यह सारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

जेपी नड्डा के पुत्र हरीश नड्डा ने बताया कि भाजपा निश्चित रूप से इस बार दिल्ली में अपना परचम लहराएगी। माता श्री नैना देवी जी की जयंती के उपलक्ष्य पर मंदिर के क्षेत्र में लगे भंडारों का भी हरीश नड्डा ने निरीक्षण किया और भंडारों का स्वाद भी चखा।

मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल और मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने उन्हें माता की चुनरी और फोटो भेंट की।

इस मौके पर विधायक रणधीर शर्मा, विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ,भाजपा कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष शर्मा, भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## शिमला में नशे में दोस्त के पेट में घोंपा चाकू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में गणतंत्र दिवस की रात एक व्यक्ति ने अपने ही दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना शिमला के रोहड़ू के बुथली बाजार के पास की है, जहां 4 दोस्त एक साथ शराब पी रहे थे। इस दौरान दो में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और यह कहासुनी हाथापाई में बदल गई और एक ने दूसरे को चाकू घोंप दिया। पुलिस के अनुसार 26 जनवरी की रात करीब 9:30 बजे राजीव अपने दोस्तों यशवंत, बालकृष्ण शर्मा, विक्की और कुशल सम्राट के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान कुशल सम्राट व राजीव के बीच किसी कहासुनी में बदल गई। शिकायतकर्ता राजीव के अनुसार कुशाल सम्राट ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, जिससे दोनों में बहस हो गई। जब राजीव वहां से जाने लगा, तो कुशल ने उसका रास्ता रोक लिया और चाकू से हमला कर दिया।

## आओ लौटें सरकारी स्कूलों की ओर...




शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा विभाग की झांकी ने अपनी अलग पहचान बनाई। समग्र शिक्षा हिमाचल द्वारा तैयार 'आओ लौटें सरकारी स्कूलों की ओर' का संदेश देती इस झांकी ने राज्य के सरकारी स्कूलों में हो रहे सकारात्मक बदलावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

## मनाली के सक्षम ने जीता यंगेस्ट मैप जीनियस ऑफ इंडिया का खिताब

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली के पांच साल के सक्षम ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और असाधारण उपलब्धियों से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। मात्र 5 महीने की उम्र में किताबें पकड़ने से लेकर 4 राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले सक्षम ने पूरी दुनिया को अपनी प्रतिभा से चौंका दिया है। इस बार सक्षम ने गूगल मैप पर रिकॉर्ड बनाया है। यंगेस्ट मैप जीनियस ऑफ इंडिया का खिताब पाया है।

सक्षम दुनिया के किसी भी देश को नक्शे पर मात्र 5 से 10 सेकंड में ढूंढ सकता हैं। उनकी इस प्रतिभा ने भूगोल के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।

बच्चे आमतौर पर इस उम्र में दुनिया के कुछ ही देशों के नाम जानते हैं, लेकिन सक्षम ने इस आयु में नक्शे के जटिल स्वरूप को इतनी बारीकी से समझ लिया है कि बड़े-बड़े विद्वान भी उनकी तारीफ करते नहीं थकते। सक्षम की इस प्रतिभा के आंकलन की पुष्टि जिलाधीश कुल्लू तोरुल एस रविश ने की। मनाली विंटर कार्निवाल के दौरान इस होनहार बच्चे से मिलकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने कहा कि सक्षम ने देशभर में हिमाचल का नाम रोशन किया है। इस प्रकार के बच्चे देश का गर्व होते है। प्रदेश सरकार भी इस बच्चे को सम्मानित करेगी।

सक्षम की उपलब्धि हमें यह सिखाती है कि किसी भी उम्र में सीखने और आगे बढ़ने की कोई सीमा नहीं है। उनकी उपलब्धियां न केवल बच्चों के लिए, बल्कि माता-पिता और शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा हैं।

## 6 छात्रों ने सुपर-100 में जगह बना चमकाया प्रदेश का नाम

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**



भारत सरकार के रक्षा तथा शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में वीरगाथा परियोजना में हिमाचल से 6 छात्रों (तीन लड़के, तीन लड़कियां) ने शामिल होकर हिमाचल का नाम रोशन किया है।

इनमें जिला मंडी से एंजेल पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में 8वीं कक्षा की अक्षिता और राजकीय प्राथमिक पाठशाला थमारी में चौथी कक्षा की छात्रा हर्षिता भी शामिल है। इसके अलावा जिला शिमला से तीन विद्यार्थी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोग में 12वीं कक्षा की ओजस, कन्वेंट आफ जीजस एंड मैरी स्कूल में 8वीं कक्षा के रोहीन, दयानंद पब्लिक स्कूल में 5वी कक्षा के वंशित और जिला सोलन के सेंट ल्यूक्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में 10वीं कक्षा के शुभम ने वीरगाथा परियोजना में गणतंत्र दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों सम्मानित हुए। बता दें कि इन इच्छा होनहारों ने सुपर-100 में अपनी जगह बनाई। यह परियोजना वीरता पुरस्कार विजेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## बडैहर गांव में मकान व गोशाला के जलने से 6 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



उपमंडल भोरंज के गांव बडैहर निवासी प्रकाश चंद पुत्र लेख राम के कच्चा व पक्का 2 मंजिला मकान व गोशाला में दोपहर के समय आग लगने से लगभग 6 लाख रूपए का नुकसान हो गया। ग्राम पंचायत बडैहर के प्रधान वीरेंद्र पाल शर्मा ने बताया कि मकान में आग उस समय लगी जब घर पर कोई मौजूद नहीं था।

आग सुबह 11 बजे के आसपास लगी। घर के सभी सदस्य गांव में किसी व्यक्ति की मौत हुई थी. वे वहां गए थे। जब घर से धुंएं के लपटें निकलने लगी आसपास के घर के लोगों ने शोर मचाया। शोर मचाने पर गांव के लोगों के द्वारा मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया तो उस समय तक कमरे में लगे फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन, अलमारी, बैड, खाने का सामान, बर्तन, कपड़े व अन्य समान जलकर राख हो गए था। हालांकि मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी सड़क न होने की बजह से घर तक नहीं पहुंच पाई, जिस कारण आग पर काबू पाने में देरी हुई।

प्रकाश चंद ने बताया कि मकान में आग सुबह 11 बजे के आसपास लगी। घर में कोई भी सदस्य नहीं था। लोगों के द्वारा घर में आग लगने की सूचना मुझे फोन पर दी गई परंतु जब तक हम लोग घर में पहुंचे लोगों के साथ आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी व फायर ब्रिगेड को भी घटना कि सूचना दी। ग्राम पंचायत बडैहर के प्रधान वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पटवारी को दे दी गई है। आग से लगभग 6 लाख का नुक्सान होने का अनुमान है।

वहीं पटवारी हल्का बडैहर अमन शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का आकलन कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया है व पीड़ित परिवार को फौरी राहत के तौर पर 10 हजार रुपए की

## उपलब्धि

### घुमारवीं के किसान ने गर्म जलवायु में सेब उगाकर रचा था इतिहास

# हरिमन को पद्मश्री देने की घोषणा पर चहुंओर खुशी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 139 शख्सियतों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा इन 139 शख्सियतों में से जिनमें 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण व 113 पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किए जाएंगे।

वहीं देशभर से चयनित 113 पदम श्री अवार्ड के लिए चयनित लोगों में से हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला के घुमारवीं से संबंध रखने वाले सेब सम्राट हरिमन शर्मा को भी बागवानी के क्षेत्र में नवीन प्रयोग करने पर पद्मश्री सम्मान का ऐलान हुआ है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को जब हरिमन शर्मा तक ये सूचना पहुंची तो उनके परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

गौरतलब है कि हरिमन शर्मा को सेब सम्राट के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें बागवानी में नए-नए प्रयोग करने के लिए राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं। वहीं अब इन ईनामों की कड़ी में पद्मश्री सम्मान भी जुड़ गया है।

बिलासपुर जिला के घुमारवीं उपमंडल के तहत पनियाला गांव के रहने वाले हरिमन शर्मा की सफलता की कहानी की बात की जाए तो उन्होंने ठंडे व बर्फीले प्रदेशों में ही सेब की पैदावार होने की सोच को गलत साबित करते हुए सेब की एक ऐसी वैराइटी विकसित की है कि अब उसके फल हरियाणा, राजस्थान सहित 27 राज्यों में पैदा हो रहे हैं, साथ ही 46 डिग्री सेंटीग्रेड तक गर्म तापमान वाले इलाकों में भी सेब की पैदावार करने में सफलता हासिल की है। वहीं एक दशक में देश के 29 राज्यों में-99 वैराइटी के पौधे लगाए जा चुके हैं। हरिमन शर्मा की इस उपलब्धि को देखते हुए उन्हें 18 राष्ट्रीय अवार्ड, 15 राज्यस्तरीय अवार्ड व 7 अन्य अवार्ड भी मिल चुके हैं। वहीं हरिमन शर्मा ने कहा कि वे बिलासपुर क्षेत्र से जुड़े जब आम के पेड़ों पर अत्याधिक कोहरा पड़ने के कारण फसल बर्बाद हो गई तो उन्होंने सेब के पौधे लगाने का एक विकल्प तलाशा व सबसे पहले एक बीज से सेब का पौधा तैयार किया और उसे पलम पर मल्टीप्लाई किया।

अपने इस आविष्कार को साकार होता देख हरिमन शर्मा ने सेब की ग्राफ्टिंग की, जिसके बाद सेब का फल लगना शुरू हो गया। सात सालों की कड़ी मेहनत के बाद हरिमन को सन् 2007 में पूर्ण सफलता हासिल हुई। गौरतलब है कि हरिमन शर्मा द्वारा तैयार यह सेब का पौधा 40 से 45 डिग्री सेल्सियस वाले गर्म इलाकों में सरवाइव कर सकता है और ऊंचे बर्फीले पहाड़ी इलाकों की तर्ज पर ही सेब का फसल दे सकता है।

वहीं हरिमन शर्मा ने अपनी इस खोज को -99 के नाम से वर्ष 2021 में भारत सरकार की तरफ से दर्जा प्राप्त कर पेटेंट भी करवाया है और देशभर में इन सेब के पौधों की काफी डिमांड है। वहीं प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा द्वारा तैयार किया गया -99 सेब का 7 हजार पौधा ओमान भेजा गया है। वहीं पदमश्री अवार्ड 2025 की लिस्ट में शामिल होने पर हरिमन शर्मा व उनके परिजनों में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वहीं हरिमन शर्मा ने पदमश्री में नाम चयन होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए बागवानी के क्षेत्र में आगे भी लागातर इसी तरह काम करने की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम् ॥ सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति। वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते ॥

**अर्जुन बोले**– हे कृष्ण ! युद्धक्षेत्रमें डटे हुए युद्धके अभिलाषी इस स्वजनसमुदायको देखकर मेरे अङ्ग शिथिल हुए जा रहे हैं और मुख सूखा जा रहा है तथा मेरे शरीरमें कम्प एवं रोमांच हो रहा है ॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 28 जनवरी 2025



# भगवान शिव के त्रिशूल पर टिकी है बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी

## मंदिर के शीर्ष पर छत्र के दर्शन से होती हैं इच्छाएं पूरी, प्रभु स्वयं रुके थे यहां

उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर वाराणसी में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्राचीन मंदिरों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक यह मंदिर पवित्र गंगा नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। यह एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है, जहां भक्त आशीर्वाद और मोक्ष की कामना करने आते हैं और अभिभूत हो उठते है। वाराणसी को बनारस या काशी भी कहा जाता है। यहां भगवान विश्वनाथ गंगा तट पर विराजे हैं। काशी की कल्पना विश्वनाथ के बिना नहीं की जा सकती है। समय के प्रारंभ से ही इसका महत्वपूर्ण इतिहास रहा है। यहां स्थित काल भैरव मंदिर को इस क्षेत्र का द्वारपाल काहा जाता है। मंदिर के शीर्ष पर आप एक सुनहरा छत्र है, जिसकी आकर्षक वास्तुकला देखने लायक होती है। ऐसा माना जाता है कि छत्र के दर्शन करने से आपकी हर मनोकामना पूरी होती है। छत्र को मंदिर के समान ही पवित्र माना जाता है।

## दैनिक अनुष्ठान और आरती

काशी विश्वनाथ मंदिर सुबह जल्दी खुलता है और देर शाम तक खुला रहता है। विश्वनाथ मंदिर की आरतियां विशेष आकर्षण का केंद्र होती हैं। लोक मान्यताओं के अनुसार सप्तऋषि आरती जो कि संध्या काल में होती है इस आरती में स्वयं सप्तऋषि हर शाम शामिल होते है।

| आरती | समय |
|---|---|
| मंगल आरती | सुबह 3 से 4 बजे तक |
| भोग आरती | सुबह 11:15 से दोपहर 12:20 तक |
| सप्त ऋषि आरती | शाम 7:00 से 8:15 बजे तक |
| श्रृंगार आरती | रात 9:00 से 10:15 बजे तक |
| शयन आरती | रात 10:30 से 11:00 बजे तक |

## काशी वो जगह जहां पड़ी थी सूर्य की पहली किरण



**माना** जाता है कि पृथ्वी के निर्माण के दौरान सूर्य की पहली किरण काशी यानी वाराणसी पर पड़ी थी। भगवान शिव को स्वयं इस शहर और यहां रहने वाले लोगों के संरक्षक के रूप में जाना जाता है, क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि भगवान स्वयं कुछ समय के लिए मंदिर में रहे थे। उनकी मर्जी के बिना ग्रह भी अपनी मर्जी से काम नहीं कर सकते। इसलिए काशी को शिव की नगरी के नाम से जाना जाता है।

## मंदिर के रोचक तथ्य

- काशी विश्वनाथ बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जहां भगवान शिव को विश्वनाथ रूप में पूजा जाता है।
- वरुना और अशी नदियों के कारण नगर का नाम वाराणसी पड़ा। यहां पर ये नदियां गंगा में मिलती है।
- मंदिर की वास्तुकला जटिल डिजाइन और शिल्प कौशल का एक अद्भुत मिश्रण है।
- 800 किलो सोने से सजी स्वर्ण शिखर और मंदिर की अलंकृत नक्काशी इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का प्रमाण है।
- मंदिर की गंगा और वाराणसी के प्रसिद्ध घाटों, जैसे दशाश्वमेध और मणिकर्णिका से निकटता, इसकी आध्यात्मिक आभा को बढ़ाती है। ये घाट अनुष्ठान, प्रार्थना और प्रसिद्ध गंगा आरती के लिए प्रसिद्ध हैं।
- काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास के साथ मंदिर में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ। इस परियोजना ने मंदिर की पहुंच और सुविधाओं को बढ़ाया है, जिससे भक्तों को एक सहज अनुभव मिलता है।
- वाराणसी, जिसे अक्सर सिटी ऑफ लाइट्स कहा जाता है, दुनियाभर से विद्वानों, संतों और साधकों को आकर्षित करता है।
- कबीर का जन्म भी काशी में हुआ था। अस्सी घाट पर गोस्वामी तुलसीदास जैसे भक्त कवि ने अपनी कालजयी रचना रामचरितमानस की रचना की।

## इतिहास और महत्व

**विश्व** की सबसे प्राचीन नगरी काशी भगवान शिव की नगरी है। विश्वनाथ मंदिर का इतिहास पौराणिक है, जिसका उल्लेख पुराणों, शास्त्रों में मिलता है। माना जाता है कि मंदिर की मूल संरचना का निर्माण 11वीं शताब्दी में राजा हरि चंद्र ने करवाया था। मंदिर को कई आक्रमणों का सामना करना पड़ा। इसे विभिन्न शासकों द्वारा कई बार ध्वस्त और पुनर्निर्मित किया गया। वर्तमान संरचना का निर्माण मराठा रानी अहिल्याबाई होल्कर ने 1780 में करवाया था। ऐसा माना जाता है कि रानी के सपने में भगवान शिव प्रकट हुए थे। रानी ने मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया। मंदिर के स्वर्ण शिखर और गुंबद को बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने 1839 में बनवाया था।

## बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक



**काशी** विश्वनाथ मंदिर बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जो इसे शिव भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल बनाता है। मंदिर परिसर में अन्य देवताओं को समर्पित कई छोटे मंदिर शामिल हैं। मुख्य देवता, विश्वनाथ या विश्वेश्वर, 'ब्रह्मांड के भगवान' हैं। तीर्थयात्रियों का मानना है कि इस मंदिर की यात्रा बाबा विश्वनाथ के दर्शन और गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति के पाप धुल जाते हैं और वह जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है।

## आक्रमण से बचने के लिए छुपा दिया गया था शिवलिंग

**ऐसा** कहा जाता है कि जब औरंगजेब द्वारा विनाश की खबर पंडित के कानों में पड़ी तो उन्होंने शिवलिंग को छिपाने और आक्रमण से बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी। मंदिर और मस्जिद के अवशेषों के बीच अभी भी कुआं पाया जा सकता है। इस कुएं को ज्ञानवापी यानी ज्ञान के कुएं के नाम से जाना जाता है।

## मंदिर के बाहर शनि देव के मंदिर बनने का कारण

**शनि** देव को भगवान शिव की तलाश में काशी में प्रवेश करना था, लेकिन उन्हें मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी, इसलिए उन्हें शिव की तलाश में मंदिर के बाहर साढ़े सात साल तक रहना पड़ा। यही कारण है कि काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर आपको शनिदेव का मंदिर देखने को मिल जाएगा।





## कैसे पहुंचें

वाराणसी हवाई, रेल और सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है, जिससे तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए यहां आना आसान है। वाराणसी का निकटतम हवाई अड्डा लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो मंदिर से लगभग 26 किलोमीटर दूर स्थित है। नियमित उड़ानें वाराणसी को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ती हैं।

*वाराणसी जंक्शन और मंडुआडीह रेलवे स्टेशन प्राथमिक रेलवे स्टेशन हैं, जहां देश भर से ट्रेनें आती हैं। वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य सड़कों के नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। इलाहाबाद, लखनऊ और पटना जैसे आस-पास के शहरों से नियमित बसें और टैक्सियां उपलब्ध हैं।*

# महाकुंभ संसार भर का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन

## महाकुंभ का आयोजन होता 11 कुंभ के बाद

### 26 फरवरी 2025 तक गंगा, यमुना सरस्वती व शिप्रा नदी के संगम प्रयागराज में हो रहा आयोजन


- समुद्र मंथन की घटना को कुंभ है दिलाता याद
- गंगा, यमुना सरस्वती व शिप्रा का पवित्र संगम
- प्रयागराज वो तपोस्थली है जहां घटते दृश्य विहंगम

कुंभ का मेला 12 साल वर्ष बाद लगता है और 11 कुंभ के मेले संपूर्ण होने के पश्चात हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार एक महाकुंभ का मेला आयोजित होता है। यह लगभग 144 वर्ष पश्चात मनाया जाता है। इस वर्ष 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक यह मेला गंगा, जमुना सरस्वती व शिप्रा नदी के संगम प्रयागराज में मनाया जा रहा है इससे पूर्व यह मेला सन 1881 ईस्वी में मनाया गया था। इतिहास में कुंभ मेले की शुरुआत कब हुई, किसने की, इसकी किसी ग्रंथ में कोई प्रमाणिक बिलकुल सही जानकारी तो नहीं है, परंतु इसके बारे में जो प्राचीनतम वर्णन मिलता है वह सम्राट हर्षवर्धन के समय का है, जिसका वर्णन चीन के प्रसिद्ध तीर्थयात्री ह्वेनसांग द्वारा किया गया है। पुराणों के अनुसार ऐसा माना जाता है कि शंकराचार्य ने इसकी शुरुआत की थी और कुछ कथाओं के अनुसार कुंभ की शुरुआत समुद्र मंथन से ही हो गई थी। ऐसा कहा जाता है कि महर्षि दुर्वासा के श्राप के कारण जब इंद्र और देवता कमजोर पड़ गए, तब राक्षस ने देवताओं पर आक्रमण करके उन्हें परास्त कर दिया था। ऐसे में सब देवता मिलकर विष्णु भगवान के पास गए और सारा वृतांत सुनाया। तब भगवान ने देवताओं को दैत्यों के साथ मिलकर समुद्र यानी क्षीर सागर में मंथन करके अमृत निकालने को कहा। यह दूधसागर ब्रह्मांड के आकाशीय क्षेत्र में स्थित है। सारे देवता भगवान विष्णु जी के कहने पर दैत्यों से संधि करके अमृत निकालने के प्रयास में लग गए। जैसे ही समुद्र मंथन से अमृत निकला देवताओं के इशारे पर इंद्र का पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर उड़ गया। इस पर गुरु शंकराचार्य के कहने पर दैत्यों ने जयंत का पीछा किया और काफी परिश्रम करने के बाद दैत्यों ने जयंत को पकड़ लिया और अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव और राक्षसों में 12 दिन तक भयानक युद्ध चला रहा। ऐसा कहा जाता है कि इस युद्ध के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों पर अमृत कलश की कुछ बूंदे गिरी थीं, जिनमें से पहली बूंद प्रयाग में, दूसरी हरिद्वार में, तीसरी बूंद उज्जैन और चौथी नासिक में गिरी थी। इसीलिए इन्हीं चार जगहों पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। बता दें की देवताओं के 12 दिन, पृथ्वी पर 12 साल के बराबर होते हैं, इसलिए हर 12 साल में महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। महाकुंभ मेला केवल प्रयागराज में आयोजित किया जाता है। यह प्रत्येक 144 वर्षों में या 12 पूर्ण कुंभ मेले के बाद आता है। पूर्ण कुंभ मेला 12 साल बाद में आता है। मुख्य रूप से भारत में 4 कुंभ मेला स्थान यानि प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित किए जाते हैं। यह हर 12 साल में इन 4 स्थानों पर बारी-बारी आता है।

### हरिद्वार और प्रयागराज में होता है अर्द्धकुंभ मेला

*अर्द्धकुंभ मेला जिसका अर्थ है आधा कुंभ मेला जो भारत में हर 6 साल में केवल दो स्थानों हरिद्वार और प्रयागराज में आयोजित होता है। कुंभ मेला चार अलग-अलग स्थानों पर राज्य सरकारों द्वारा हर तीन साल में आयोजित किया जाता है। लाखों लोग आध्यात्मिक उत्साह के साथ भाग लेते हैं। माघ कुंभ मेले को मिनी कुंभ मेले के रूप में भी जाना जाता है, जो प्रतिवर्ष और केवल प्रयागराज में आयोजित किया जाता है। यह हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ के महीने में आयोजित किया जाता है। कुंभ मेले के बारे में कुछ रोचक तथ्य यह कि यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन है, जिसे 'धार्मिक तीर्थयात्रियों की दुनिया की सबसे बड़ी मंडली' के रूप में भी जाना जाता है। कुंभ मेले का पहला लिखित प्रमाण भागवत पुराण में उल्लिखित है। कुंभ मेले का एक अन्य लिखित प्रमाण चीनी यात्री ह्वेन त्सांग के कार्यों में उल्लिखित है, जो हर्षवर्धन के शासनकाल के दौरान 629-645 ईस्वी में भारत आया था। साथ ही, समुंद्र मंथन के बारे में भागवत पुराण, विष्णु पुराण, महाभारत और रामायण में भी उल्लेख किया गया है।*

### 'अमृत' कलश से है कुंभ का अर्थ



**कुंभ** मेला विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृति और धार्मिक मेला है। कुंभ मेला उन तिथियों पर लगता है जब अमृत पवित्र कलश से इन नदियों में गिरा था। हर साल, तिथियों की गणना बृहस्पति, सूर्य और चंद्रमा की राशि के पदों के संयोजन के अनुसार की जाती है। कुंभ का अर्थ है 'अमृत' कलश से। कुंभ मेला की कहानी उस समय की है जब देवता पृथ्वी पर निवास करते थे। वे ऋषि दुर्वासा के श्राप के कारण कमजोर हो गए थे और राक्षस पृथ्वी पर तबाही मचा रहे थे।



**सुभाष चंद कासव**
हिमाचल प्रदेश राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, लेखक, कवि एवं साहित्यकार

## महाकुंभ में अमृत स्नान का है विशेष महत्व

**पौराणिक** मान्यताओं के अनुसार, महाकुंभ के अमृत स्नान के समय जो भी श्रद्धालु गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इसलिए महाकुंभ में अमृत स्नान का विशेष महत्व है। भारत के उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक होने वाला यह विशेष महाकुंभ मेला 12 कुंभ मेला चक्रों के पूरा होने का प्रतीक है। इस प्रकार यह 144 वर्षों में एक बार होने वाला आयोजन है, इस तरह का पिछला आयोजन 1881 में हुआ था। **11 पूर्ण** कुंभ हो जाते हैं तब 12वें पूर्ण कुंभ को महाकुंभ कहा जाता है, जो 144 साल में एक बार लगता है। इसके चलते इसे 'भव्य कुंभ' भी कहा जाता है।

## कुंभ मेलाः सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर

**कुंभ मेले का पौराणिक महत्वः** कुंभ मेले की उत्पत्ति समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हुई मानी जाती है। मगर इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलता है। हिंदू धर्म-शास्त्रों के अनुसार जब देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन किया, तब अमृत के कलश से कुछ बूंदें पृथ्वी (प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक) पर गिरीं। अमृत गिरने के कारण इन स्थानों को धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाता है। वैसे ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार कुंभ मेला प्रयागराज में माघ मेले के नाम से मनाया जाता था। इस मेले को मुगल व अंग्रेज शासकों ने भी विशाल धार्मिक आयोजन के रूप में मनाना था। पहली बार इस मेले को कुंभ नाम अंग्रेजों द्वारा दिया गया था।



**रेखा चंदेल**
झंडूता बिलासपुर

**सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रह का है अहम रोलः** इस मेले का आयोजन भारतीय ज्योतिषी शास्त्रों के अनुसार होता है। इस मेले के आयोजन में सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रह का अहम रोल रहता है। धार्मिक दृष्टि से यह मेला अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र नदियों व संगमों में स्नान करना पवित्र माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र धार्मिक आयोजन में स्नान करने से आत्मा की शुद्धि और पापों का नाश होता है।

**कुंभ मेले के प्रमुख आकर्षणः** इस मेले का सबसे बड़ा आकर्षण पवित्र नदी में स्नान करना है। साधु-संतों की उपस्थिति और उनके विभिन्न अखाड़े इस मेले को अनोखा बनाते हैं। ये सभी अखाड़े विभिन्न धार्मिक पंथों और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा नागा और अघोरी साधु इस मेले के प्रमुख आकर्षण होते हैं।

**कुंभ की विशेषताएंः** आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र कुंभ मेला श्रद्धालुओं को आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति का अवसर प्रदान करता है। यह पवित्र धार्मिक पर्व मानव जीवन के आध्यात्मिक पहलुओं को जागृत करने का एक माध्यम है।

**सांस्कृतिक संगमः** इस मेले को देखने व डुबकी लगाने के लिए देश-विदेश के विभिन्न भागों से लोग आते हैं। इसे भाषा, परिधान और परंपराओं को जोड़ने का अद्भुत संगम माना जाता है।

**कुंभ मेला भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का एक अद्वितीय प्रतीक है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसमें भारतीय समाज की गहरी परंपराओं, मान्यताओं और सांस्कृतिक विविधताओं का प्रतिबिंब भी दिखाई देता है। कुंभ मेले का आयोजन चार प्रमुख स्थलों-प्रयागराज (इलाहाबाद), हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में होता है। इन चारों स्थानों पर अलग-अलग मेला आयोजित होता है। प्रयागराज में इस बार महाकुंभ आयोजित हो रहा है। महाकुंभ 144 वर्षों या 12 पूर्णकुंभ के बाद आता है। इसके अलावा प्रयागराज में हर बार साल बाद पूर्ण कुंभ और हर 6 साल में अर्द्धकुंभ आता है, जबकि हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में हर बार साल बाद पूर्ण कुंभ आयोजित होता है। इन चारों स्थलों के कुंभ मेले का एक-दूसरे से कोई संबंध नहीं दिखाई देता है। ऐतिहासिक दृष्टि से प्रयागराज के कुंभ को सबसे पुराना या पौराणिक माना जाता है। कुंभ मेले विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला माना जाता है। इस मेले में करोड़ों की संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु भाग लेते हैं।**



## न्यूज ब्रीफ

### युवती ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**अनंत ज्ञान, योल।** पुलिस चौकी योल के तहत एक युवती ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिसकी टांडा में मौत हो गई। मृतका की पहचान रिया देवी (22) पुत्री विवेक निवासी भटेच्छ शाहपुर के रूप में हुई है। वह शाहपुर में एक निजी संस्थान में शिक्षा पढ़ती थी। उसकी मां योल में किराए के मकान में रहती थी। वह यहां मां के पास आई थी कि रविवार देर शाम उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे धर्मशाला ले जाया गया। वहां से उसे टांडा अस्पताल में रैफर कर दिय, जिसकी सोमबार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### विस्तार बाहर से ही नहीं, अंदर से भी हो : सुदीक्षा



**अनंत ज्ञान, गगल।** विस्तार केवल बाहर से ही नहीं, अंदर से भी हो। हर कार्य करते हुए इस निरंकार प्रभु परमात्मा का एहसास किया जा सकता है, किंतु पहले इसकी पहचान होना जरूरी है। इसी को जानकर इंसान अपनी अंतर्मन को आध्यात्मिक आधार दे सकता है। ये उद्गार सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने महाराष्ट्र के 58वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के पहले दिन उपस्थित विशाल मानव परिवार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में आयोजित इस तीन दिवसीय संत समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित हुए और सतगुरु के दिव्य दर्शन एवं प्रवचनों का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### बच्चों का समग्र विकास शिक्षकों-अभिभावकों की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास की जिम्मेदारी अध्यापकों के अभिभावकों की भी है। यही बच्चे देश भविष्य हैं। आने वाले समय में यही बच्चे डॉक्टर , इंजीनियर, अधिकारी और शिक्षक बनेंगे। सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में दो दिवसीय जिला स्तरीय बाल मेले का शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों की वैज्ञानित तथा रचनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए बाल मेलों का आयोजन करवा रही है। विधायक ने बच्चों को अपने जीवन में अनुशासन का पालन करने को कहा और नशे से दूर रहने की सलाह दी। जिला समन्वयक बाल मेला जोगिंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय बाल मेले में पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

### बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर इरा रिहान सम्मानित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पालमपुर में आयोजित समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। कैप्टन विक्रम बतरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम नेत्रा मेती ने बहादुरी के लिए दो युवाओं को सम्मानित किया गया। इसमें पालमपुर के चर्चित दराट कांड में घायल युवती की मदद करने वाली छात्रा प्रियंका और थला फ्लैश फ्लड के दौरान बहादुरी दिखाने वाले अंकित कुमार शामिल रहे। शिक्षा के क्षेत्र में बोर्ड की जमा दो की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली इरा रिहान को नवाजा गया। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शिरकत करने वाली अंशिका, बास्केटबाल में जूनियर नेशनल प्रतियोगिता का हिस्सा बने यशविंद्र चंद्र चौहान, पोस्ट ऑफिस निबंध प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली आकृति, नेशनल लेवल बॉक्सिंग में पुरस्कार विजेता इपशिता ठाकुर के साथ नेशनल लेवल योगा में भाग लेने वाली छात्राओं नेहा और शगुन को भी एसडीएम नेत्रा मेती ने सम्मानित किया।

### ज्वालामुखी में स्टीम स्किल की नई शाखा शुरू

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** दिल्ली स्थित एक प्रतिष्ठित कोचिंग अकादमी ने जो कि डॉक्टरों और आईआईटी इंजीनियरों द्वारा स्थापित है, ने ज्वालामुखी में अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया। आगामी मार्च माह से शुरू होने वाले बैच के लिए संस्था ने एक विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा (स्कॉलरशिप टेस्ट) आयोजित किया था, जिसमें सफल छात्रों को 100 प्रतिशत निशुल्क कोचिंग तक की सुविधा देने का प्रावधान रखा गया था। इस स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन कांगड़ा जिले के 50 से भी अधिक स्कूलों में किया गया, जिसमें करीब 2500 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें 100 छात्रों को ज्वालामुखी के शिवालिक स्कूल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया।

### एसडीएम कार्यालय धीरा में मनाया गणतंत्र दिवस

**राकेश डोगरा, डरोह।** 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम कार्यालय परिसर धीरा में किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि एसडीएम धीरा सलीम आजम ने झंडा फहराया। इस कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक अमित राणा सहित प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम के जिला कांगड़ा कार्यकारिणी के विशेष सदस्य सिरिल चंद, पूर्व चेयरमैन किशोरी लाल मेहता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर क्षेत्र के शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### सूद सभा ने घायल लड़की की मदद को बढ़ाया हाथ

**अजय पाल, पालमपुर।** सूद सभा पालमपुर ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए मानवता का परिचय दिया। चंडीगढ़ में हुए सड़क हादसे में घायल पालमपुर की एक लड़की के इलाज के लिए सभा की सोना सूद और बिंदुला कटोल ने 41,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। सरकारी अस्पताल में इलाज संभव न होने के कारण उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के लिए लगभग 4.5 लाख रुपए की जरूरत थी। संकट की इस घड़ी में सूद सभा ने लड़की के बैंक खाते में चेक जमा करवाया तथा कहा कि और सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, सभा के प्रयासों से सूद सभा चंडीगढ़ ने भी 10000 रुपए की तत्परित सहायता प्रदान की है तथा और भी सहायता देने का आश्वासन भी दिया है। (अनंत ज्ञान)

### तृषा पब्लिक स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस



**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृषा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम मनाया। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। चेयरमैन और प्रधानाचार्य ने सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रीय गान गाया। स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट करते हुए चेयरमैन और प्रधानाचार्य को सलामी दी। चेयरमैन ने स्टाफ और बच्चों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस का विशेष महत्व है। देश के आजादी के लिए कई शूरवीरों ने अपने प्राण न्योछावर किए हैं, हमें अपने देश के प्रति सच्ची श्रद्धा और देश प्रेम की भावना होनी चाहिए।

### पूर्व सैनिक संगठन ने मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरी।** गणतंत्र दिवस पर पूर्व सैनिक संगठन की ओर से भृतहरि मैदान वार्ड नंबर 5 ग्राम पंचायत चचियां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि कैप्टन प्रीतम सिंह को संगठन के सदस्यों द्वारा टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में सेवानिवृत अधिशाषी अभियंता प्यार चंद सिप्पी, कवि हाकम भारद्वाज, सेवानिवृत्त नायक सुरजीत सिंह और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कलाकारों और बच्चों को संगठन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष सूबेदार ओम प्रकाश, उपाध्यक्ष सूबेदार पंजू राम,सचिव नायक दीप सिंह, कोषाध्यक्ष भाग्य ठाकुर और मंच संचालक ले. धर्मवीर सिंह व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### अश्वनी शर्मा बने जसूर प्रेस क्लब के प्रधान

**भूषण शर्मा, नूरपुर।** जसूर प्रेस क्लब की सोमवार को जसूर में एक बैठक हुई, जिसमें नवनियुक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा को लाइफ टाइम के लिए प्रेस क्लब का चेयरमैन, अश्वनी शर्मा प्रधान, ऋषि महाजन उपप्रधान, सचिन शर्मा सचिव, मुनीश महाजन कोषाध्यक्ष, भूषण शर्मा सलाहकार, राकेश संजू मुख्य सलाहकार, संजीव महाजन मीडिया प्रभारी, रमन राणा को प्रवक्ता, रघुनाथ शर्मा सहसचिव, नियुक्त किया गया। क्लब का यह चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इस बैठक में जसूर प्रेस क्लब को आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की गई। जिसमें क्लब के कार्यालय को लेकर विशेष चर्चा की गई। क्लब प्रधान अश्वनी शर्मा ने कहा कि जो विश्वास क्लब ने मुझ पर दिखाया है मैं सभी का तह दिल से धन्यवाद करता हूं।

# मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत निर्मित होंगे खेल मैदान : गोमा

## गणतंत्र दिवस पर युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने धर्मशाला में फहराया ध्वज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस ग्राउंड में गणतंत्र दिवस पर आयुष एवं युवा खेल सेवाएं मंत्री यादवेंद्र गोमा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, होमगार्ड और विभिन्न स्कूलों के एनसीसी, स्काऊट्स व गाइड्स एवं एनएसएस के विद्यार्थियों की टुकड़ियों द्वारा निकाले गए आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इससे पहले गोमा ने युद्ध स्मारक में शहीदों को फूल मालाएं अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं के साथ-साथ देश की आजादी एवं गणतंत्र की स्थापना में स्वतंत्रता सेनानियों के बहुमूल्य योगदान, निस्वार्थ त्याग और बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कुर्बानियां देने वाले महान व्यक्तियों को स्मरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है तथा प्रदेश के युवा सुरक्षा बलों व सैन्य बलों में सेवा करना अपनी शान समझते हैं। प्रदेश सरकार ने सैनिकों तथा भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों को अनेक सुविधाएं प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में मुख्यमंत्री युवा खेल प्रोत्साहन योजना के तहत 5 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न खेल मैदान के निर्माण हेतु 75 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। समाज सेविका संतोष कटोच ने रेडक्रास सोसायटी के लिए दस हजार का चेक भी भेंट किया। इस अवसर पर विधायक अशीष बुटेल, सहकारी बैंक के चेयरमैन संजय चौहान, महापौर नीनू शर्मा, पूर्व महापौर दविंद्र जग्गी, एपीएमसी के चेयरमैन नीशू मोंगरा आदि उपस्थित थे।

### भारत पड़ोसी देशों के लिए लोकतंत्र का एक बेहतरीन उदाहरण : डोलमा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) ने मेक्लोडगंज के गंगचेन कइशोंग में भारत का 76वां गणतंत्र दिवस मनाया, जो 1950 में उस दिन की याद दिलाता है जब भारत का संविधान लागू हुआ था। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह भारतीय संविधान को अपनाए जाने के 76 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है, जिसका विषय है, स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास। इस समारोह में शिक्षा विभाग के कार्यवाहक मंत्री सिक्योंग थारलाम डोलमा चांगरा, उप सभापति डोलमा त्सेरिंग तेखांग आदि शामिल हुए। ध्वजारोहण समारोह के बाद, कार्यवाहक सिक्योंग कालोन थरलम डोलमा चांगरा ने मीडिया को संबोधित करते हुए तिब्बती लोगों की ओर से भारत सरकार और लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## नूरपुर में गणतंत्र दिवस पर एसडीएम ने फहराया ध्वज



**भूषण शर्मा, नूरपुर**

उपमंडल स्तरीय 76वां गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय राजकीय आर्य डिग्री कॉलेज के परिसर में मनाया गया। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी गुरसिमर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड व होमगार्ड की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड का नेतृत्व सहायक निरीक्षक अरविंद ने किया। एसडीएम गुरसिमर सिंह ने लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि इस साल गणतंत्र दिवस 'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उज्जवल भविष्य की आशाओं को उजागर करेगा। यह दिन हमारे संविधान के लागू होने का स्मरण है। इसी दिन भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य का दर्जा मिला तथा हमारे पूर्वजों ने एक ऐसे राज्य की कल्पना की थी जहां न्याय समानता और भाईचारा कायम रहे।

इस अवसर पर एसडीएम ने सभी लोगों से गणतंत्र दिवस पर डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा देश को दिए गए संविधान के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूली बच्चों ने देशभक्ति, हिमाचली नाटी, पंजाबी गिद्दा जैसी प्रस्तुतियों से समां बांधा तथा खूब तालियां बटोरी। एसडीएम द्वारा इस मौके पर संस्कृतिक कार्यक्रमों तथा मार्च पास्ट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## सांसद राजीव भारद्वाज से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



एनएचएआई-154 की सड़क बनने के कारण 220 केवी बिजली घर को होने वाले नुकसान की विस्तृत जानकारी सांसद को दी।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विद्युत घर की सुरक्षा दिवार जो कि एनएचएआई बनने के कारण, रोड लेवल से नीचे हो गई है, जिससे बिजली घर में लगे विद्युत उपकरणों को खतरा पैदा हो गया है और चार दीवारी का लेवल डाउन होने के कारण वर्षा का पानी भी बिजली घर के अंदर आ जाता है। जिससे विद्युत उपकरणों को भारी नुकसान होने का अंदेशा है और चार दीवारी का लेवल नीचे आने के कारण कोई भी दुर्घटना होने पर अनियंत्रित वाहन विद्युत घर के अंदर आ सकता है। जिससे बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन से राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर रवि धीमान, रोहित शर्मा, दीपक पठानिया,चैन सिंह पठानिया आदि मौजूद रहे।

### जौड़बड़ फीडर में आज बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया 28 जनवरी मंगलवार को 11 केबी जौड़बड़ फीडर की उचित मरमम्त एवं रखरखाव हेतु विधुत सप्लाई सुबह 9 बजे से 2 बजे तक बाधित रहेगी। जिससे गुरनवाड़, जदामन, अप्पर भलवाल, बाथू टिप्परी, जलेरा, पक्का टिआला, निमाड़, जखधार, पपलोथर आदि गांव प्रभावित होंगे। उपभोगताओ से सहयोग की अपील करते हुए यह जानकारी सहायक अभियंता, विधुत उपमंडल, डाडा सीबा ई. दिनेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि जिन उपभोगताओं ने अपने बिजली के बिल जमा नही करवाए हैं वे समय पर बिल जमा करवा दें अन्यथा बिना किसी नोटिस के बिजली कनेक्शन काट दिसा जाएगा।

## गुजरेहड़ा स्कूल में हुए कई बदलाव

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हमारे जीवन की पहली और सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दुनिया में सेवा करना है। जब आप सेवा को अपने जीवन का एकमात्र उद्देश्य बनाते हैं तो यह भय को खत्म कर देता है, हमारे मन को केंद्रित करता है, जीवन में उद्देश्य और दीर्घकालिक आनंद लाता है।

गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी के इसी संदेश को ध्यान में रखते हुए लाखों स्वयंसेवकों ने पूरी दुनिया में अपना जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया है। इसी तरह, गोपालपुर के गुजरेहड़ा गांव में राजकीय प्राथमिक पाठशाला में हमें बदलाव देखने को मिला है। यह स्कूल आर्ट ऑफ लिविंग हिमालयन योग और ध्यान केंद्र कैलाश आश्रम के पास स्थित है। स्कूल की हालत बहुत खराब थी और बेहतर शिक्षा के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण की आवश्यकता थी। इसे ध्यान में रखते हुए कैलाश आश्रम ने स्कूल की मरम्मत और मौजूदा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की जिम्मेदारी ली। इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।

## हैप्पी बर्थडे



टक्का ऊना के नवनीत शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



चौबिन (बैजनाथ) के ओंकार राणा व सरला राणा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## टांडा कॉलेज में चिकित्सकों ने मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



डॉ राजेंद्र प्रसाद आयुर्विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय टांडा अस्पताल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया।

टांडा अस्पताल के सिक्योरिटी ऑफिसर इंचार्ज जीवन सिंह के नेतृत्व में सभी जवानों ने मार्च पास किया और सलामी दी। गणतंत्र दिवस के मौके पर डॉ. मिलाप शर्मा, एडिशनल डायरेक्टर मेजर डॉक्टर अवनिंद्र कुमार, पीए प्रिंसिपल संदीप डोगरा, मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष मेजर डॉ. सुखजीत सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज कंवर, जीएनएम नर्सिंग प्रधानाचार्य सुमन बोध, सिक्योरिटी ऑफिसर इंचार्ज जीवन सिंह, सिक्योरिटी सुपरवाइजर हंसराज आदि मौजूद रहे। स्टॉफ नर्सिस बच्चों ने देश भक्ति के गीत भी इस अवसर पर गाए गए।

## पूर्व सैनिक लीग ने मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, डरोह**



पूर्व सैनिक लीग खैरा ने गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मुख्यातिथि की भूमिका सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने निभाई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान मौजूद रहे। इस दौरान वीर नारियां भी विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहीं।

मंच संचालन सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश चौधरी ने किया। कर्नल कुलदीप पाल भंगालिया ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने वीर नारियों को सम्मानित किया। परमार ने अपनी ओर से संस्था को 21,000 रुपए दान स्वरूप भेंट किए। रविंद्र धीमान ने 11000 रुपए संस्था को भेंट किए। इस अवसर पर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### लोगों को बैंक की योजनाएं बताईं

**अनंत ज्ञान, रजियाणा।** केसीसी बैंक की रजियाणा शाखा द्वारा सोमवार को नाबार्ड के सौजन्य से सेराथाना में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। वित्तीय फ्रॉड के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को इससे बचने हेतु जागरूक भी किया गया। जनसमूह द्वारा बैंक की कार्य प्रणाली तथा अन्य लाभ योजनाओं पर पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी शिविर में ही प्रस्तुत किया गया। शिविर में केसीसी बैंक की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक विभूति व्यास, सहायक प्रबंधक प्रवेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मिनर्वा संस्थान धर्मशाला में खोलेगा स्टडी सर्किल ब्रांच : चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




मिनर्वा संस्थान द्वारा धर्मशाला में मिनर्वा स्टडी सर्किल की नई ब्रांच खोली जा रही है, जिसका शुभारंभ 2 फरवरी को किया जाएगा। आईएएस जफर इकबाल मुख्यातिथि के रूप में इस ब्रांच का शुभारंभ करेंगे। एचपीएएस हितेश लखनपाल मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। यह बात राकेश चंदेल ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जाए इसके लिए मिनर्वा संस्थान बचनबद्ध है।

उन्होंने कहा कि मिनर्वा संस्थान का हमेशा प्रयाश रहा है कि बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चे हर क्षेत्र में में नाम रोशन करें इसके लिए उचित विचार-विमर्श के बाद और बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2014 में टीम मिनर्वा ने मिनर्वा स्टडी सर्कल की स्थापना की गई थी।

पिछले 10 से अधिक वर्षों में मिनर्वा स्टडी सर्कल घुमारवीं से लगभग 350 छात्र मेडिकल क्षेत्र में आगे निकले हैं। जिनमें से कुछ देश और प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे हैं। तथा कुछ डिग्री हासिल कर चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही 250 के आसपास ऐसे छात्र मिनर्वा स्ट्डी सर्किल घुमारवीं से पढ़ाई कर चुके हैं।

जिला कांगड़ा और चंबा से भी बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे निकलें, इसके लिए मिनर्वा संस्थान प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं। जिसके लिए मिनर्वा स्ट्डी सर्किल पहले भी हमेशा बेहतर देता आया है आगे भी पूर्ण प्रयास रहेगा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जाए।

### वरुण शर्मा बने डीएवी पटियाला में प्रिंसिपल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल के निवासी वरुण शर्मा पुत्र विजय कुमार अवस्थी को डीएवी संस्था में अहम पद पर तैनाती मिली है। उन्होंने हाल ही में डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला जिला पटियाला पंजाब में प्रिंसिपल के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। वरुण एक कर्मठ, प्रतिभावान एवं अनुशासन प्रिय शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। इससे पहले वह बाल विद्या मंदिर, रैनसंस स्कूल थुरल, सेंट पॉल स्कूल थुरल, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल चूला और सिलिकॉन वर्ल्ड आलमपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### पुलिस ने पत्रकार का मोबाइल किया जब्त

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने सोमवार को पल्ली में मीडिया से रू-ब-रू होते कहा कि फतेहपुर पुलिस ने फतेहपुर के एक पत्रकार का मोबाइल मनमाने ढंग से जब्त किया है। जिसके चलते आज से कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया पुलिस ने मोबाइल जब्त करते समय माननीय उच्चतम न्यायलय के आदेशों का भी पालन नही किया है। पत्रकार का मोबाइल जब्त कर पुलिस ने पत्रकार के मौलिक अधिकारों का भी हनन किया है। वहीं प्रेसवार्ता से पूर्व एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लाइव आकर उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायलय के फैसलों के बारे में बताया।

## एसडीएम ने गणतंत्र दिवस पर फहराया ध्वज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एसडीएम कार्यालय बैजनाथ में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस और विभिन्न स्कूलों के एनसीसी, स्काउट्स व गाइड्स के विद्यार्थियों की टुकड़ियों द्वारा निकाले गए आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। एसडीएम ने इस अवसर पर सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और अपने संदेश में भारतीय संविधान के महत्व और लोकतंत्र की मजबूती पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के योगदान को याद करते हुए सभी से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आग्रह किया।

समारोह में स्थानीय स्कूलों के छात्रों, महिला मंडल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक प्रमुख आकर्षण रहे। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी संतोष कुमारी, श्रीमती सीता देवी और श्रीमती भी भिंदरा देवी को सम्मानित किया गया। देवी चंद ठाकुर ने अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास और समाज की उन्नति में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन होता है। इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था इसलिए यह दिन हमारे लिए बेहद खास है।

**कार्यक्रम** अरनी विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

## देश की एकता व अखंडता में योगदान देने का लिया संकल्प

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय में 26 जनवरी 2025 को 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक मलेंद्र राजन रहे। संजीव कुमार (डीएसपी, इंदौरा), भूपाल कटोच (प्रधान, इंदौरा) आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम 9 एचपी बटालियन एनसीसी कैडेट कोर ने विधायक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात राजन द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर भाषण, निबंध, भागंडा आदि का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में अर्नी विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसी के साथ विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों को (चांसलर) डॉ. विवेक सिंह के द्वारा उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजन ने विद्यार्थियों की परेड की सराहना की और संबोधित करते हुए बता कि देश इस साल अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। भारत के इतिहास में यह दिन कई तरह से महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि इस दिन को पूरे देश में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

इस मौके पर चांसलर ने सभी को कहा कि सबसे पहले मैं उन सभी महान नेताओं और स्वतंत्रा सेनानियों को सलाम करता हूं और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया था और भारत को पूर्ण रूप से गणतंत्र घोषित किया गया। इसी वजह से हर साल 26 जनवरी का दिन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रबंधन ने देश की एकता, अखंडता और विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## दाड़गी स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

**जुन्गा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़गी में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रख्यात समाजसेवी बेसर दत्त शर्मा रहे। उपप्रधानाचार्य धर्म प्रकाश वर्मा और वरिष्ठ प्रवक्ता खूब राम वर्मा तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब तथा चारों सदनों के विद्यार्थियों ने मुख्यातिथि को सलामी दी और तिरंगा फहराया गया। उप प्रधानाचार्य धर्म प्रकाश वर्मा ने सभी अध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। मंच संचालन तिलक रसौत ने किया।

## छात्राओं ने गणतंत्र दिवस पर पेश की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से तहसीलदार कोटखाई ललित कुमार मौजूद रहे। कोटखाई पुलिस जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालयों की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य केंद्र रहीं। तहसीलदार कोटखाई ललित कुमार ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## पंचायतों के प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा मंत्री से मुलाकात

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत मढ़ोल की हरिजन बस्ती से नगरकोटी मंदिर-शैलापानी-जोहट संपर्क सड़क को स्तरोन्नत करने के लिए 6 करोड़ 60 लाख व ऊबादेश की ग्राम पंचायत बाघी व क्यारवी की मात्लु-सराह-बलाल संपर्क सड़क के स्तरोन्नत कार्य के लिए 2 करोड़ 62 लाख रुपए स्वीकृत करवाने पर ग्राम पंचायत मढ़ोल, ग्राम पंचायत बाघी व ग्राम पंचायत क्यारवी के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर आभार जताया है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, ग्राम पंचायत मढ़ोल के प्रधान चंदर रांगटा, पंचायत समिति के उपाध्यक्ष यशवंत जस्टा, पंचायत वार्ड सदस्य कृष्णा झांगटा, पूर्व उप प्रधान यशवंत मैहता, ग्राम पंचायत बाघी के प्रधान रूप लाल जस्टा, उप प्रधान सौरव रौहटा, पंचायत समिति सदस्य हरिहत, पूर्व प्रधान पूर्ण चंद रौहटा, राजिंद्र, जीत राम, ग्राम पंचायत क्यारवी के उपप्रधान विकास आदि उपस्थित रहे।

## चौपाल में एसडीएम हेम चंद ने फहराया ध्वज



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** गणतंत्र दिवस का उपमंडलस्तरीय समारोह तहसील परिसर मैदान चौपाल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी चौपाल हेमचंद वर्मा ने ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने शहीद लेहरी सिंह को माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। एसडीएम चौपाल ने अपने संबोधन में कहा कि मातृभूमि पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अनेकों महान वीर सपूत हुए है, जिनकी वजह से आज हम यह राष्ट्रीय पर्व मना रहे है। उन्होंने कहा कि यह दिन उन वीर शहीदों को याद करने का है, जिन्होंने देश की आजादी और संप्रभुता के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं। अंत में मुख्यातिथि ने प्रतिभागी सम्मानित किए। इस अवसर पर डीएसपी सुशांत शर्मा, नायब तहसीलदार प्रशांत शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्षा विमला मलिक, सहित अन्य उपस्थित रहे। इसके अलावा सिविल जज चौपाल श्रुति बंसल ने भी कोर्ट परिसर चौपाल में झंडा लहराया।

## झंडूता उपमंडल में मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के तीन जगहों पर 76वां उपमंडलीय स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें प्रशासन की तरफ से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यअतिथि उपमंडलीय अधिकारी कुनिका अर्ष बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुईं। समारोह में मुख्यातिथि ने ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी ली। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी तरह झंडूता राहण शिक्षा निकेतन झंडूता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि जीत राम कटवाल उपस्थित रहे। उधर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलोह के प्रांगण में गणतंत्री दिवस मनाया, जिसकी अध्यक्षता सुबेदार मेजर राजकुमार ने की।

## स्टाफ नर्स के भरे जाएंगे 16 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि निदेशालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला द्वारा स्टाफ नर्स (वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन) के 16 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए जीएनएम (जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी) या बीएससी नर्सिंग पास अभ्यर्थी पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि अधिसूचित पदों के लिए पात्रता निर्धारित की गई है, जिसमें अनारक्षित वर्ग के लिए बैच दिसंबर 2014 तक, अनुसूचित जाति वर्ग के लिए बैच दिसंबर 2015 तक, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए बैच दिसंबर 2015 तक और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए बैच दिसंबर 2019 तक के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर के ऐसे अभ्यर्थी, जो निर्धारित बैच और श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, वे 30 जनवरी तक अपने नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में पंजीकृत करवाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-222450 पर संपर्क किया जा सकता है।

## उपभोक्ता रोजमर्रा की खरीददारी में बरतें सतर्कता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष जोगेंद्र कंवर ने बताया कि परिषद 4 फरवरी को दोपहर 12 बजे कन्या औद्योगिक संस्थान बिलासपुर में एक विशेष उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दूरसंचार उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों के समाधान और अनचाही वाणिज्यिक कॉल एवं संदेशों से बचने के उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह उपभोक्ताओं को टेलीफोन कंपनियों द्वारा उनकी सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही, टावर लगाने के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी से बचाव और स्मार्टफोन का सुरक्षित उपयोग करने के टिप्स भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होने बताया कि सेवानिवृत्त जिला नियंत्रक सुरेंद्र शर्मा और जीत राम शर्मा उपभोक्ताओं को उनकी रोजमर्रा की खरीदारी में सतर्कता बरतने से संबंधित जानकारी देंगे। वहीं, सेवानिवृत्त हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारी शकैलाश गौर बाट और माप से जुड़े नियमों और उपभोक्ताओं के अधिकारों पर विशेष जानकारी साझा करेंगे।

## व्यास उत्सव की संध्या में विवेक चंदेल ने की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव की चतुर्थ संध्या में बतौर मुख्यतिथि आईएएस विवेक चंदेल ने शिरकत की। व्यास उत्सव मेले में पहुंचने पर अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेला अयोजन समिति ने उक्त स्वागत किया। विवेक चन्देल ने द्वीप प्रज्वलित कर सन्ध्या का शुभारंभ किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों कृष्णकांत, विजयराज, राजकुमार, सुशील पुंडीर आदि ने उनको व उनकी पत्नी व बेटी को शॉल टोपी, व्यास जी की प्रतिमा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने दिन के व रात्रि कार्यक्रम विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यास उत्सव एक ऐसा मंच है जिसमें बच्चे अपनी-अपनी स्पर्धा भाग लेते हैं। उन्होंने अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेला के आयोजन समिति को बधाई जो इस व्यास उत्सव को बढ़िया तरीके से चलाते है। उन्होंने कहा कि इस मंच अनेक प्रतिभागी निकल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना कर अपना, अपने शहर का व्यास उत्सव का नाम रोशन कर रहें है। इस अवसर पर कमलेन्द्र कश्यप, विजयराज उपाध्याय, सुशील पुंडीर, कृष्णकांत, चमन गुप्ता, मुनीश, इतिन हांडा आदि मौजूद थे।



# राज्यपाल ने रिज पर फहराया तिरंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ऐतिहासिक रिज शिमला में 76वें गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने 22, जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के परेड कमांडर लेफ्टिनेंट गगनदीप चौहान के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली।

इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी उपस्थित रहे। इस दौरान सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, हिमाचल प्रदेश सशस्त्र पुलिस, पंजाब पुलिस, राज्य पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन सेवाएं, हिमाचल प्रदेश डाक सेवाएं, आपदा प्रबंधन, पूर्व सैनिक, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना कैडेट और भारत स्काउट्स एवं गाइड आदि की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। विभिन्न विभागों की विकासात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित करती झांकियां इस समारोह का मुख्य आकर्षण रहीं। किन्नौर, हमीरपुर, शिमला तथा मंडी से आए सांस्कृतिक दलों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला-राजस्थान एवं उत्तराखंड के सांस्कृतिक दलों ने भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जयराम ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा, प्रधान सचिव देवेश कुमार, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल आदि उपस्थित रहे।



गणतंत्र दिवस का दृश्य।

## एसडीएम परिसर में फहराया तिरंगा

**रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू के एसडीएम कार्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकारी उपमंडलाधिकारी रोहड़ू धर्मेश रमोत्रा ने शुभारंभ किया। उसके बाद पुलिस दल ने सलामी दी और विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने खुबसूरत प्रस्तुति पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में रोहड़ू शहर को साफ-सुथरा रखने वाले कर्मचारियों को एसडीएम ने स्वच्छता कीट देकर सम्मानित किया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

# नाशपाती के बगीचे में लगी आग से 200 पौधे जलकर नष्ट

**अनंत ज्ञान, जुब्बल**



जुब्बल तहसील के शमोट गांव में सोमवार सुबह आग लगने की दुःखद घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र कुमार पुत्र स्व. पदम सिंह के सेब और नाशपाती के बागीचे में आग लगने से करीब 200 पौधे जलकर नष्ट हो गए। इसके साथ ही उनकी गौशाला भी आग की चपेट में आ गई। वहीं गौशाला में बंधी गाय भी आग की चपेट में आ गई।

घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया है, जिससे अधिक नुकसान होने से टल गया। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूखी घास और तेज हवाओं के चलते आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया।

थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान ने बताया कि अग्निकांड की इस घटना में पीड़ित परिवार के सेब व नाशपाति के पौधे और गाय की मौत हो गई है। पशु-चिकित्सक को घटना स्थल पर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी संगठन सैल्यूट तिरंगा ने गणतंत्र दिवस मनाया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चौहान अधिवक्ता भी मौजूद रहे तथा आचार्य दिलीप शास्त्री बतौर मुख्य अतिथि शिरकत हुए।

# किसानों को मुहैया करवाई जा रही बेहतर सुविधा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के कृषि, उद्यान, मत्स्य पालन और पशुपालन विभागों में विभिन्न योजनाओं के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही वित्तीय पैमाने को भी मंजूरी दी गई।

अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला में किसानों की आय में वृद्धि करने की दिशा में वित्तीय सहायता अहम योगदान देती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बैंक अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को वित्तीय सहायता मिलने से काफी सहयोग मिलता है।

जिला में आलू का उत्पादन बढ़ाने के लिए केंद्रीय आलू अनुसंधान शिमला के साथ आगामी सप्ताह में बैठक की जाएगी ताकि आलू से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा भी मिल सके। किसानों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। जिला में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को बेहतर बाजार मुहैया करवाया जा रहा है। पशु पालन विभाग द्वारा गाय के रख-रखाव हेतु विभिन्न कार्यों पर तथा भेड़, बकरी, चूजों, सुअर पालन, घोड़ा पालन आदि पर वित्तीय सहायता दी जाती है।

## अग्निकांड पीड़ित परिवारों को मिले विशेष पैकेज : चेतन

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** प्रशासनिक जिला शिमला के अग्निकांड प्रभावित परिवारों को भी विशेष राहत पैकेज मिलना चाहिए। ये बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कही।



कुल्लू के तांदी गांव के पीड़ित परिवारों को राहत देने के लिए विशेष राहत पैकेज देने की अधिसूचना जारी की गई है।

बरागटा ने कहा कि तांदी गांव में अग्निकांड प्रभावित परिवारों को विशेष राहत पैकेज दिया जा रहा है तो शिमला जिले को क्यों नही? शिमला के अग्निकांड प्रभावित परिवारों के साथ से भेदभाव बर्दाश्त नही करेंगे।

# झड़ाशली गांव के 10 परिवारों ने थामा कांग्रेस का दामन



झड़ाशली के लोग शिक्षा मंत्री से कांग्रेस पार्टी में शामिल होते हुए।

**अनंत ज्ञान, जुब्बल**

जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के शराचली की ग्राम पंचायत झगटान के झड़ाशली गांव से संबंध रखने वाले देवी लाल क्लेटा, बलबीर क्लेटा, अतर सिंह सांटा, हरीश सांटा, संजीव काल्टा, कमाल चंद क्लेटा, सुख चैन पंवार, रोहित क्लेटा, नरेंद्र काल्टा, मनमोहन पंवार ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में अपना विश्वास व्यक्त किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया।

इस दौरान शराचली जोन के अध्यक्ष कुलदीप, ग्राम पंचायत झागटान की प्रधान नीता, उपप्रधान सरलेश झेगटा, पूर्व उपप्रधान सुरेंद्र नेगी आदि उपस्थित रहे।

## कुपवी में ग्रामीण से अवैध शराब बरामद

**चौपाल, नेरवा।** कुपवी थाना के अंतर्गत पुलिस ने एक व्यक्ति से एक पेटी (12 बोतल) शराब बरामद की है।

जानकारी के अनुसार एएसआई कुपवी थाना सत्य प्रकाश पुलिस टीम के साथ मालत की तरफ गश्त पर थे। इस दौरान मालत बाइफरकेशन के समीप प्रताप सिंह पुत्र मंगल सिंह से 12 बोतल संतरा नंबर वन ब्रांड अवैध देसी शराब बरामद की।

आरोपी के खिलाफ कुपवी थाना में एचपी एक्साइज एक्ट की धारा 39(1)ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोपियों को कभी बख्शा नहीं जाएगा।

# गणतंत्र दिवस पर मंत्री अनिरुद्ध ने किया ध्वजारोहण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में 76वें गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला बिलासपुर के खेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने चंगर स्थित शहीद स्मारक में वीर शहीदों को माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उन्होंने जिला वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ भूमि पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अनेक महान वीर सपूत हुए हैं, जिनकी वजह से आज हम यह राष्ट्रीय पर्व मना रहे हैं। यह दिन उन वीर शहीदों को याद करने का है, जिन्होंने देश की आजादी और संप्रभुता के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं। उन्होंने कहा कि आज देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है, जो कि आजादी के बिना संभव नहीं था। पिछले दो वर्षों में हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्धशाली राज्य बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ वित्तीय सुधार, सामाजिक कल्याण और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में अनेक मील के पत्थर स्थापित किए हैं। पिछली सरकार से विरासत में मिले 75 हजार करोड़ रुपए के कर्ज और 10 हजार करोड़ रुपए के कर्मचारियों की देनदारियों के बावजूद, हमारी सरकार ने सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन का परिचय दिया। संशोधित आबकारी नीति लागू कर 2,631 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। शराब की दुकानों की नीलामी से 485 करोड़ रुपए तथा दूध पर लगाए गए सेस से 145 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को 4,500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज प्रदान किया। पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर 1.36 लाख कर्मचारियों को लाभान्वित किया गया।

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को चरणबद्ध रूप से 1,500 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। बेसहारा महिलाओं और अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना लागू की गई, जिसमें 6,000 बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट्स के रूप में अपनाया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 76,000 नए लाभार्थी जोड़े गए। सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की गारंटी को पूरा किया गया। प्रदेशवासियों के सहयोग और सरकार के समर्पण से हिमाचल प्रदेश प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## बलोह में गणतंत्र दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** ग्राम पंचायत वलोह की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि सेवानिवृत कर्नल राजेंद्र सिंह ठाकुर (ओआईसी) घुमारवीं ने शिरकत कर ध्वजारोहण किया तथा विशेष अतिथि प्रदेशाधयक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि पहली बार ग्रामीण विकास समिति बलोह पंचायत व पूर्व सैनिकों ने मिलकर एक मंच से साथ गणतंत्र दिवस मनाकर देश भक्ति का जज्बा आम जनता में जगाया। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए जिसमें अल्फा पब्लिक स्कूल बरठीं के बच्चों ने देशभक्ति के गानों, भाषण व नाटक के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को देशभक्ति का जज्बा दिखाया। इसके साथ स्थानीय पाठशाला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलोह के बच्चों ने भी देशभक्ति वह सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब वाहवाही लूटी व इस समारोह को चार चांद लगाए।

# बेंगलुरु में मनाया हिमाचल स्थापना दिवस का उत्सव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हिमाचल इन बेंगलुरु समुदाय ने बेंगलुरु में एक भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण गेट-टू-गेदर का आयोजन किया। इस आयोजन ने न केवल हिमाचली संस्कृति का उत्सव मनाया, बल्कि बेंगलुरु में रह रहे हिमाचलियों के बीच आपसी जुड़ाव और अपनापन को भी मजबूत किया। कार्यक्रम में 150-200 लोगों ने भाग लिया। यह आयोजन हिमाचली परंपराओं, संस्कृति और रिश्तों को संजोने का अद्भुत मौका था। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के राष्ट्रीय गान से हुई, जिसने सभी के दिलों में देशभक्ति और गर्व की भावना भर दी।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें हिमाचली परंपरा की झलक देखने को मिली। हिमाचली नाटी ने हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस पारंपरिक नृत्य में भाग लिया और कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों ने आपसी गपशप, अनुभवों और यादों का आदान-प्रदान किया।

यह समय सभी के लिए खास था, क्योंकि उन्होंने अपनी संस्कृति और अपनेपन को साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक हिमाचली धाम रहा। स्वादिष्ट हिमाचली व्यंजनों ने सभी को अपने घर की याद दिला दी। यह केवल भोजन नहीं था, बल्कि एक ऐसा अनुभव था, जिसने सभी को हिमाचल की मिठास और अपनेपन से भर दिया। बता दें कि हिमाचली इन बेंगलुरु की शुरुआत 2023 में दिनेश राणा, सनी शर्मा, अश्विनी शर्मा, और अनुराग धीमान ने की थी। इनका उद्देश्य हिमाचलियों को बेंगलुरु में एकजुट करना और उनकी संस्कृति को जीवंत रखना था। आज, यह पहल 2000 से अधिक हिमाचलियों का मजबूत और सशक्त समुदाय बन चुकी है।

## लोक निर्माण विभाग में जूनियर ड्राफ्ट्समैन के 5 पद अधिसूचित


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने जानकारी दी है कि लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश के इंजीनियर-इन-चीफ द्वारा जूनियर ड्राफ्ट्समैन (सिविल) के 5 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आईटीआई से जूनियर ड्राफ्ट्समैन (सिविल) में 2 वर्षीय कोर्स किया हुआ होना चाहिए। निर्धारित श्रेणी और बैच के अनुसार पात्रता अनिवार्य है। अनारक्षित श्रेणी के लिए पात्रता बैच 2006 तक, अनारक्षित ईडब्ल्यूएस के लिए 2020 तक और अनुसूचित जाति वार्ड ऑफ फ्रीडम फाइटर के लिए 31 दिसंबर 2024 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने जिला बिलासपुर के सभी योग्य आवेदकों से अनुरोध है कि वे 30 जनवरी, 2025 तक अपना नाम विभागीय वेबसाइट पर पंजीकृत कर लें। जिन अभ्यर्थियों का नाम पहले से पंजीकृत है, वे इसे अपने नजदीकी रोजगार कार्यालय की सूची में देखकर सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए पंजीकरण और नाम की पुष्टि 30 जनवरी से पहले करना सुनिश्चित कर ले। कहा कि अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-222450 पर या अपने नजदीकी रोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**तैयारी** उपायुक्त ने मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# बिलासपुर में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 17 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला इस वर्ष 17 मार्च से 23 मार्च तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मेला आयोजन से जुड़े प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि मेले का शुभारंभ 17 मार्च को लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। यह शोभायात्रा न केवल मेले की शुरुआत को दर्शाएगी, बल्कि सांस्कृतिक और परंपरागत धरोहर को भी प्रदर्शित करेगी।



उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए 20 मुख्य समितियों और कई उप-समितियों का गठन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस बार विशेष रूप से स्थानीय और हिमाचली कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भव्य मंच का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन की परंपरा को बनाए रखते हुए, लोक निर्माण विभाग को कुश्ती अखाड़ा तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि मेले में भाग लेने वाले सभी आयु वर्ग के लोग मनोरंजन और प्रतिस्पर्धा का आनंद ले सकें। उन्होंने बताया कि मेले के लिए मेला मैदान को समतल किया जाएगी और वहां पर प्रदर्शनियों व स्टॉलों के लिए जगह आवंटित की जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न विभागों और संगठनों को अपनी गतिविधियां और उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि पशु मेले का आयोजन भी इस मेले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। इसके लिए उन्होंने पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मेले को यादगार बनाने के लिए एक भव्य स्मारिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें मेले से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी और गतिविधियां दर्ज होंगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, एडीसी डॉ. निधि पटेल, एसडीएम अभिषेक गर्ग, आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिकारियों को जिला कोर टीम में शामिल करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में हिम कृषि योजना के बेहतर कार्यान्वयन को लेकर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता बीते कल सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला कोर टीम की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने हिम कृषि योजना के तहत जिला कोर टीम की भूमिका और उत्तरदायित्व, क्लस्टर हस्तक्षेप तथा ज़िला की वार्षिक कार्य योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए मत्स्य पालन, पशुपालन तथा ग्रामीण विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को भी जिला कोर टीम में शामिल करने के निर्देश दिए। मुकेश रेपसवाल ने कहा कि चूंकि हिम कृषि योजना के लाभार्थी छोटे और सीमांत, महिला, नवोन्मेषी तथा कमजोर वर्गों से संबंधित किसान इस योजना के लाभार्थी होंगे। ऐसे में इन किसानों- बागवानों, मत्स्य पालकों, पशुपालकों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागीय योजनाओं का इस योजना के साथ कन्वर्जेंस किया जाए।

### धनी राम शांडिल ने शैक्षणिक भ्रमण दल किया रवाना



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंर्तगत चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के तीन दिवसीय वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण दल में बाल संरक्षण संस्थान सुन्दरनगर, डैहर, तत्याहड़ और भरनाल के 28 बच्चे शामिल हैं, जिसमें सुंदरनगर संस्थान से 12, डैहर से 13, बरनाल से 2 और तत्याहड़ से एक है। भ्रमण दल को रवाना करने से पहले डा. शांडिल ने भ्रमण पर जा रहे बच्चों के साथ संवाद भी किया। भ्रमण में शामिल 10वीं और जमा दो कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चे तीन दिवसीय दौरे के दौरान पहले दिन साइंस सिटी कपूरथला जाएंगे। दूसरे दिन स्वर्ण मंदिर अमृतसर, जलियांवाला बाग और वाघा बॉर्डर तथा तीसरे दिन चंडीगढ़ के रॉक गार्डन, रोज गार्डन, सुखना लेक जाएंगे। इस मौके पर कृषि उपज समिति के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, उपायुक्त अपूर्व देवगन, एडीसी रोहित राठौर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल मौजूद रहे।

### पुल की मरम्मत के लिए जिलाधिकारी को पत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत वकानी और ग्राम पंचायत दाडवी के निवासियों ने जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा, जिसमें दुर्पेड नामक स्थान पर स्थित पुल की मरम्मत की मांग की गई है। इस पत्र में कहा गया है कि यह पुल पूरी तरह से खराब हो चुका है और स्कूल के बच्चों और पूरी पंचायत की आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। निवासियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द इस पुल की मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस पत्र के साथ, निवासियों ने जिलाधिकारी को यह भी बताया है कि यदि इस पुल की मरम्मत नहीं की जाती है, तो वहां पर कोई अनहोनी घट सकती है। हमें उम्मीद है कि जिलाधिकारी इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करेंगे और निवासियों की समस्या का समाधान करेंगे।

### बट्ट एजुकेशन सोसायटी ने मनाया गणतंत्र दिवस




**अनंत ज्ञान, चंबा।** बट्ट एजुकेशन सोसायटी के द्वारा संचालित बट्ट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एवं आईटीआई बोंखरी मोड़(बनीखेत) व बट्ट आईटीआई खुशनगरी(तीसा) में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। बट्ट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एवं आईटीआई बोंखरी मोड़ में उप प्रधानाचार्य मनीष बकारिया व बट्ट आईटीआई खुशनगरी में लोकेश शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान देशभक्ति के गीत भी गाए गए। वहीं इस अवसर पर मिठाइयां भी बांटी गई। बट्ट एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे प्रशिक्षुओं व स्टाफ सदस्यों को गणतंत्र दिवस की बधाइयां दी।

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने फहराया तिरंगा, कहा-

# संविधान एकता और अखंडता का प्रतीक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**





चंबा के चौगान में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला स्तरीय समारोह मनाया गया। इस दौरान कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया और पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली।

प्रों. चंद्र कुमार ने कहा कि देश की आजादी एवं गणतंत्र की स्थापना में महान स्वतंत्रता सेनानियों के बहुमूल्य योगदान, निस्वार्थ त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सभी देशवासियों के लिए एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल स्वरूप और गरिमा को बनाए रखने के लिए कांग्रेस सरकार का विशेष योगदान रहा है। प्रो. चंद्र कुमार ने आकांक्षी जिला चंबा के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए राज्य सरकार की विशेष प्रतिबद्धता का जिक्र भी अपने संबोधन में किया।

उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ जिले के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित बनाया जा रहा है। कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, गैर सरकारी संस्थाओं सहित मार्च पास्ट करने वाली टुकड़ियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों-कलाकारों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों एवं सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

स्थानीय विधायक नीरज नैय्यर, पूर्व मंत्री आशा कुमारी, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कमल ठाकुर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, पूर्व सैनिक विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### डलहौजी में अनिल भारद्वाज ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**डलहौजी, मुकेश।** सुभाष चौक में डलहौजी प्रशासन द्वारा समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उपमंडल अधिकारी अनिल भारद्वाज ने तिरंगा फहराया तथा पुलिस विभाग की टुकड़ी ने सलामी दी इससे पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, उनके साथ डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर, एसएचओ डलहौजी जगबीर सिंह, तहसीलदार डलहौजी रमेश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# नागरिकों के योगदान से देश बुलंदियों को छूएगा : कुलबीर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उपमंडल स्तरीय 76वां गणतंत्र दिवस समारोह भरमौर के हेलीपैड में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस व एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की जिम्मेदारी और योगदान से ही देश नई बुलंदियों को छू सकता है। एडीएम ने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे देशहित को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी भावना और जिम्मेदारी है। इसे शब्दों में सीमित न करें बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा भी बनाएं। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जो सपना उन्होंने इस देश के लिए देखा था, उसे साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से मिलकर देश को एक उज्जवल और बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का आह्वान किया।

कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि आज हमें देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान बनाने वाले महापुरुषों को भी नमन करना चाहिए।

कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिको को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचरियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में भरमौर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं व पुलिस जवानों ने भाषण, देशभक्ति गीत व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

इस मौके पर तहसीलदार भरमौर तेजराम, वन मंडल अधिकारी नवनाथ माने, सहायक निदेशक पशुपालन विभाग राकेश भंगालिया, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, एसएमएस कृषि जितेंन्द्र वर्धन, उद्यान अशीष शर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी विकास पुखरेटिया, भूतपूर्वक सैनिक छज्जू राम, हिम्पत राम, आईटीआई प्रशिक्षक संगम बलोरियां, पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारीगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बच्चे लक्ष्य निर्धारित करें : परवेज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मदरसा जामिया इशाअतुल कुरआन मैंदरोह जडेरा (साहू) में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं बट्ट एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना जान मोहम्मद सहित मुस्लिम समुदाय के लोगों व मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों ने मुख्यातिथि का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि परवेज अली बट्ट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। वहीं अपने संबोधन में मुख्यातिथि परवेज अली बट्ट में समारोह में उपस्थित लोगों व विद्यार्थियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

परवेज अली बट्ट ने कहा कि बच्चों को दीन की शिक्षा प्राप्त करने के साथ दीन की राह पर भी चलना चाहिए व इसके साथ अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी लग्न से पढ़ाई करनी चाहिए।

विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर दी गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया। वहीं मदरसे में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु अपनी ओर से 21 हजार रुपए प्रदान किए। साथ ही बट्ट ने मदरसे से शिक्षा ग्रहण कर रहे गरीब वर्ग के दो विद्यार्थियों को आईटीआई की शिक्षा भी अपनी ओर से निशुल्क करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि चयनित विद्यार्थी बट्ट आईटीआई खुशनगरी अथवा बोंखरी मोड़ में से जहां भी चाहे वहां आईटीआई की निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना जान मोहम्मद ने मदरसे को 21 हजार रुपए देने व दो विद्यार्थियों को निशुल्क आईटीआई करवाने की घोषणा करने पर परवेज अली बट्ट का आभार जताया।

# ककीरा में मनाया गणतंत्र दिवस

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



स्वामी श्री हरीगिरी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ककीरा में गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग इंस्टीट्यूट के स्टाफ और छात्राओं ने स्वामी श्री हरीगिरी मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल ककीरा के प्रांगण में गणतंत्र दिवस बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस खास अवसर पर सुपर स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट, एमडी मेडिसिन और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्ष कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कांता अजय कुमार और डॉक्टर प्रशांत के साथ डॉ. ओके जेदका ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि डॉ. हर्ष कुमार का स्वागत किया।

इसके बाद डॉ. हर्ष कुमार ने विधिवत रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। देशभक्ति से भरे इस कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिनमें संविधान और उसके महत्व पर आधारित गीत और भाषण शामिल थे। मुख्यातिथि का संदेश डॉ. हर्ष कुमार ने अपने संबोधन में सभी स्टाफ और छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'यह दिन हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत, डॉ. ओके जेदका, नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल और स्टाफ के साथ-साथ हरि गिरि हॉस्पिटल के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# टीबी के सभी मानकों को पूरा करने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चम्बा डॉ. बिपिन ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्बा के कान्फ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन की विशेष मासिक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में आए सभी प्रतिभागियों को टीबी अभियान के अंतर्गत सभी मानकों को समयबध पूरा करने के आदेश दिए। जिला चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने बैठक में आए सभी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों को टीबी अधिसूचना में सुधार, उपचार सफलता दर में सुधार, टीवी रोगी के इलाज के दौरान मासिक आधार पर जोखिम मूल्यांकन करना, टीबी रोगियों का निक्षय पोषय योजना का नियमित समय पर भुगतान जो कि अब 500 रुपए से 1000 रुपए हो गए हैं, करने के निर्देश दिए और उन्हें उपचार के दौरान उचित पोषण आहार लेने की सलाह दें।

बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कोई भी व्यक्ति (कर्मचारी, समाज के नेता, व्यवसायी) या संगठन से आगे आकर टीबी रोगियों को गोद ले सकता है और उनके उपचार के दौरान 6 महीने तक उन्हें पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर सकता है, जो उपचार के परिणाम और रोग से उबरने में लाभकारी होगा।

# बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया

**आजम डार, तीसा/चुराह**

सनवाल में चिड़ोग मकतब के बच्चों ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान हाशुशेख ने तिरंगा फहराया।

इस मौके स्थानीय निवासी और मकतब संचालक अशरफ मुहम्मद ने बच्चों को 26 जनवरी के बारे में बच्चों को जागरूक किया कि 26 जनवरी मनाई क्यों जाती है।

एक स्वतंत्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था।



गणतंत्र दिवस मानने के दौरान मौजूद बच्चे व अन्य।

इसे लागू करने के लिए 26 जनवरी की तिथि को इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वराज घोषित किया था और उससे एक दिन पहले हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा भी मिला था जिसकी घोषणा पूर्व प्रधान मंत्री इंद्रा गांधी ने शिमला के ऐतिहासिक रीज मैदान से घोषणा की थी इस मौके पर डॉक्टर सद्दाम, फजल दीन, शेख रजाक, अयूब, रशीद, अनवर, रहमतुल्ला, क्यूम, मेहराब और स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष चुराह हाशु शेख झंडा फहराया।

### भूतपूर्व सैनिकों के लिए जांच शिविर 31 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सैनिक विश्राम गृह चंबा में 31 जनवरी को भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कैप्टन अनुमेहा पाराशर (सेवानिवृत) उपनिदेशक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा द्वारा दी गई है।

उन्होंने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य जांच के लिए सैनिक विश्राम गृह चंबा में 31 जनवरी को चिकित्सा जांच शिविर स्टेशन हैडक्वाटर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें कर्नल जीएस ठाकुर, डॉ. कोमल प्रीत, जोगिंद्र कुमार, लाभ सिंह, संजय कुमार, तथा सुदर्शन कुमार मौजूद रहेंगे।

### सूडोकु 0055

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0054 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

# बैच वाइज भरे जाएंगे जुनियर ड्रॉफसमैन (सिविल) के 5 पद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता कार्यालय शिमला द्वारा जूनियर ड्राफ्टमैन (सिविल) के पांच पदों की भर्ती बैच वाइज आधार पर की जा रही है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद चौहान ने आज यहां दी। सामान्य वर्ग के लिए दो पद आरक्षित हैं तथा 2006 तक के बैच के उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए दो पद आरक्षित हैं तथा बर्ष 2020 तक के बैच के उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जूनियर ड्राफ्ट्समैन (सिविल) के आवेदक जो श्रेणी अनुसार दिए गए सत्र तक पात्र होंगे वे 29 जनवरी 2025 तक नाम रोजगार कार्यालय में दर्ज करवाना सुनिश्चित करें तथा जिन आवेदकों ने पहले ही अपना नाम दर्ज करवा लिया है वे रोजगार कार्यालय से अपने पंजीकरण का सत्यापन भी करवा सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस पर करवाई कवि गोष्ठी



**अनंत ज्ञान, चंबा**

गणतंत्र दिवस पर भूरि सिंह संग्रहालय, चंबा के सम्मेलन कक्ष में भव्य कवि गोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन किया गया।

हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और साहित्यिक परंपराओं को परिचर्चा में शामिल किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त उपायुक्त चंबा श्री पृथी पाल सिंह, जिला राजस्व अधिकारी, विक्रम सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने भी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन में साहित्य प्रेमियों को न केवल एक मंच प्रदान किया, बल्कि हिमाचल की संस्कृति के विविध आयामों को समझने और संरक्षित करने का संदेश भी दिया।

## अनंत ज्ञान

### आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

28 जनवरी, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत पौष, **तिथि** चतुर्दशी (07:38): **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा (08:59), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** वज्र (11:51) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:55), **राहुकाल** (03:05 -04:36)।

**विशेष दिन**

- 28 जनवरी : लाला लाजपतराय की जयंती आज।
- 29 जनवरी : मौनी अमावस्या कल।

**मेष:** आज छात्र अपने प्रयासों में सुस्त हो सकतें हैं और वे नई योजनाओं पर अमल करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार नहीं हो पाएंगे।

**वृषभ:** व्यावसायिक एव व्यापारिक संदर्भ में आज आपके लिए नए संपर्क बनाने का अनुकूल समय है। पारिवारिक संबंधों में खटास आ सकती है।

**मिथुन:** पारिवारिक यात्राएं आनंद से भरी होंगी। अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए आज अच्छा दिन है। पारिवारिक आय में सुधार होगा।

**कर्क:** शुभ भविष्य हेतु योजनाओं पर पुनः विचार करना श्रेष्ठ रहेगा। प्रेम संबंधों में लिप्त जातक साथी की भावनाओं को पूर्ण रूप से महसूस कर पाएंगे।

**सिंह :** सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यात्रा की योजना बनेगी। आपको अपने विदेशी संपर्कों से लाभ प्राप्त होने की प्रबल संभावना है।

**कन्या :** आपकी संचार क्षमता आज हमेशा की तरह उच्च स्तर पर है। अतः किसी भी नए उद्यम के लिए एक अच्छा समय है।

**तुला:** आपके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य काफी चिंता का कारण हो सकता है। परिवार के सदस्यों के भावनात्मक प्रकोपों का सामना चतुराई से करना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रगति करेंगे। आपको अपने दोस्तों से लाभ मिल सकता है और सरकारी अफसर मदद कर सकते हैं।

**धनु :** व्यावसायिक और आर्थिक सन्दर्भ में आज आप कुछ निराशा का अनुभव कर सकतें है। आपके दुश्मन आपके लिए मुसीबतें खड़ी कर सकते हैं।

**मकर :** समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि आपके गुप्त शत्रु छवि को धूमिल करने के लिए सक्रिय रूप से आपके खिलाफ काम करेंगे।

**कुंभ :** अच्छी प्रगति संभव है। रुचि के विषयों में आपका ज्ञान बढ़ेगा। नवीन तरीकों से समस्याओं को सुलझाने की प्रतिभा के लिए पहचान हासिल करेंगे।

**मीन :** अनुकूल अवधि नहीं है। स्वास्थ्य के संदर्भ में बीमारियों से प्रभावित हो सकतें हैं या किसी प्रकार का शारीरिक कष्ट झेलना पड़ सकता है।

**अनदेखी** — दीपक भाटिया के कृषि एवं पशुपालन मंत्री से पूछे सवालों से पल्ला झाड़ते दिखे मंत्री

# हर गांव में बनीं गोशालाएं मात्र 'शोपीस'

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस हेतु चंबा प्रवास के दौरान प्रेरणादा इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष ने मंत्री प्रो. चंद्र कुमार से गोवंश, आवारा कुत्तों, जंगली जानवरों को लेकर कुछ सवाल पूछे जिनके उत्तर देने की बजाय मंत्री महोदय उन प्रश्नों के जवाबों से पल्ला झाड़ने हुए नजर आए।



अध्यक्ष दीपक भाटिया ने मंत्री महोदय से तमाम उपमंडलों तथा चंबा शहर में लावारिस घूम रहे और ठंड का शिकार होकर मर रहे गोवंशों को लेकर प्रश्न के उत्तर मांगे तो बातों को गोल-गोल घूमाते नजर आए।

बता दें जहां गत सरकार ने लाखों रुपए की धनराशि खर्च करके गांव-गांव में गोशालाओं का निर्माण करवाया था किंतु मौजूदा सरकार के लिए यह मात्र शोपीस ही हैं जिनको लेकर सरकार बिल्कुल भी गंभीर दिखाई नहीं दे रही है जहां एक और धार्मिक संगठन तथा गौरक्षक इन गोवंशों को लेकर समय-समय पर आवाज बुलंद करते हैं किंतु गोवंशों को लेकर सरकार जरा भी गंभीरता दिखाती नजर नहीं आ रही है। तो वहीं आवारा कुत्तों से भी जिला वासी परेशान हैं अचानक से इनकी तादाद में हुआ इजफा आज हर किसी के लिए सर दर्द बना हुआ है। जहां आवारा कुत्तों की काटने के मामले बढ़ रहे हैं तो वहीं कहीं न कहीं रेबीज जैसे जानलेवा रोगों का भी खतरा साफ तौर पर देखने को मिल रहा है।

### बनीखेत हत्याकांड पर न्याय की मांग

**चंबा।** बनीखेत हत्याकांड से व्यापक आक्रोश फैल गया है और पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है। अपना समर्थन और एकजुटता दिखाने के लिए, परिवार ने अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई चंबा में आज एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है, जिसमें पीड़ित परिवार के सदस्यों और चम्बा के लोगों ने भाग लिया है। यह मार्च न्याय की मांग और पीड़ित परिवार के प्रति समर्थन के लिए आयोजित किया गया है।

इस मार्च में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। लोगों ने न्याय की मांग की और प्रशासन से अपील की कि पीड़ित परिवार को न्याय मिले।

# ओपिनियन



**संविधान** केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक माध्यम है। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# समान नागरिक संहिता

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू हो गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में इस कानून का ऐलान करने के साथ ही उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। उत्तराखंड में सबसे पहले यूसीसी कानून प्रभावी हुआ है। सीएम धामी ने 2022 के विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले राज्य में यूसीसी लागू करने की घोषणा की थी। भाजपा ने एक किस्म से इसे गारंटी के तौर पर लिया था जो अब जाकर पूरी हुई है। मार्च 2022 में सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में कमेटी गठन को मंजूरी मिली। फिर 27 मई 2022 को रिटायर्ड जज रंजन प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में कमेटी बना दी गई। इस कमेटी ने 2 फरवरी 2024 को यूसीसी का एक ड्राफ्ट तैयार कर सरकार को सौंपा। इससे पहले कमेटी ने करीब ढाई लाख सुझाव ऑफलाइन और ऑनलाइन प्राप्त किए। 6 फरवरी 2024 को विधानसभा में यूसीसी बिल पेश हुआ और 7 फरवरी को पारित हो गया। 11 मार्च 2024 को राष्ट्रपति ने बिल को मंजूरी दे दी।

सीएम ने नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण कर इसे जनता के लिए खोल दिया है। इस तरह लंबी जद्दोजहद के बाद उत्तराखंड में यूसीसी प्रभावी हो गया। उत्तराखंड की भाजपा सरकार के फैसला का विपक्षी पार्टियां और कुछ धार्मिक समूह विरोध भी कर रहे हैं। यह भी सत्य है कि भाजपा 2022 में लगातार दूसरी बार यूसीसी के दम पर ही सत्ता में लौटी थी। इससे पहले साल 2000 में उत्तराखंड बनने के बाद से कोई भी पार्टी लगातार दो चुनाव नहीं जीत पाई थी। खुद सीएम धामी ने भी इस जीत के लिए यूसीसी को ही श्रेय दिया था। अनुसूचित जनजाति और किसी प्राधिकरण के जरिए संरक्षित व्यक्ति और समुदायों को छोड़कर यूसीसी उत्तराखंड के सभी निवासियों पर लागू होगा। उत्तराखंड के यूसीसी कानून में विवाह और तलाक, उत्तराधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप और इनसे जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। यह कानून महिलाओं और पुरुषों के लिए शादी की एक उम्र तय करता है। इसके साथ ही सभी धर्मों में तलाक और दूसरी प्रक्रियाओं के लिए एक जमीन तय करता है।

यह कानून बहु विवाह पर भी प्रतिबंध लगाता है। इस कानून के तहत सिर्फ उन दो पक्षों के बीच विवाह हो सकता है, जिसका कोई जीवित जीवनसाथी न हो। साथ ही यह भी जोड़ा गया है कि दोनों कानूनी अनुमति देने के लिए मानसिक रूप से सक्षम हों। पुरुष की आयु कम से कम 21 वर्ष और महिला की 18 वर्ष होना जरूरी है। विवाह धार्मिक रीति-रिवाज या कानूनी प्रावधान के अनुसार हो सकता है। साथ ही इस कानून के लागू होने के बाद 60 दिनों के अंदर शादी को रजिस्टर कराना अनिवार्य होगा। यूसीसी के तहत सभी शादियों और लिव-इन रिलेशनशिप्स का रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। ऐसे केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर लोग अपने विवाह को ऑनलाइन रजिस्टर करने के लिए मदद ले सकते हैं ताकि सरकारी दफ्तरों की भागदौड़ न हो। 26 मार्च 2010 से पहले जो भी विवाह राज्य में या राज्य से बाहर हुआ है उसमें दोनों पक्ष साथ रहे हैं और कानूनी पात्रता रखते हैं वो कानून लागू होने के छह महीनों के अंदर विवाह का रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

यूसीसी कानून के मुताबिक, अगर पति-पत्नी के बीच कोई भी मनमुटाव होता है तो उसके लिए वह कोर्ट का रुख कर सकते हैं, जिसका समाधान कानून के आधार पर होगा। बहरहाल, उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के प्रभावी होने से कई लाभ होंगे। सबसे पहले, यह नागरिकों को एक समान कानूनी ढांचा प्रदान करेगा, जिससे व्यक्तिगत कानूनों में विभिन्नता की समस्या समाप्त हो जाएगी। इसके अलावा, यूसीसी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करेगा और उन्हें समान अधिकार प्रदान करेगा। यह धार्मिक और जातिगत भेदभाव को भी समाप्त करेगा और एक समान न्यायिक प्रणाली की स्थापना करेगा। दूसरे राज्यों को भी यूसीसी को लागू करने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह एक समान और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना में मदद कर सकता है। हालांकि, इसके लिए व्यापक चर्चा और विचार-विमर्श की आवश्यकता होगी, ताकि सभी हितधारकों की चिंताओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जा सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के महान क्रांतिकारी

**लाला** लाजपत राय को भारत के महान क्रांतिकारियों में गिना जाता है। आजीवन ब्रिटिश राजशक्ति का सामना करते हुए अपने प्राणों की परवाह न करने वाले लाला लाजपत राय को 'पंजाब केसरी' भी कहा जाता है। लालाजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल के प्रमुख नेता तथा पूरे पंजाब के प्रतिनिधि थे। उन्हें 'पंजाब के शेर' की उपाधि भी मिली थी। उन्होंने कानून की शिक्षा प्राप्त कर हिसार में वकालत प्रारंभ की थी, किंतु बाद में स्वामी दयानंद के संपर्क में आने के कारण वे आर्य समाज के प्रबल समर्थक बन गए। यहीं से उनमें उग्र राष्ट्रीयता की भावना जागृत हुई। लालाजी को पंजाब में वही स्थान प्राप्त है, जो महाराष्ट्र में लोकमान्य तिलक को प्राप्त है। लाजपत राय की शिक्षा पांचवें वर्ष में आरंभ हुई। सन 1880 में उन्होंने कलकत्ता तथा पंजाब विश्वविद्यालय से एंट्रेंस की परीक्षा एक वर्ष में उत्तीर्ण की और आगे पढ़ने के लिए लाहौर आ गए। यहां वे गर्वमेंट कॉलेज में प्रविष्ट हुए और 1882 में एफए की परीक्षा तथा मुख्तारी की परीक्षा साथ-साथ उत्तीर्ण की। यहीं वे आर्य समाज के संपर्क में आए और उसके सदस्य बन गए। 20 फरवरी, 1920 को जब लाला लाजपत राय स्वदेश लौटे तो अमृतसर में 'जलियांवाला बाग कांड' हो चुका था और सारा राष्ट्र असंतोष तथा क्षोभ की ज्वाला में जल रहा था। इसी बीच महात्मा गांधी ने 'असहयोग आंदोलन' आरंभ किया तो लालाजी पूर्ण तत्परता के साथ इस संघर्ष में जुट गए, जो सैद्धांतिक तौर पर रॉलेक्ट एक्ट के विरोध में चलाया जा रहा था। 1920 में ही उन्होंने पंजाब में असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसके कारण 1921 में आपको जेल हुई। इसके बाद लालाजी ने 'लोक सेवक संघ' की स्थापना की। उनके नेतृत्व में यह आंदोलन पंजाब में जंगल की आग की तरह फैल गया और जल्द ही वे 'पंजाब का शेर' या 'पंजाब केसरी' जैसे नामों से पुकारे जाने लगे। ■



लाला लाजपत राय
जन्म : 28 जनवरी, 1865
मृत्यु : 17 नवंबर, 1928

## कविता || न जाने क्यों



अनिल शर्मा नील

*अफवाह की आग फैली न जाने क्यों*
*लगाई यह आग किसने न जाने क्यों।*
*जिंदगी की उल्फत क्या होती है यारो*
*रोक ली सांस किसने न जाने क्यों।*
*तर्कों के बाजार में सवाल हैं बहुत*
*मारी है इंसानियत किसने न जाने क्यों।*
*आंसू सूख जाएंगे न्याय के दर पर*
*छोड़ दिए बिलखते किसने न जाने क्यों।*
*जलमग्न है जलगांव बहते नयन नीर से*
*की है सियासत किसने न जाने क्यों।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# दिल्ली चुनाव के नतीजे तय करेंगे 'आप' का भविष्य

5 फरवरी, 2025 को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 फरवरी, 2025 को घोषित होंगे। केवल इस विधानसभा चुनाव में अगर जीत न मिल पाई तो आम आदमी पार्टी (आप) का बिखरना तय माना जा रहा है। चुनाव में तो वैसे अनेक दल अपने उम्मीदवार खड़े किए हुए हैं, लेकिन चुनाव 'आप', भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। अपने 13 साल के राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहे 'आप' के सर्वेसर्वा और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की साख दांव पर है।



लेखक : मनोज कुमार मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

शराब घोटाले में छह महीने जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर बाहर आते ही उन्होंने विधानसभा चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। संभावित हार से आशंकित केजरीवाल हर रोज कोई न कोई घोषणा करके चुनावी बाजी पलटने में लगे हुए हैं। उनके कट्टर ईमानदार की छवि को शराब घोटाले से अधिक शीशमहल (मुख्यमंत्री की सरकारी कोठी पर करोड़ों खर्च करके महल बनाने का मामला) कांड ने खराब कर दिया है। कैग (सीएजी) रिपोर्ट ने उनके और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार के मामले उजागर करके उनको महाभ्रष्ट साबित कर दिया। उस रिपोर्ट को विधानसभा में न पेश करके उन्होंने अपनी खूब बेइज्जती करवाई। जिसे आम लोग कहते थे वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया। वे 'आप' को आप-दा कहने लगे हैं और उनका कहना है कि हार को टालने के लिए केजरीवाल रोज कोई न कोई घोषणा कर रहे हैं। 1998 से दिल्ली की सल्ला से बाहर रही भाजपा




इस बार पूरे दमखम से सत्ता पाने के लिए लगी हुई है। चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से लेकर देशभर के बड़े भाजपा नेता, अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री व नेता दिल्ली में सभा कर रहे हैं। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। हर सीट पर भाजपा ने कई स्तर के नेताओं को जिम्मेदारी दी है। गुटबाजी टालने के लिए भाजपा ने बिना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए चुनाव लड़ना तय किया है। चुनाव की घोषणा थोड़े ही दिन पहले हुई, लेकिन भाजपा तो काफी समय से केजरीवाल और उनकी टीम का पर्दाफाश करने में लगी हुई है।

इस बार सोशल मीडिया पर भी भाजपा 'आप' से काफी आगे है। केजरीवाल ने खुद पार्टी में शुरू से जुड़े अनेक बुद्धिजीवियों को पार्टी से अलग करके अपने हाथ काट लिए। अब उनका बचाव करने वाले बेहद नौसीखिए हैं जो रटा रटाया बयान दोहराकर अपनी और अपनी पार्टी की जगहंसाई करवा रहे हैं। सालों दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस साल 2013 यानी 'आप' के वजूद में आने के बाद से लगातार हाशिए पर पहुंचती जा रही है। लगातार 15 साल दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित 2013 का विधानसभा चुनाव न केवल खुद हारी, बल्कि कांग्रेस को 24.50 फीसदी वोट और केवल आठ सीटें मिली। 2015 के विधानसभा चुनाव में उसे कोई सीट नहीं मिली और उसका वोट औसत घटकर 9.71 फीसदी रह गया। इतना ही नहीं 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे केवल 4.26 फीसदी वोट मिले। अभी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का 'आप' से सीटों का तालमेल था। सात में से तीन सीटों पर कांग्रेस और चार पर 'आप' लड़ी। चुनाव से सभी सातों सीटें भाजपा लगातार तीसरी बार जीती।

कांग्रेस को 18.50 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस के ताकतवर हो जाने के डर से इस चुनाव में 'आप' ने कांग्रेस से समझौता नहीं किया, लेकिन कांग्रेस ने मजबूती से चुनाव लड़ना तय किया। कांग्रेस ने अपने मूल वोटर अल्पसंख्यक, दलित और पूर्वांचल (पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के मूल निवासी) के लोगों का समर्थन पाने के लिए चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। दिल्ली में मुस्लिम आबादी अब 12 से बढ़कर 15 फीसदी से ज्यादा हो गई है। 70 में से 17 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाता 20 फीसदी से ज्यादा हैं। इनमें सीलमपुर, मटिया महल, बल्लीमरान, ओखला, मुस्तफाबाद, किराड़ी, चांदनी चौक, गांधीनगर, करावल नगर, विकास पुरी, ग्रेटर कैलाश, कस्तूरबा नगर, बाबरपुर, मोतीनगर, मालवीय नगर, सीमापुरी और छत्तरपुर शामिल हैं। उन पर कांग्रेस के न केवल उम्मीदवार मजबूत हैं, बल्कि कांग्रेस पूरी ताकत से लगी है। इसी तरह 12 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी कांग्रेस ने पूरी तैयारी की है। दलितों में कांग्रेस का कुछ असर अब भी बचा है। उन इलाकों में कांग्रेस की सभा में भीड़ जुट रही है। पूर्वांचल के प्रवासी दिल्ली में सालों कांग्रेस का साथ देकर उसे सत्ता दिलाते रहे।

दिल्ली के 70 में से 42 सीटों पर पूर्वियों (पूर्वांचल के प्रवासी) का वोट 20 फीसदी से ज्यादा है। यह तीनों और दिल्ली के गांव का एक वर्ग अगर कांग्रेस से जुड़ जाए तो उसके पुराने दिन लौट आ जाएंगे। कांग्रेस इस चुनाव में धन-बल से इस प्रयास में लगी है। कांग्रेस के सबसे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी दिल्ली के अल्पसंख्यक इलाकों से जनसभा की शुरुआत कर चुके हैं। चुनाव प्रचार के दौरान जो दिल्ली का माहौल लग रहा है, उससे यही लग रहा है कि भले कांग्रेस मुख्य मुकाबले में न आ पाए, लेकिन इतने थोट पा जाएगी कि 'आप' के वोट औसत में भारी गिरावट होगी। इसका लाभ सीधे भाजपा को मिलना तय है। अगर मतदान तक हालात नहीं बदले तो इस बार दिल्ली की सरकार से 'आप' दूर हो सकती है। सभाओं के हिसाब से भी ज्यादा भीड़ भाजपा के नेता जुटा रहे हैं। हड़बड़ी में 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल गलतबयानी कर रहे हैं। हर रोज चुनाव प्रचार तीखा होता जा रहा है। चुनाव प्रचार में घटिया निजी आरोप लग रहे हैं। भाजपा लंबे इंतजार के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए और 'आप' हार से बचने के लिए कोई कोर-कसर छोड़ने को तैयार नहीं। वैसे तो हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है, लेकिन यह चुनाव 'आप' नेता के राजनीतिक जीवन का सबसे कठिन चुनाव बन गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षक की भूमिका

शिक्षक हमेशा से समाज के निर्माता और भविष्य के शिल्पकार रहे हैं, परंतु वर्तमान समय में, जब तकनीकी प्रगति, वैश्विक चुनौतियां और सामाजिक परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं, तब शिक्षक की भूमिका केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रह गई है।



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

अब शिक्षक को केवल ज्ञान का संचार करने वाला ही नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक, भावनात्मक सहायक और परिवर्तन के संवाहक के रूप में सेवाएं देने की आवश्यकता है। जैसे-जैसे समाज बदल रहा है, वैसे-वैसे शिक्षक की जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। कोविड-19 महामारी ने शिक्षा प्रणाली को जिस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित कर दिया। इसने शिक्षकों के समक्ष नई तकनीकों को अपनाने और अपने शिक्षण तरीकों को आधुनिक बनाने की चुनौती है।

सूचना के इस युग में जहां हर जानकारी एक क्लिक के साथ उपलब्ध है, शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान देने तक केंद्रित नहीं रह सकता, बल्कि शिक्षक को ज्ञान देने के साथ विद्यार्थियों को गहराई से सोचने, ज्ञान का विश्लेषण करने और सूचना का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की जरूरत हैं। विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल जैसे आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान, रचनात्मकता और टीम वर्क विकसित करने पर ध्यान देना जयादा प्रासंगिक है। बढ़ती पर्यावरणीय, नशा, खाद्य एवं मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के दौर में विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक सहायक की भूमिका निभाने की भी जरूरत है। इसके लिए शिक्षक को अब अपनी भूमिका को नए दृष्टिकोण से समझना होगा। बेशक शिक्षक बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन को सबसे पहले नोटिस करते हैं और उनकी समस्याओं को समझने और समाधान देने की कोशिश करते हैं।



वे विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करते हुए बिना भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में कार्य करते हैं एवं समानता की भावना विकसित करते हैं। शिक्षक को अब विद्यार्थियों के लिए पहले से कहीं अधिक भरोसेमंद मित्र और मार्गदर्शक के रूप में भूमिका निभाने की आवश्यकता है। वर्तमान में, जब शैक्षिक प्रणाली अंकों को प्राप्त करने पर केंद्रित हो गई है। ऐसे में शिक्षकों को यह आवश्यक हो गया है कि वे छात्रों को विषय के हिसाब से अंक प्राप्ति के साथ साथ वास्तविक शिक्षा प्रदान करने के तरीके खोजे। यह तभी संभव है जब छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से जुड़ी वास्तविक समस्याओं को हल करने में शामिल किया जाए।

उदाहरण के लिए यदि वे पर्यावरण का अध्ययन कर रहे हैं, तो उन्हें वास्तविक परियोजनाएं दी जानी चाहिए, जैसे कि, प्रदूषण को कम करने एवं कचरा प्रबंधन के लिए नवाचार,जंगल की आग रोकने के उपाय, पौधरोपण अभियानों में भागीदारी, राष्ट्रीय धरोहर स्थलों, वनस्पति उद्यानों और उद्योगों के भ्रमण के माध्यम से व्यवहारिक अनुभव प्राप्त कराना आदि। शिक्षक की भूमिका आज के समय में और भी व्यापक हो गई है और उनके सामने कई चुनौतियां हैं जैसे-नई तकनीकों को अपनाने का दबाव, विविध कक्षाओं का प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान, और प्रशासनिक कार्यों का बोझ आदि। ये सब शिक्षकों के लिए तनावपूर्ण हो सकता है, इसलिए शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें व्यावसायिक विकास के अवसर, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और उनके प्रयासों की सराहना की आवश्यकता है। एक बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षकों के योगदान को पहचानना, उनकी सहायता करना और उनकी भूमिका का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हर** मानव अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं चाहे परिस्थिति कोई भी हो, तो बड़ी बात है। उसे ही पढ़ा-लिखा कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं व आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है। आत्मसंयम के अभाव में हजारों लोगों का जीवन नष्ट हो जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियां इसलिए व्यर्थ हो गई कि उनमें अपने आपको वश में रखने की क्षमता नहीं थी। **रमन कुमार,अनसोली**

# अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी बात हो

**अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन भी है जरूरी**-हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया जाता है। मौलिक अधिकारों की तो हर कोई बात करना चाहता है, हर इंसान अपने अधिकारों के बारे में सोचते हैं, पर कुछ एक ही ऐसे हैं जो अपने कर्तव्य पथ पर भी आगे बढ़ना चाहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मौलिक कर्तव्यों के महत्व को समझना चाहिए तथा इन कर्तव्यों को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए।



लेखक : प्रत्यूष शर्मा
स्वतंत्र लेखक

**जिम्मेदार नागरिक बनें और कर्तव्य निभाएं**-भारतीयों को हमेशा इस तरह से शिक्षित किया जाता है और सिखाया जाता है कि वे अपने देश के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की दिशा में काम करें। मूल तथ्य यह है कि यदि नागरिक उम्मीद करते हैं कि उनका संविधान उन्हें कुछ अधिकारों का हकदार बनाता है, तो उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए, और इस तरह से चीजें सुचारु रूप से और सामंजस्यपूर्ण तरीके से संचालित होंगी।

**संविधान में अनुच्छेद-51 में मौलिक कर्तव्यों का वर्णन**—स्वर्ण सिंह समिति के तहत संविधान में 42वें संशोधन में भारतीय नागरिकों के लिए मौलिक कर्तव्यों की अवधारणा को पेश करने की योजना बनाई गई थी। भारतीय नागरिकों के सभी मौलिक कर्तव्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद-51 में सूचीबद्ध हैं। 1976 में, 10 मौलिक कर्तव्यों को आगे बढ़ाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन 2002 में एक और जोड़ दिया गया, जिससे मौलिक कर्तव्यों की कुल संख्या 11 हो गई।

**अधिकार और कर्तव्य एक साथ चलते हैं**-



राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की निरंतर याद दिलाता है मौलिक कर्तव्य प्रत्येक भारतीय नागरिक को याद दिलाते हैं कि सभी मौलिक अधिकारों के हकदार होने के साथ-साथ कुछ कर्तव्य भी हैं जिन्हें उन्हें एक महान राष्ट्र के निर्माण की दिशा में काम करते हुए पूरा करना चाहिए।

**मौलिक कर्तव्यों का महत्व-आइए अब जान लेते हैं कि हमारे जीवन में मौलिक कर्तव्यों का कितना महत्व है? -**

**असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी**-जो लोग बुनियादी नियमों का उल्लंघन करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, या किसी भी तरह से आम जनता की शांति में बाधा डालने में आनंद पाते हैं,

**प्रतिबद्धता और अनुशासन की भावना**-मौलिक कर्तव्य देशभक्ति की भावनाएं पैदा करते हैं और लोगों में प्रतिबद्धता और अनुशासन की भावना पैदा करते हैं। वे हमें देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की निरंतर याद दिलाते हैं और बताते हैं कि इनका पालन करना हमारे और पूरे देश के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

**यह निर्धारित करने में सहायता करें कि कोई कानून संवैधानिक है या नहीं**-जनहित के मामलों में, न्यायालय मौलिक कर्तव्यों का सहारा लेकर यह निर्धारित कर सकता है कि कोई विशेष निर्णय जनता के सामान्य हित में बाधा उत्पन्न करेगा या उनके पक्ष में काम करेगा। यदि कोई कानून मौलिक अधिकारों में से किसी एक को ऊपर उठाने का काम करता है, तो उसे वैध कानून घोषित किया जा सकता है

**उल्लंघन पर जुर्माना लगाना**- हर नागरिक को मौलिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। मौलिक कर्तव्यों के महत्व को न समझने और उनका उल्लंघन करने पर न्यायपालिका द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

**संप्रभुता बनाए रखना**- जब लोग किसी खास कर्तव्य को पूरा करने का लक्ष्य रखते हैं, तो उनमें भाईचारे और एकता की भावना पैदा होती है।

**मौलिक कर्तव्यों को अपनी क्षमता अनुसार पूरा करना जरूरी**-मान लीजिए कि कोई भारतीय नागरिक संविधान से यह अपेक्षा करता है कि वह उसके अधिकारों की रक्षा करे और उसे कुछ ऐसे अधिकार प्रदान करे जो उच्च जीवन स्तर सुनिश्चित करें। उस स्थिति में, देश के प्रति कुछ कर्तव्यों को पूरा करना उसका नैतिक कर्तव्य है। हालाँकि ये कानून द्वारा लागू नहीं किए जा सकते, लेकिन नागरिकों को यह समझना चाहिए कि कर्तव्य और अधिकार एक साथ चलते हैं। किसी को मौलिक कर्तव्यों के महत्व को समझना चाहिए और उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**सुधी** पाठकों के प्रिय दैनिक समाचार-पत्र अनंत ज्ञान से संबंधित अर्जित ज्ञान प्राप्त संपादक मंडल बहुत ही जानदार एवं शानदार तरीके से आधुनिक पत्रकारिता पर बल देते हुए छोटे से छोटा समाचार भी सुंदर फोटो सहित छप रहे हैं। अवसर विशेष पर मुख पृष्ठ का सिरा तरह तरह-तरह से रंग-बिरंगी हालत में सजाया जाता है जो देखते ही बनता है। आगे सुझाव यह भी है कि जिलों के छोटे स्थानों से छपी कुछेक खबरें ऐसी भी होती हैं जो मुख पृष्ठ या राष्ट्रीय आदि पृष्ठ पर लगने के काबिल होती हैं, जिनके चयन के लिए एक गहन नजर होनी अतिआवश्यक है ताकि उन खबरों को भी मुख पृष्ठ एवं हिमाचल/शिमला आदि वाले पृष्ठ पर बारी -बारी से स्थान मिल सके और वर्तमान समय में एक संवाददाता की मेहनत का पूरा- पूरा ख्याल कर स्तरीय समाचारों के लिए छंटनी का यह कार्य अति आवश्यक है। अपने इस समाचार पत्र में छापने सहित अनंत ज्ञान टीवी में रोजगार के अवसर अधिक से अधिक सामने लाने का प्रयास करें। रही बात नए वर्ष में छपने की तो पिछले हफ्ते संपादकीय समेत नीजि विचारों से भरे लेख, महाकुंभ से में संबंधित सामग्री, राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग अन्य गतिविधियों के छायाचित्र,नारी शक्ति विशेष बेहतर लगे तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का समाचार-पत्र भी मन भाया इसमें संपादकीय चार साल की ग्रेजुएशन और लेखों में गणतंत्र दिवस हर भारतीय के लिए गर्व और उत्साह का दिन बहुत अच्छे लगे। आगे भी अनंत ज्ञान नाम के अनुरूप यह कलम के सिपाही की यात्रा जारी रहे इसके लिए मेरी ओर से सारे अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं है। जय हिंद, जय हिमाचल!



**भीम बसेड़ू राजपूत, मंडी**
**मोबाइल : 9816129019**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र में नित दिन सामायिक विषय पर प्रकाशित लेख काबिले तारीफ है। विशेषता 20 जनवरी को अनंत ज्ञान में समरजीत जी द्वारा नशे पर अच्छा लेख पढ़ने को मिला जिसमें विस्तार से नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे गहराई से बताया गया है। नशा एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को हो तबाह कर देता है नशा छोड़ कर समाज व देश का भी नाम ऊंचा कर सकते हैं, क्योंकि नशा करने वालों को नशेड़ी कहा जाता है कोई उनसे प्रेम नहीं करता, यही सब सोचकर तुरंत इसे छोड़ने का प्रयास करना चाहिए। शरीर धीरे-धीरे खोखला हो जाता है। नशा का उल्टा शान बनता है यानी नशा छोड़ने में ही शान है वरना शरीर बन जाता श्मशान है। उम्मीद है कि भविष्य में भी इसी तन्मयता और संवेदनशीलता से सामाजिक विषयों को उजागर करते रहेंगे। शुभेच्छा के साथ आप का अपना।



**मुकेश विग**
**वरिष्ठ लेखक, सोलन**

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र वर्तमान समय में अन्य समाचार पत्रों के मुकाबले बेहतरीन कार्य कर रहा है। अन्य समाचार पत्रों में कुल्लू व लाहुल स्पीति की खबरों के पेज पर सिर्फ कुल्लू ही लिखा होता है जबकि खबरें लाहुल की भी होती हैं, लेकिन अनंत ज्ञान में कुल्लू व लाहुल-स्पीति का अपना पेज है समाज से जुड़े हर मुद्दे सहित हिमाचल प्रदेश से जुड़ी हर छोटी बड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। खास बात यह है कि इस समाचार पत्र में हर जिला की खबरें अलग अलग ढूंढने की जरूरत नहीं पढ़ती, हर जिले के अपने पेज हैं जहां पाठकों को आसानी से जिला के समाचार आसानी से मिल जाते हैं। जरूरत है तो पर्यावरण से संबंधित, किसान, युवा और बुजुर्गों से जुड़े विशेषांक की। जिसमें इस वर्ग से चुनौतियों को लेकर विस्तृत जानकारियां दी जा सकती हैं। इसी तरह नौकरी से जुड़ी जानकारियां और प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़ी ज्ञानवर्धक सामग्री के लिए भी कॉलम शुरू किया जा सकता है। वहीं, अनंत ज्ञान टीवी में सिर्फ हिमाचल ही नहीं वृंदावन, प्रयागराज सहित अन्य स्थानों के भी दर्शन करवाए जा रहे हैं, जो बहुत सराहनीय कदम है। इसके लिए अनंत ज्ञान संस्थान बधाई का पात्र है। हर गांव कुछ कहता सीरीज अच्छी चल रही है।



**किशन लाल, मनाली**
**मोबाइल 9816508884**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702 व 80914-50407***

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

मंडी में उमनाया जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह, धनी राम शांडिल बोले–

# प्रदेश में बन रहे 69 आदर्श हेल्थ सेंटर

**अनिल शर्मा, मंडी**

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने मंडी के सेरी मंच पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट एंड गाइड्स की टुकड़ियों द्वारा निकाले गए आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली।

इस अवसर पर धनी राम शांडिल ने कहा कि 26 जनवरी का दिन सभी भारतवासियों के लिए एक गौरवमयी दिवस है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत अनेक प्रभावी कदम उठा रही है। प्रदेश में 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाए जा रहे हैं। इनमें से 49 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 6-6 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल अनाथ बच्चों और बेसहारा वर्गों को सहारा देने के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य है।(अनंत ज्ञान)





(ऊपर) सलामी लेते हुए धनी राम शांडिल तथा (नीचे) सामूहिक चित्र में बच्चे व अन्य।

## महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**सांस्कृतिक** दलों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सिंग स्कूल की प्रशिक्षु छात्राओं ने नशा निवारण पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों, मार्च पास्ट में भाग लेने वाली टुकड़ियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। इससे पहले डॉ. शांडिल ने वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

जोगिंदनगर के प्रधानों को

## राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान





**जोगिंदनगर, अभिषेक।** गणतंत्र दिवस पर जोगिंदनगर के चौतड़ा ब्लॉक की पंचायत उटपुर के प्रधान संजय चौहान और ढेलू पंचायत की प्रधान सपना देवी को देश के प्रधानमंत्री और पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें देशभर में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले प्रधानों की सूची में शामिल होने के लिए प्रदान किया गया।

संजय चौहान और सपना देवी ने पंचायतों में उल्लेखनीय कार्य कर न केवल अपने इलाके का बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों प्रधानों ने प्रधानमंत्री और पंचायती राज विभाग द्वारा दिए गए कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हुई।

दिल्ली में आयोजित समारोह में देशभर से चयनित प्रधानों को सम्मानित किया गया। दोनों प्रधानों की इस उपलब्धि पर बधाई दी और इसे पंचायत क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।(अनंत ज्ञान)

# एसडीएम ने शहीदों को किया नमन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) सरकाघाट प्रांगण में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने समारोह की अध्यक्षता की।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस होमगार्ड व एनसीसी की टुकड़ियों द्वारा निकाले गए आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। एसडीएम ने विद्यालय में स्थित अमर शहीद ज्योति स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सांस्कृतिक दलों तथा मार्च पास्ट में भाग लेने वाली टुकड़ियों को भी सम्मानित किया।



गणतंत्र दिवस के दौरान कार्यक्रम का दृश्य।

# बल्ह पुलिस की टीम ने राष्ट्रीय ध्वज को दी सलामी

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

बल्ह विधानसभा क्षेत्र में गणतंत्र दिवस खंड स्तर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भंगरोटू में मनाया गया। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने समारोह स्थल पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। वहीं बल्ह पुलिस की सुसज्जित टीम ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। परेड में बल्ह पुलिस के अलावा स्थानीय विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

समारोह में पूर्व सैनिक विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे। इस मौके पर एक्स सर्विसमैन लीग की जिला अध्यक्ष कैप्टन हेत राम शर्मा व लीग के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समारोह में बल्ह थाना प्रभारी करण सिंह, व्यापार मंडल नेरचौक के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह व सदस्य तथा अन्य बहुत से गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने इस मौके पर स्कूली बच्चों व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। (अनंत ज्ञान)



राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए पुलिस कर्मी व साथ हैं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### ईएसएम लीग सरकाघाट ने मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्ससर्विसमैन लीग सरकाघाट ने 76 वां गणतंत्र दिवस सैनिक गेस्ट हाउस सरकाघाट के प्रांगण में आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सूबेदार मेजर विजय कुमार ने समारोह में आए हुए भूतपूर्व सैनिकों तथा वीरनारियों के स्वागत के साथ की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल अमरजीत सिंह ने ध्वजारोहण के साथ की तथा उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों को संबोधित किया। लीग द्वारा विशेष और वरिष्ठ पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चन्द, सचिव कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन रघवीर सिंह, कैप्टन हुक्कम चन्द, वाइस चेयरमैन, टीएस डोगरा, कश्मीर सिंह, सुवेदार मेजर विजय, सूबेदार मेज़र ओम प्रकाश, सूबेदार कृष्ण चंद, कैप्टन प्यारू, सुशील, सुरजीत, कर्म सिंह परमार, राम लाल, कैप्टन अनिल कुमार, कैप्टन बलदेव सिंह, हवलदार रत्न चन्द, हवलदार योगराज, हवलदार धर्म चन्द, हवलदार राजकुमार, नायब सूबेदार अच्छर सिंह, हवलदार कश्मीर सिंह तथा वीर नारियों में आरती देवी, सुनीता देवी तथा भवानी देवी इत्यादि मौजूद रहे।

### जिला न्यायालय परिसर में मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी ।** गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन न्यायालय परिसर मंडी में किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मंडी राजेश तोमर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय, सिद्धार्थ सरपाल, प्रधान न्यायाधीश, फैमली न्यायालय, धर्मशाला, ज्योत्सना सुमंत डढवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक कैथ, वरिष्ठ सिविल जज, उना विशाल कौंडल, सीजीएम, विक्रांत कौडल, सिविल जज टीना मल्होत्रा, जिला बार एसो. के पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### पुलिस ने 36 बोतल अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएलएल थाना पुलिस सुंदरनगर के दल ने नाके के दौरान एक कार सवार युवक को 36 बोतल देसी शराब के साथ धरा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम को पुलिस दल बी.एस.एल.मॉडल स्कूल के पास गश्त पर था। इस दौरान पुलिस ने एक कार को जांच के लिए रोका। कार की तलाशी के दौरान उसमें से 36 बोतल देसी शराब बरामद हुई। कार सवार पुलिस की मांग पर शराब का परमिट दिखाने में विफल रहा। जिस पर पुलिस ने कार सहित शराब को कब्जे में ले लिया है और आरोपी घनश्याम कुमार को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विशेष आर्थिक पैकेज बना सहायक : प्रेम सिंह

**कविता, पधर।** पहाड़ देखने में जितने खूबसूरत होते हैं, वहां की जिंदगी इतनी भी आसान नहीं होती। प्राकृतिक आपदाओं का संकट यहां निरंतर बना रहता है। मंडी जिला के पधर उपमंडल की ग्राम पंचायत उरला के बरठवान गांव के निवासियों ने न केवल इसे निकट से देखा बल्कि झेला भी है। भूस्खलन के कारण अपना घर-बार खो देने वाले गांव के प्रेम सिंह के लिए प्रदेश सरकार का विशेष आर्थिक पैकेज उम्मीद की नई किरण बना है। प्रेम सिंह 12 अगस्त, 2023 की बरसात को शायद कभी नहीं भूल पाएंगे। रुंधे गले से वह बताते हैं कि उस दिन भारी बारिश के बाद भूस्खलन से उनका आशियाना उजड़ गया। परिवार के लिए छत का प्रबंध करना कठिन जान पड़ रहा था। आंगन के एक कोने में ही छोटे से कच्चे कमरे पर छप्पर डालकर गुजारा कर रहा था। इसी बीच प्रदेश सरकार की ओर से घर बनाने के लिए सात लाख रुपए प्रदान करने की जानकारी मिली। इस पर प्रेम सिंह ने ऑनलाइन आवेदन किया। अब उन्हें यह राहत राशि मिल चुकी है, जिससे एक पक्का मकान बनाने में वे सक्षम हुए हैं। प्रेम सिंह ने बताया कि वे अपनी मां के साथ रहते हैं और खेती-बाड़ी ही आजीविका का मुख्य साधन है। ऐसे में नया घर बनाना दूर का सपना लग रहा था, मगर सरकार की समय पर मिली मदद ने इसे साकार कर दिया। उनके मकान का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है। इसके तहत पधर उपमंडल में लगभग 1.84 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। उपमंडल के सभी प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता की पहली किस्त में प्रति परिवार 6 लाख 80 हजार रुपए की राशि दी गई है। प्रभावितों को घर बनाने के बाद रंग-रोगन के लिए प्रति घर 20 हजार रुपये की राशि अंतिम किस्त के तौर पर दी जानी ही शेष है।

# सधोट स्कूल में अध्यापकों के पद खाली होने से बच्चे परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सधोट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो साल से रसायन विज्ञान, गणित व अन्य आठ अध्यापकों के पद खाली होने के चलते अभिभावकों को मजबूरी में बच्चों को यहां से दूसरे स्कूलों में भेजना पड़ रहा है। अब हालात ये हो गए हैं की 1905 में खुला स्कूल 2007 में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के रूप में स्तरोन्नत हुआ था, इससे अगले सत्र से प्लस टू क्लासें बंद हो सकती है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वे आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह और स्कूल के वार्षिक समारोह में भाग लेने वहां गए थे तो ये जानकारी प्राप्त हुई। जबकि बच्चों ने इस मौके पर बहुत ही प्रेणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिससे साफ झलक रहा था कि यहां के प्राध्यापक व विद्यार्थी अन्य किसी सरकारी व निजी स्कूलों से कम नहीं है लेकिन सरकार की उपेक्षा के कारण इसके ऊपर बंद होने के काले बादल मंडरा रहे हैं।

पंचायत प्रधान शारदा देवी, उपप्रधान कुलदीप ठाकुर, एसएमसी के संजीव कुमार गांववासी डॉ. कृपाल सिंह पूर्व प्रधान, मनोहर लाल, धर्मचंद, चंचला देवी, रक्षा देवी, विनोद, हिमाचल किसान सभा पंचायत कमेटी के अध्यक्ष बाला राम, प्रकाश वर्मा, सुरेश शर्मा, सुरेश ठाकुर, काश्मीर सिंह इत्यादि ने स्थानीय विधायक से मांग की है कि वे अगले शैक्षणिक सत्र से पहले यहां खाली पदों पर अध्यपकों के पदों को तुरन्त भरें ताकि यहां से बच्चों का पलायन रोका जा सके।

## विधायक का शिक्षा मॉडल हुआ फेल

**पूर्व** ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले दिनों यहां के विधायक ने धर्मपुर के शिक्षा मॉडल को पूरे हिमाचल प्रदेश में लागू करने बारे मीडिया में प्रचारित किया था लेकिन हकीकत ये है कि सधोट जैसा पुराना स्कूल उनके नेतृत्व में बंद होने जा रहा है और वे यहां के लिए बुनियादी अध्यापक भी उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं और अध्यपकों कि कमी के कारण ये स्कूल बंद होने के कगार पर है जिसके लिए उन्हें तुरंत कदम उठाना चाहिए। जनता में उनके प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा है और उनके कारण अब इस स्कूल से प्लस टु कक्षाएं बन्द होने के कगार पर हैं जो विधायक के तथाकथित शिक्षा मॉडल की पोल खोल रहा है।

# बहाव सिंचाई योजना से 56 किसानों की भूमि होगी सिंचित



सिंचाई योजना संबंधी जानकारी देते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई सरकाघाट के तहत बहाव सिंचाई योजना घुलानु का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

इस उप परियोजना का निर्माण कार्य लगभग 17 लाख की लागत से हुआ। जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. हेम राज वर्मा ने बताया कि इस परियोजना को 15 जनवरी को कृषक विकास संघ घुलानु को हस्तांतरित कर दिया गया है तथा इस उप परियोजना के निर्माण से क्षेत्र के 56 लाभार्थी किसानों की 7.79 हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाएगा। गांव घुलानु में बुनियादी इंजीनियरिंग कौशल कैंप का भी आयोजन किया गया।

# भूतपूर्व सैनिक लीग ने शहीदों को किया याद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भूतपूर्व सैनिक लीग संधोल इकाई ने सराय भवन में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सूबेदार गोपाल सकलानी ने ध्वजारोहण किया और पूर्व सैनिकों की एक टुकड़ी ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल खेम सिंह सेवानिवृत्त एवं भूतपूर्व सैनिक लीग संधोल ने की।

इस मौके पर हाल ही में स्वर्ग सिधारे पूर्व सैनिकों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया। इकाई के अध्यक्ष कर्नल खेम सिंह मंढोत्रा ने इकाई का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं के हितों और उनको आ रही समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं समस्याओं पर भी सुनवाई कर उचित सुझाव दिए गए।

# गाली-गलौज व मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महिला के साथ गाली-गलौज, धक्का मुक्की व जान से मारने की धमकी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में गीता देवी पत्नी प्रेम लाल निवासी गांव मझयार ने कहा कि वह एक अन्य महिला के साथ बात कर रही थी कि पता नहीं यहां पर कौन बीड़ी पीकर फेंक देता है। उनकी यह बात सुनकर पास ही खड़ा एक व्यक्ति बिना वजह उसे गंदी गालियां देने लगा। वहीं आरोपी ने धक्का मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने एक डंडा भी उठाकर उसके ऊपर फेंका।

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को चार माह से नहीं मिला वेतन

**कविता, पधर**

दैनिक वेतनभोगी व अंशकालिक कार्यकर्ता कर्मचारी संघ तहसील पधर व उप तहसील टिक्कन की बैठक कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में संघ की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्व सम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें दैनिक वेतन भोगी कुलदीप चंद को प्रधान, सत्य प्रकाश को सचिव, जोगिंदर सिंह को सह सचिव तथा कमलेश कुमार को उपप्रधान तथा सतीश, मनोज व हीरा लाल को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। नवनियुक्त प्रधान कुलदीप चंद ने बताया कि बैठक के दौरान सभी ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि गत चार माह से उक्त कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)



संघ के नवनियुक्त सदस्य जानकारी देते हुए।

# ब्रह्मदास चौहान दिल्ली में राजेश के लिए कर रहे प्रचार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। ब्रह्मदास चौहान को कांग्रेस हाईकमान की ओर से दिल्ली सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेश लिलोठिया के लिए चुनाव प्रचार करने का दायित्व सौंपा गया है।

ब्रह्मदास ने कांग्रेस प्रत्याशी राजेश लिलोठिया के साथ मिलकर दिल्ली सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र की सुंदर नगरी के सभी बूथों पर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया।



# वुशु खिलाड़ियों की टीम देहरादून रवाना



रवाना होने से पूर्व वुशु संघ के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों की टीम चित्र में।

**विनोद, नेरचौक**

वुशु एक्सीलेंस सेंटर कंसा से राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने के लिए हिमाचल प्रदेश वुशु खिलाड़ियों की टीम रवाना हो गई है। हिमाचल प्रदेश वुशु संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि 38वीं राष्ट्रीय खेले जो उत्तराखंड देहरादून में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित की जा रही है।

हिमाचल प्रदेश वुशु की शांशु एवं तालु टीम वुशु एक्सीलेंसी सैंटर कंसा मंडी से देहरादून के लिए रवाना की गई। टीम में ज्योति, पूनम, मधु, उमेश चौहान, आशीष चौहान, दिया राणा, शिवानी, आर्य सहित खेम सिंह टीम मैनेजर और चेतराम कोच शामिल है।

# खलवाहण पंचायत पर घोटाले के लगे आरोप

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

ग्राम पंचायत खलवाहण में एक बार फिर से वित्तीय घोटाले के आरोप लगे हैं। ग्राम पंचायत खलवाहण के पूर्व प्रधान भूप राम ने पंचायत में हो रही धांधली की शिकायत जिलाधीश मंडी को की है।

पंचायत प्रधान ने जिलाधीश को लिखे शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि पंचायत में वर्ष 2022 से अब तक विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। पूर्व प्रधान का कहना है कि कई विकास कार्यों में पत्थर के लाखों के बिल दर्शाए गए हैं, जब कि संबंधित वेंडर द्वारा कार्यस्थल पर पत्थरों की कोई आपूर्ति नहीं की गई और अधिकांश विकास कार्यों में मनरेगा मजदूरों द्वारा पत्थर ढोए गए हैं। भूमे राम ने शिकायत में आरोप लगाए हैं कि अधिकांश विकास कार्य मात्र कागजों में ही दर्शाए गए हैं।

पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया कि अधिकांश पशु शैड जमीन पर बने ही नहीं है जबकि मेटेरियल की आपूर्ति पूरी दर्शाई गई है। उन्होंने आरोप लगया है कि क्रेट वायर से बनने वाले डंगो में मात्र बिल दर्शाए गए हैं जबकि लागत के मुताबिक कार्य नहीं हुआ है।

## मेरे कार्यकाल में नहीं हुई काई अनियमितता : प्रधान

**पंचायत** प्रधान शिव राम ने कहा पंचायत के पूर्व प्रधान की मृत्यु हो चुकी है और उन्होंने अक्तूबर में कार्यभार संभाला है। उनके कार्यकाल में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं हुई है।

## क्या कहते हैं बीडीओ

**विकास** खंड अधिकारी बवनेश ने कहा कि पूर्व प्रधान द्वारा मौखिक शिकायत की गई थी। अगर जिलाधीश को शिकायत की गई है तो उसकी कॉपी मिलने के बाद कार्रवाई पर अमल किया जाएगा।

# बीबीएमबी कॉलोनी में मनाया गणतंत्र दिवस

**भीम बसेड़ू, महादेव।** बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में बीएसएल परियोजना के मुख्य अभियंता सुरेश कुमार यादव ने ध्वज फहराया। यादव ने देश की आजादी, एकता व अखंडता के लिए शहीद होने वाले अमर जे शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

समारोह का संचालन जहां अशोक शुक्ला ने किया वहीं परियोजना के उपमुख्य अभियंता वी के मीणा व एसके ठाकुर सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारियों सहित अन्य मौजूद रहे। उधर, बीबीएमबी पंडोह कॉलोनी में भी गणतंत्र दिवस गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसकी अध्यक्षता बीएसएल परिमंडल के अधीक्षण अभियंता रमेश ने की।

रोष | शहरी जनता की कमर तोड़ रही है सरकार की नीतियां : अजय धरवाल

# पानी के बिलों का विरोध, शहरी क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में पानी के बिलों में की गई भारी वृद्धि के खिलाफ आज उपमंडलाधिकारी नागरिक कार्यालय और जलशक्ति विभाग के कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में नगर परिषद के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने सरकार पर आम जनता के खिलाफ कार्य करने का आरोप लगाया।

धरवाल ने कहा कि पहले बिजली के दाम और गृह कर में बेतहाशा वृद्धि की गई और अब पानी के बिलों में 1,000 रुपए तक की वृद्धि कर दी गई है। उन्होंने कहा, जो पानी का बिल पहले तीन महीने में 710 रुपए आता था, वह अब 1,710 रुपए तक पहुंच गया है। महंगाई के इस दौर में यह वृद्धि आम आदमी के लिए असहनीय है।



धरना-प्रदर्शन करते हुए लोग।

## शहरी क्षेत्रों की जनता पर हो रहा अन्याय

**नगर** परिषद की अध्यक्ष ममता कपूर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य में, जहां पानी की कोई कमी नहीं है, पानी के बिलों में इस तरह की बढ़ोतरी तर्कसंगत नहीं है। पार्षद राजीव कुमार ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले महीने विरोध के बाद बढ़े हुए बिल वापिस ले लिए गए थे, लेकिन अब फिर से वही बिल थमा दिए गए हैं, जो जनता का अपमान है। (अनंत ज्ञान)

## आंदोलन की चेतावनी

**प्रदर्शनकारियों** ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पानी के बिलों में की गई वृद्धि को तुरंत वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। लोगोंन ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष प्रकट किया और बढ़े हुए बिलों को वापस लेने की मांग की।

## गरीबों की बढ़ी परेशानी

**पार्षद** शीला ने गरीब वर्ग की स्थिति पर चिंता जताई। महंगाई के इस दौर में गरीबों को राशन भी समय पर नहीं मिल रहा है, और जो मिल रहा है उसकी गुणवत्ता खराब है। बिलों में वृद्धि गरीबों की जीवनशैली पर गंभीर प्रभाव डालेगी।

# संविधान के प्रति आदर बनाए रखना चाहिए : एस. गुलेरिया



एससीसी आर्मी और एयर विंग कैडेट्स के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल ज्वालामुखी मंडी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि प्रधानाचार्य एस. गुलेरिया के आगमन के साथ हुई। राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। सुशील ठाकुर ने एक प्रेरक भाषण देकर समारोह का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य एस. गुलेरिया ने कहा कि हम सभी को स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के प्रति अपना आदर बनाए रखना चाहिए। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी निभाने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, खेम सिंह** (42 वर्ष) पुत्र वाला राम गांव पनाउ, मुहाल नाउ, डाकखाना व तहसील औट, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम पंचायत रिकार्ड, स्कूल प्रमाणपत्र व राशन कार्ड में मुकेश ठाकुर दर्ज है जोकि सही है। जबकि आधार कार्ड में विक्रान्त गलत दर्ज है, इसे दुरुस्त करके मुकेश ठाकुर किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा के दौरान स्ट्रेस दूर करने के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोअर बडेड़ा में सोमवार को प्राथमिक पाठशाला और सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को परीक्षा नजदीक आने पर होने वाले स्ट्रेस को कैसे दूर करें तथा नशे के प्रति जागरूक किया गया। रिसोर्सपर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को कहा कि किसी बात को को दिमाग में बार-बार रिपीट करने से स्ट्रेस होता है। परीक्षाओं के नजदीक यह अधिकतर बच्चों में पाया जाता है, जब भी ऐसी कोई नेगेटिव सोच दिमाग में आए तो उसे अपनी मजबूत इच्छा शक्ति से बाहर निकालिए या लंबे-लंबे सांस लेने से भी स्ट्रेस कम हो जाता है। माता-पिता को चहिए कि बच्चों को आध्यात्मिकबाद की तरफ भी जोड़ें ताकि बुराइयों की तरफ उनका ध्यान न जाए। अध्यापक भी नशे से दूर रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### हरोली भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** भाजपा मंडल बीत हरोली मे टाहलीवाल मे बाबा साहेब भीम राब अंबेडकर जी को याद कर संविधान गौरव दिवस मनाया, जिसकी अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार ने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का सभी उपस्थित कार्यकर्ताओ से आह्वान भी किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप मे पहुंचे भाजपा नेता प्रो. राम कुमार ने बताया कि भाजपा की केंद्र मे जब-जब सरकार बनी, तब बाबा साहेब अंबेडकर जी को भारत रत्न दिया गया जबकि कांग्रेस की सरकारें एक ही परिवार को बार-बार भारत रत्न से नबाजते रहे। उन्होंने बताया की भाजपा ने सदैव संविधान व संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जी का सम्मान किया है जबकि कांग्रेस ने इसके उलट किया है। इस मोके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलविंदर सिंह, अजय जोशी, रंजीत गागो, कुलबीर सिंह, जस्वीन्द्र सोढी, सत्या राणा, सयोकिता देवी, अंजना देवी, पवन बीटन, लखबीर लक्खी, कमल सैनी, रजत राणा, काकू प्रधान, अरुण कुमार, नवदीप सिंह, सत्यम जोशी, कुलदीप सिंह, प्रवीण जोशी, डॉक्टर केबल कृष्ण, अनूप शर्मा, विपण राणा, अशोक राणा, जसविंद्र सिंह, रिशु राणा, हैप्पी संधु, सोमनाथ शर्मा, गोविन्द राजपूत, सचिन कपिला, शिव कुमार, अमन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### टिकट नं. 24831 को निकला इलेक्ट्रिक स्कूटर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के रेफरल ड्रॉ में पहले इनाम में टिकट नंबर धारक 24831 को इलेक्ट्रिक स्कूटर निकला है। बता दें, जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रेडक्रॉस के पहले तीन ड्रॉ निकाले थे, शेष ड्रॉ उपायुक्त जतिन लाल ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में निकाले। रेफरल ड्रॉ में कुल 7 पुरस्कारों के लिए 63 टिकट नंबर निकाले गए हैं। रेफरल ड्रॉ में पहले विजेता टिकट नंबर 24831 को इलेक्ट्रिक स्कूटर निकला है, जबकि दूसरे पुरस्कार में टिकट नंबर 44044 और 17410 को 11 हजार रुपए की स्टील की अलमारी निकली है। इसके अलावा तीसरे पुरस्कार में टिकट नंबर 38412, 44861, 44906, 18413, 24063, 25060, 7505, 7652, 22548 और 20154 को मिक्सर ग्रेंडर या 2,500 रुपए, चौथे पुरस्कार में टिकट नंबर 25639, 43886, 12333, 8163, 8148, 21419, 24014, 13051, 11630, 11498 को प्रेशर कुकर या दो हजार रुपए, पांचवें पुरस्कार में टिकट नंबर 8662, 30911, 12926, 20267, 44752, 36499, 20626, 13378, 44158 व 21443 को सीलिंग फैन या दो हजार रुपए, छठे पुरस्कार में टिकट नंबर 48266, 1969, 22907, 7703, 37538, 5633, 37428, 18712, 27413 व 41025 को आयरन प्रेस या एक हजार रुपए निकला है। इसके अलावा 7वें पुरस्कार में टिकट नंबर 5661, 7981, 30608, 15271, 35267, 31267, 22321, 20040, 16135, 22157, 49821, 24836, 1370, 40594, 17520, 18050, 35816, 40948, 22647 व 8631 को दीवार घड़ी या चार सौ रुपए का इनाम निकला है। उपायुक्त ने बताया कि रेफरल ड्रॉ में जिन व्यक्तियों के टिकट नंबर निकले हैं, वे 30 दिनों के भीतर स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय स्थित रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कार्यालय में अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

# सौर ऊर्जा कैपिटल के रूप में विकसित हो रहा जिला : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री बोले-प्रदेश में पेयजल और सिंचाई योजनाओं पर खर्चे जा रहे 4500 करोड़, गणतंत्र दिवस पर बसंती रंगों से खिला ऊना

**राजेश शर्मा, ऊना**



गणतंत्र दिवस पर उपमुख्यमंत्री विभिन्न टुकड़ियों और एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स के कैडेट्स के मार्चपास्ट की सलामी लेते हुए।

भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर ऊना जिला बसंती रंगों में खिला दिखा। इस उपलक्ष्य पर राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने पुलिस व होमगार्ड की महिला तथा पुरुष टुकड़ियों और एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स के कैडेट्स द्वारा निकाले गए आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी ली।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस और देश के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में विकास की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में जलशक्ति से जन जीवन में समृद्धि लाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। प्रदेश में पेयजल और सिंचाई के कार्यों पर लगभग 4 हजार 500 करोड़ रुपए खर्चे जा रहे हैं। वहीं, ऊना जिले में पेयजल और सिंचाई की करीब एक हजार करोड़ की स्कीमों के काम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए जलशक्ति विभाग में ही प्रदेश में 10 हजार भर्तियां की जा रही हैं।

अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना का नाम देश में सबसे तेज गति से तरक्की करने वाले जिलों में है। हम यहां विकास को और रफ्तार देने के लिए वचनबद्ध हैं। ऊना को सौर ऊर्जा कैपिटल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिले में लगभग 153 मेगावाट क्षमता के सोलर प्रोजेक्ट स्थापित हो रहे हैं। ये प्रोजेक्ट लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत के हैं। ऊना के पेखूबेला में 32 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की गई है। 10 मेगावाट की अघलोर सौर ऊर्जा परियोजना और 5 मेगावाट की भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी लोग सौर ऊर्जा परियोजना लगाने को आगे आ रहे हैं। लगभग 80 मेगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट निजी क्षेत्र में लग रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में 2 हजार करोड़ से बन रही बल्क ड्रग पार्क परियोजना न केवल हमारे जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक क्रांतिकारी शुरुआत है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार 1-1 हजार करोड़ का पूंजी निवेश करेगी।

बल्क ड्रग पार्क परियोजना से जुड़े जलशक्ति विभाग के 66 करोड़ रुपए के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। इसका बिजली का काम जारी हैं। 450 करोड़ से ज्यादा के कामों के टेंडर लगाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गोबिंदसागर लेक के साथ पर्यटन को बढ़ावा देकर कुटलैहड़ को विश्व स्तरीय टूरिज्म डेस्टीनेशन के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा ऊना जिले के मलाहत में बनाए जा रहे पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही लोगों को इसकी सुविधा मिलनी आरंभ हो, इसके लिए प्रदेश सरकार पूर्णरूप से सहयोग कर रही है। इस अवसर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक में जाकर अमर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर ऊना के विधायक सतपाल सत्ती, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य विजय डोगरा, डॉ. आस्था अग्निहोत्री, राज्य परिवहन प्राधिकरण के सदस्य रणजीत राणा और अशोक ठाकुर, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## राय मेहतपुर स्टेशन के प्लेटफार्म की ऊंचाई लंबाई बढ़ाई जाए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सोमवार को ऊना जिले के अंतर्गत पड़ते मेहतपुर के युवाओं द्वारा जिला उपायुक्त जतिन लाल को ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें उनके द्वारा सरहिंद- दौलतपुर चौक रेललाइन के बीच पड़ते राय मेहतपुर हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई और ऊंचाई को बढ़ाने के साथ मेहतपुर और संतोषगढ़ सड़क पर राय मेहतपुर स्टेशन के समीप स्थित रेलवे फाटक की जगह रेलवे अंडरपास के निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा गया।

इसमें मुख्य रूप से मेहतपुर वार्ड नंबर 2 के रहने वाले अभि ठाकुर ने बताया कि राय मेहतपुर स्टेशन पर तीन पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव है, परंतु स्टेशन की हालत बहुत ज्यादा दयनीय हैं। उत्तर रेलवे और अंबाला रेलवे मंडल इस समस्या का समाधान करें ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अभी ठाकुर, निखिल शर्मा, अंकित चौधरी, गौरव चौधरी, पर्नव, दक्ष, अंकित, शानू, हितेश आदि युवा मौजूद रहे।

## सनराइज संस्था प्रवासी मजदूरों की जिंदगी में भर रही नया उजाला, मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, ऊना**



सनराइज संस्था के प्रतिनिधि झांकी के साथ।

जिले की मलिन (स्लम) बस्तियों में स्वास्थ्य की अलख जगाने वाली सनराइज संस्था को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। इस संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. विजय डोगरा की सोच पर यह संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रही है। बाहरी राज्यों के प्रवासी समुदाय जिनमें मेहनत मजदूरी करने वाले अधिकांश लोग शामिल हैं, जिनकी झुग्गी-झोपड़ियां भी एक समाज का हिस्सा हैं, जिनमें हजारों की संख्या में लोग रहते हैं।

यह उपेक्षित आबादी स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की समस्याओं का एक बड़ा स्रोत बन चुकी थी, जिसके चलते औपचारिक स्वास्थ्य क्षेत्र को निपटना चुनौती से कम नहीं था। स्वास्थ्य और स्वच्छता विषयों की ऐसी स्लम बस्तियों के लोगों को जानकारी का अभाव और कई अन्य कारण हैं जिससे वे स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहते हैं, जरूरत थी कि ऐसी स्लम बस्तियों तक भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो और ऐसे लोग स्वास्थ्य के प्रति शिक्षित अथवा जागरूक हो सकें, ऐसे समय में डॉ. विजय डोगरा की सोच से ऊना जिले की राज्य में सामाजिक सरोकारों पर कार्य करने वाली सनराइज संस्था ऐसे लोगों के जीवन में नया उजाला लेकर पहुंची। संस्था के पदाधिकारी महेंद्र पॉल डोगरा ने बताया विकट परिस्थितियों में ऐसे क्षेत्रों में संस्था के लोग जरूरतमंद लोगों को अस्पताल तक पहुंचाकर उनका उपचार कराने अथवा उन तक दवा पहुंचाकर सेवा कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग और एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से संस्था खासकर ऐसे लोगों को एड्स और अन्य गंभीर रोगों के बारे जागरूक किया जा रहा है।

## संबंधित दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि संशोधित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि निदेशक पंचायतीराज एवं आयुक्त गुरुद्वारा चुनाव हिमाचल प्रदेश से प्राप्त शेड्यूल के अनुसार निर्वाचन नामावलियों से संबंधित दावे व आक्षेप दाखिल करने और निपटाने की तिथियों में संशोधन किया गया है।

उन्होंने बताया कि सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव (एसजीपीसी) के नियम 6 (1) के तहत दावे और आपत्तियां दाखिल और प्राप्त करने की अवधि अब 10 मार्च, 2025 तक रहेगी। इसके अलावा सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव नियम, 1959 के भाग 10 (3) के तहत प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का निपटारा 11 से 24 मार्च तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 मार्च से 15 अप्रैल, 2025 तक संक्षिप्त नामावलियों को छपाई के लिए तैयार कर लिया जाएगा तथा 16 अप्रैल, 2025 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

## बाहरी क्षेत्र के व्यापारियों के खिलाफ स्थानीय व्यापारी हुए मुखर

**विवेक शर्मा, अंब**

**विधायक बबलू से की मुलाकात कर अंकुश लगाने की रखी मांग**

क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आकर गली मोहल्लों में जाकर व्यापारिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले व्यापारियों के खिलाफ व्यापारी लामबंद हो गए हैं। इसी को लेकर सोमवार को क्षेत्र के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मिला और ऐसे लोगों पर अंकुश लगाने की मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि बाहरी क्षेत्रों से आने वाले व्यापारी न केवल स्थानीय व्यापारियों के व्यापार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए भी सवालिया निशान हैं। बाहर से आने वाले यह व्यापारी स्थानीय लोगों को अलग-अलग तरह की स्कीमों पर छूट का लालच देकर उनके साथ संपर्क बनाने का प्रयास करते हैं और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। बड़ी बात है कि ऐसे लोगों का पुलिस या स्थानीय पंचायत के पास रिकार्ड नहीं होता है। इसके चलते कोई अप्रिय घटना होने पर इन्हें पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापारी यहां एक तरफ से सरकार के अगल-अलग विभागों में पंजीकृत होने के साथ टेक्स अदा करके विकास कार्यों में अपनी भूमिका निभाते हैं, वहीं सामाजिक सरोकारों में भाग लेकर आम जनमानस को लाभ पहुंचाते हैं। स्थानीय व्यापारियों ने विधायक से बाहर से आने वाले चललाएमान व्यापारियों के खिलाफ सरकार के समक्ष बात उठाने की बात रखी, वहीं प्रशासन से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग रखी।

## डीसी इलेवन ने एनयूजे इलेवन को हराया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी : तेजपाल**

डीसी इलेवन और हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के बीच ऊना झलेड़ा पुलिस मैदान पर रोमांचक क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ, जिसमें डीसी 11 ने हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की टीम को एकतरफा मुकाबले में पराजित कर दिया। हालांकि दोनों टीमों ने जोरदार प्रतिस्पर्धा की।

हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 15 ओवर में 71 रन बनाए, जबकि डीसी 11 की टीम ने शानदार बैटिंग करते हुए 3 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी पूरी मेहनत और कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का दिल जीत लिया। मैच के अंत में डीसी / एसपी 11 ने जीत दर्ज की, लेकिन हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की टीम ने भी अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष से प्रशंसा प्राप्त की। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर मुख्यातिथि के रूप में मैहतपुर रायपुर सहोड़ा के समाजसेवी तेजपाल शर्मा ने शिरकत की। आयोजन में विशेष रूप से दीपक भारद्वाज, योगराज शर्मा, विजय कुमार के साथ-साथ राजेंद्र शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर तेजपाल शर्मा ने कहा कि आज प्रशासन व प्रेस के बीच बड़ा ही रोमांचक मैच हुआ, जिसमें युवाओं को एक संदेश देने का प्रयास किया गया कि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे।

वहीं, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन और भी करवाए जाने चाहिएं जिससे लोगों को नशे की बुराइयों को लेकर जागरूक किया जा सके, ताकि युवा पीढ़ी समाज मे फैली बुरी कुरीतियों को छोड़ मैदान में अग्रसर हो। खेल प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग ले।

वहीं, मैच में बेस्ट बेट्समैन का खिताब एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम व बेस्ट बॉलर का खिताब एसपी ऊना संजीव भाटिया को दिया गया। मैच के बाद आयोजकों ने दोनों टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया और इस खेल को क्रिकेट के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया। वहीं, इस मौके पर एचपीयूजे जिला अध्यक्ष भारत भूषण व महामंत्री स्पर्श शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त भारत ब टीवी मुक्त ऊना चलाए गए अभियान में लोगों को इसके नुकसान से अवगत कराने के लिए आज प्रेस व प्रशासन के बीच मैच आयोजित किया, जिसमें हमें भरपूर समर्थन प्रशासन और समाजसेवियों द्वारा मिला।

हम इस सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन खास तौर पर उपायुक्त ऊना जतिन लाल व एसपी ऊना राकेश सिंह व तमाम अधिकारियों का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने इस मुहिम को आगे चलाने के लिए अपना कीमती समय निकाला। वहीं, इस टूर्नामेंट को सफल बनाने वाले सहयोगियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जोगिंदर देव आर्य व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कतना को सफल आयोजन की बधाई दी।

## कुटलैहड़ को बकरी पालन हब बनाने पर पशुपालन अधिकारियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र में बकरी पालन को प्रोत्साहित करने और इसे एक हब के रूप में विकसित करने में अहम योगदान देने वाले जिला पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा और वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने सम्मानित किया। यह सम्मान जिला प्रशासन द्वारा उनकी अद्वितीय सेवाओं और क्षेत्र के पशुपालन उद्योग को एक नई दिशा देने के लिए प्रदान किया गया। ज्ञात रहे गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में राज्य सरकार के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे थे। कुटलैहड़ क्षेत्र में बकरी पालन के विकास के लिए दोनों अधिकारियों ने न केवल किसानों को प्रशिक्षित किया, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीकों और बेहतर प्रजातियों की जानकारी भी उपलब्ध कराई। उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा ने क्षेत्र में बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं और सरकारी अनुदान की व्यवस्था सुनिश्चित की।

वहीं, डॉ. राजेश कुमार जंगा ने किसानों को बकरियों की देखभाल, स्वास्थ्य और बेहतर उत्पादन के गुर सिखाए। कुटलैहड़ क्षेत्र में बकरी पालन को कृषि और पशुपालन के साथ जोड़कर इसे एक समग्र विकास मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस प्रयास ने न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है।

डॉ. विनय शर्मा ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं है, बल्कि पूरे पशुपालन विभाग और किसानों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। वहीं, डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक मेहनत करने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की प्रेरणा देगा। जिला प्रशासन ने कहा कि उनके प्रयासों से कुटलैहड़ को एक मॉडल हब के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जिसे अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

## राज्य स्तर पर थ्रो बॉल में ऊना लड़कों और लड़कियों की टीम बनी चैंपियन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



खिलाड़ियों को सम्मानित करते कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

खेल और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बंगाणा में आयोजित राज्य स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते हुए खेलों में उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। विधायक विवेक शर्मा ने प्रतियोगिता में तीन प्रतिशत कोटा निर्धारित करने की घोषणा की, जिससे थ्रो बॉल जैसे खेल के प्रति खिलाड़ियों की रुचि और अधिक बढ़ेगी।

विधायक विवेक शर्मा ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने, टीम भावना को बनाए रखने और अनुशासन के साथ खेलने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार कर रही है। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों ने विधायक द्वारा की गई घोषणाओं की सराहना की। खिलाड़ियों ने कहा कि तीन प्रतिशत कोटा तय करने से उनकी प्रतिभा को पहचान मिलने और सरकारी नौकरियों में अवसर प्राप्त करने का रास्ता खुलेगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले युवाओं को मंच प्रदान करना है। विवेक शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में बड़ी संख्या में खेल प्रतिभाएं हैं, जो सीमित संसाधनों और अवसरों के कारण अपना पूरा प्रदर्शन नहीं कर पातीं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उनके लिए एक नई उम्मीद जगाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल स्टेडियम, आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षकों की व्यवस्था पर जोर दे रही है।

**आयोजन** कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ : प्रतियोगिता में 22 टीमों ने की जोर-आजमाइश

## मंदली बना कबड्डी चैंपियन, टक्का उपविजेता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता को ट्रॉफी देते गणमान्य और उपस्थित खिलाड़ी।

कुटलैहड़ में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का समापन शानदार तरीके से हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में मंदली की टीम ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि टक्का की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया, जो क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का प्रमाण था।

मंदली की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया और हर मैच में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मंदली टीम के 87 अंक वहीं, टक्का के 27 अंक रहे, जिस कारण मंदली ने टक्का को 60 अंक से हराया। वहीं, रेडर अभिषेक राणा अकेले फाइनल मुकाबले में 67 अंक लेकर विजेता टीम के मैन ऑफ द मैच बने। फाइनल मैच में दर्शकों ने खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्धन किया। मंदली के खिलाड़ियों ने टीम वर्क और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत सुनिश्चित की।

हालांकि, टक्का की टीम फाइनल में हार गई, लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में वह मंदली को कड़ी टक्कर नहीं दे पाए। सांसद खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि इस कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया, जो स्थानीय स्तर पर खेल के प्रति बढ़ते उत्साह और प्रतिभा का परिचायक है। खेल महाकुंभ के माध्यम से युवाओं को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। यह प्रतियोगिता क्षेत्रीय खेलों को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने का बेहतरीन प्रयास साबित हुई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील शारदा रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने आयोजकों और प्रतिभागियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि खेल महाकुंभ जैसे आयोजन खेल प्रतिभाओं को निखारने में मददगार साबित होते हैं। मुख्यतिथि के अलावा, स्थानीय दर्शकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में भाग लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में ऐसे और भी आयोजन होंगे, जो स्थानीय खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद करेंगे।

## गगरेट में गणतंत्र दिवस समारोह एक बार फिर बना प्रशासन की लापरवाही का प्रतीक

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**डीसी जतिन लाल ने दिया जांच का आश्वासन**

गगरेट में आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का प्रतीक बन गया। इस बार भी स्थानीय पंचायत और नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों को समारोह में बुलाने की जरूरत नहीं समझी गई और न ही मीडिया को आमंत्रित किया गया। यह प्रशासन की लगातार दोहराई जा रही गलतियों का ही परिणाम है, जिनके कारण उसे पहले भी कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।

जनप्रतिनिधियों और मीडिया की अनदेखी से प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, जो अब केवल प्रशासन नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को भी चुनौती दे रहे हैं। विगत रहे कि गत वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को नजरअंदाज किया गया था, जिसके लिए प्रशासन को मीडिया में तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार भी प्रशासन ने कोई सुधार नहीं किया, जिससे उसकी कार्यशैली पर और सवाल खड़े हो गए हैं।

पत्रकारों का कहना है कि प्रशासन का यह रवैया न केवल मीडिया की उपेक्षा है, बल्कि यह सही और समय पर जानकारी के प्रवाह को भी प्रभावित करता है। पत्रकारों ने सवाल उठाया कि प्रशासन मीडिया को आमंत्रित करने से क्यों बच रहा है। क्या यह उनकी पारदर्शिता पर सवाल उठने का डर है या फिर यह उनकी कार्यशैली को छिपाने का एक प्रयास है?

गगरेट नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल कुमार नीलू ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा केवल हमारे सम्मान का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का भी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे आयोजनों में जनप्रतिनिधियों और मीडिया को शामिल नहीं किया जाना है, तो इन्हें बंद कमरे में आयोजित करना ही बेहतर है। इस रवैये को उन्होंने प्रशासन की डिक्टेटरशिप करार दिया और इस मुद्दे को मुख्यमंत्री और जिलाधीश के समक्ष उठाने की योजना बनाई है।

गगरेट पंचायत प्रधान ईशु मेहता ने भी प्रशासन के रवैये की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर हम सरकार का अभिन्न हिस्सा हैं और इस प्रकार की अनदेखी न केवल हमारे प्रतिनिधित्व का अपमान है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ भी है। इस मुद्दे पर ऊना के डीसी जतिन लाल ने कहा कि मीडिया से उन्हें इस मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने इसे गंभीर विषय मानते हुए प्रशासन के इस रवैये की जांच करने का आश्वासन दिया।

## बच्चों की प्रस्तुतियों ने किया भाव-विभोर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

इसके बाद, स्थानीय विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय गीत गाकर समारोह का शुभारंभ किया। पुलिस विभाग, एनएसएस और एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भव्य परेड ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। समारोह में कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों और पूर्व सैनिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बंगाणा में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में पहली बार कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य और आंगनवाड़ी विभाग की प्रदर्शनियों लगाई गई जो कि लोगों में आकर्षण का केंद्र रहीं।



काजा में गणतंत्र दिवस पर कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा बेहतरीन कार्य करने वाली महिला को सम्मानित करती हुईं।




एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो नगवाईं स्थित कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक, परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।



भुट्टि वीवर्ज सहकारी सभा द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में बतौर मुख्यातिथि सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने बढ़ाया प्रदेश का नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** दिल्ली के राजपथ पर आयोजित 26 जनवरी के राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में हिमाचल ने एक बार फिर अपना गौरव बढ़ाया। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेम चंद ठाकुर और स्वयंसेवी बेबी शर्मा ने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। डॉ. खेम चंद चंडीगढ़ क्षेत्रीय निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में कंटिंजेंट इंचार्ज के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका चयन भारत सरकार के युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया है। इसी के साथ, कुल्लू कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेवी बेबी ने गणतंत्र दिवस परेड 2025 में हिस्सा लेकर प्रदेश का मान बढ़ाया। वह वर्तमान में कुल्लू कॉलेज की एनएसएस इकाई में सक्रिय रूप से कार्यरत है। उनका चयन उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा और सच्ची मेहनत का परिणाम है। गर्व की बात यह है कि गत वर्ष (2024) भी कुल्लू कॉलेज से आनी के बिश्लधार क्षेत्र की एनएसएस छात्रा नेहा ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व किया था। लगातार दो बार कुल्लू कॉलेज से आनी क्षेत्र की बेटियों ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व कर अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का परिचय दिया।

### संभाव्यता युक्त ऋण योजना का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार ने वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिकता क्षेत्रों जैसे कृषि बागवानी पशुपालन आवास शिक्षा नवीकरणीय ऊर्जा और सूक्ष्म लघु और मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) के लिए 2541 करोड़ के ऋण आवंटन की संभाव्यताओं पर तैयार प्रपत्र का विमोचन किया। कुल्लू के लिए नाबार्ड द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई संभाव्यता युक्त ऋण योजना का विमोचन करते हुए अश्वनी कुमार ने यह जानकारी दी। वर्ष 2025-26 में नाबॉर्ड द्वारा 2541 करोड़ के ऋण क्षमता का आकलन किया गया है, जिसमें कृषि क्षेत्र के लिए 1446 करोड़, एमएसएमई क्षेत्र के लिए 979 करोड़, शिक्षा, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा, निर्यात, सामाजिक अवसंरचना आदि के लिए 115 करोड़ की ऋण क्षमता शामिल है। इसके साथ सीएसएस योजना के तहत किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति (डीएमसी) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक एफपीओ की विस्तृत समीक्षा की गई और एफपीओ को विभिन्न लाइसेंस जैसे बीज, मंडी, उर्वरक, कीटनाशक, एफएसएसएआई, जीएसटी, ऋण सुविधाएं और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एफपीओ को शामिल करने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

### 1385 किसान अपना चुके प्राकृतिक खेती को



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल सरकार की प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से उगाई मक्की को राज्य सरकार द्वारा किसानों से 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदा गया व इसका आटा बनाकर राज्य के उचित मूल्य की दुकानों पर 50 प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है। लाहौल-स्पीति के परियोजना उपनिदेशक डॉ. वर्षा गुप्ता व डॉ. अर्जुन कुमार ने केलांग में विधायक अनुराधा राणा व डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार को हिम-भोग मक्की आटा भेंट किया। इस दौरान विधायक अनुराधा राणा ने प्राकृतिक खेती में जिला लाहौल में हो रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि घाटी में बढ़ते रसायनों के उपयोग को प्राकृतिक खेती के द्वारा ही कम किया जा सकता है, ताकि मिट्टी व लोगों के स्वास्थ्य को रसायनों से होने वाली हानि से बचाया जा सके। डीसी ने प्राकृतिक खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की व ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। विधायक ने बताया कि लाहौल-स्पीति में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कुल 60 लाख बजट प्राप्त हुआ, जिसमें से अब तक 48 लाख खर्च किया जा चुका है। जिले में अब तक 1385 किसान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं।

### विकास कार्यों के बारे में की विस्तार से चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में जिला दंडाधिकारी कार्यालय में सांसद आदर्श ग्राम योजना की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कुल्लू की गाहर पंचायत में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गाहर पंचायत में 118 विकास कार्यों को स्वीकृति मिली थी, जिसमें से 72 विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं अथवा पूर्ण होने की कगार में हैं, जिन्हें मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जिनमें बिजली की एचटी लाइन में तारें डालना व बीएसएनएल के टावर के अधूरे काम को पूरा करना आदि शामिल हैं। कुछ विकास कार्य पूर्ण होने के बाद भी बजट की कमी व अनापत्ति प्रमाण पत्र के उपलब्ध न होने से अभी तक पोर्टल पर नहीं चढ़े हैं। शेष बचे 46 विकास कार्य, जो 2023 में आई आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुए थे और बजट की कमी के चलते रुके हैं, उन्हें सांसद आदर्श ग्राम योजना से बाहर करने बारे आगामी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 5 फरवरी को पुलिस विभाग द्वारा गाहर पंचायत में एकदिवसीय सजगता कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रयासरत

## कुल्लू में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, केलांग में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने फहराया तिरंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर कुल्लू में जहां प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराया। वहीं, लाहौल-स्पीति में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली। ढालपुर में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण व परेड की सलामी के बाद मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में विधायक कुल्लू, सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड़, विधायक बंजार सुरेंद्र शौरी, पूर्व मंत्री खीमी शर्मा, डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन सहित विभिन्न अधिकारी एवं पंचायतीराज संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।। वहीं, भुट्टि वीवर्ज सहकारी सभा द्वारा भी 76वें गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में बतौर मुख्यातिथि सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय गीत व धवजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभा के अन्य पदाधिकारी व बुनकर मौजूद रहे।



उधर, एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो ने अपने नगवाईं स्थित कार्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यपालक निदेशक, परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने इस अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने परियोजना की सुरक्षा में लगे पूर्व सैनिकों द्वारा परेड की सलामी ली। वहीं, इसके अलावा आनी, बंजार व मनाली में भी उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस मनाया गया।

### लाहौल-स्पीति विकास की दृष्टि से पीछे नहीं



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस ग्राउंड केलांग में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की। सर्वप्रथम मुख्यातिथि ने तिरंगा फहराया उसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया व पुलिस, होमगार्ड, वन व स्थानीय पाठशालाओं के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई भव्य परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति विकास की दृष्टि से पीछे नहीं है तथा प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। जनजातीय क्षेत्रों का समान और संतुलित विकास तथा जनजातीय लोगों का कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। वहीं, उन्होंने जिले के तीन अधिकारियों को राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति जिले के डीसी, एसपी व एसडीएम को सम्मान मिलना जिले के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर विभिन्न विभागों व अन्य बेहतरीन कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। उधर, काजा व उदयपुर में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया।

### राज्यपाल ने ठाकुर दास राठी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पर 25 जनवरी को गेयटी थियेटर शिमला में समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर कुल्लू जिले से संबंध रखने वाले किंग ऑफ नाटी ठाकुर दास राठी को इलेक्शन स्टेट आइकॉन के नाते आमंत्रित किया गया था। समारोह के दौरान राठी को लोकसभा चुनाव में लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने के योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्य निर्वाचन अधिकारी, अतिरिक्त राज्य निर्वाचन अधिकारी, राज्यपाल के सचिव, डीसी शिमला, एसपी शिमला सहित पूरा प्रशासन तथा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। राठी ने निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## विकासात्मक कार्यों पर 4.76 करोड़ की राशि होगी खर्च

### विधायक ने कहा-अनावश्यक रूप से वित्तीय कार्यों की देनदारियां उत्पन्न न करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में लाहौल उपमंडल की परियोजना सलाहकार समिति की तृतीय तिमाही बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक अनुराधा राणा ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत संचालित की जा रही कार्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने के लिए विशेष प्राथमिकता रखें। उन्होंने कहा कि लाहौल उपमंडल के विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर 45 करोड़ 76 लाख की राशि व्यय की जा रही है।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारी जनजातीय उपयोजना



के तहत निर्धारित तय मापदंडों के अनुसार व लोगों की आवश्यक मांगों के अनुरूप ही विकास कार्य को विशेष प्राथमिकता के आधार पर करवाएं। बैठक में भौतिक व वित्तीय उपलब्धियां की भी उन्होंने समीक्षा की। विधायक ने निर्देश जारी किए कि शेष वास्तविक नई स्कीमों को परियोजना सलाहकार समिति से अनुमोदित अवश्य करवाएं। उन्होंने कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य, पशुपालन बैंक अधिकारियों को संयुक्त रूप से विभिन्न योजनाओं से संबंधित लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए निरंतरता से शिविरों का आयोजन भी सुनिश्चित बनाएं और संबंधित पंचायतों के साथ समन्वय भी अवश्य बनाएं। उन्होंने उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग को स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा पर बल देने के साथ-साथ नैतिक शिक्षा पर भी जोर देने के लिए कहा और नशे के बढ़ते चलन की रोकथाम के लिए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल करने को कहा। बैठक में जिला लाहौल-स्पीति में महिला गृह रक्षक की इकाई स्थापित करने व कमांडेंट होमगार्ड का कार्यालय भी स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उन्होंने गत तिमाही में करवाए गए विकास कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के तहत ही विकास कार्य को तरजीह दी जाए। तोद घाटी व उदयपुर में हेलिपोर्ट के निर्माण के लिए चयनित भूमि के लिए सभी औपचारिकताएं जल्द पूर्ण की जाएं और शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त स्थलों को जल्द चिन्हित किया जाए।

## सैंज वैली विकास समिति ने की सड़क बहाल करने, सुरक्षा दीवार लगाने की मांग



**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज वैली विकास समिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष बुध राम की अध्यक्षता में कार्यापालक निर्देशक पार्वती जल विद्युत परियोजना स्टेज-2 निर्मल सिंह को बकशाहल गांव की बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क की बहाली करने के लिए जेसीबी मशीन व टिप्पर की मांग रखी व 400 मी. तक सड़क की सुरक्षा के लिए क्रेट वायर लगाने की मांग रखी।

बकशाहल टापू की मालकियत भूमि व मकानों को बचाने के लिए, क्रेट वायर लगाना अति आवश्यक है क्योंकि सिउड बांध से बकशाहल गांव को बराबर खतरा बना हुआ है, जिसमें सैंज आने जाने में स्कूली बच्चों व बूढ़ों तथा आम जनता को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सड़क की प्रोटेक्शन के लिए क्रेट वायर लगाना आवश्यक है। बकशाहल टापू में आधा दर्जन परिवार की जमीन व चार मकान बीच टापू में फंस चुके हैं। यह लोग न घरों में रह सकते हैं। कभी भी जान माल का खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस बारे पहले भी बकशाहल गांव की जनता ने लिखित रूप में एनएचपीसी प्रबंधन को अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक सुखद परिणाम सामने नहीं आए हैं।

## सुहानी के सिर सजा विंटर क्वीन का ताज

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/मनाली**

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में मुख्य आकर्षण रहने वाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता में इस बार कांगड़ा जिले की सुहानी कटोच के सिर शरद सुंदरी 2025 का खिताब सजा है। इसके अलावा सिरमौर से अमीषा ठाकुर प्रथम उपविजेता, जबकि मनाली से अदिति नेगी द्वितीय उपविजेता रही।

पहले राउंड में सुंदरियों ने रैंप पर कैटवॉक किया और अपनी प्रतिभा दिखाई। कड़े मुकाबले के बीच सुहानी कटोच ने विंटर क्वीन-2025 का ताज अपने नाम किया। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सभी सुंदरियों को ताज पहनाया और भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विंटर क्वीन 2025 के ताज के लिए 20 सुदंरियों में कांटे की टक्कर हुई। कड़े मुकाबले में शिमला से हिमानी खन्ना, मनाली से अदिति नेगी, सिरमौर से अमीषा ठाकुर, मंडी से इशिता राणा व कांगड़ा से सुहानी कटोच ने शीर्ष पांच में जगह बनाई। इन पांच को महिला विषय पर प्रश्न का उत्तर देने को कहा। सभी ने अपने अपने हिसाब से सवाल का जवाब दिया। अंत मे इन पांच




सुंदरियों के बीच ताज को लेकर कड़ा मुकाबला हुआ। इन सभी प्रतिभागियों ने शीर्ष पांच में जाने के लिए अपनी प्रतिभा के जोहर दिखाए। 22 जनवरी को मनु रंगशाला में 20 सुंदरियों का पहला राउंड हुआ था, जिसमें कैटवाक व परिचय हुआ। 22 को मनु रंगशाला में युवक की मौत हो जाने से 23 को सांस्कृतिक संध्या नहीं करवाई गई। 24 को सभी सुंदरियों ने अदिती नेगी, अमीषा ठाकुर, अनिता, हिमानी खुराना, इशिता राणा, कोमलप्रीत कौर, महिमा कटोच आदि ने मनु रंगशाला में अनेकता में एकता का संदेश दिया। पांचवी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने शिकरत की। उन्होंने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### कुलदीप शर्मा व रमेश ठाकुर के नाम रही आखिरी सांस्कृतिक संध्या

## शिल्पा शिमले आलिये... पर नाचे दर्शक

**एम बोकटापा, मनाली**





राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली स्टार कलाकार कुलदीप शर्मा व रमेश ठाकुर के नाम रही। इस सांस्कृतिक संध्या में जहां विंटर क्वीन प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, अन्य विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर कुलदीप शर्मा ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर सभी दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने सतगुरु बंदना से कार्यक्रम की शुरआत की। उन्होंने नाटी नाचे तारा रा, ना कुल्लू किनोरो, मंडी वाली संजना पे दिल आ गया, इना बड़िया जो तड़का लाना हो ठेकेदारनिये, शिल्पा शिमला आलिये गाने गाकर दर्शक नचाए। वहीं, इससे पहले रमेश ने तेरा रुमाला जम्मू कश्मीरा मेरा रूमाला सेलनुआ, मनमोजी हो मैं तो मनमौजी हो, अम्मा जुले अम्मा जुले लाहुले री टोपी बड़ी बांकी, आंगमो लाई लाला, बाला तेरी शिल्मे री जैसे गाने गाकर दर्शकों को नचाया। लोकगायक कुशल वर्मा ने भी दर्शकों को खूब नचाया। कुशल वर्मा ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर माहौल को रंगीन बना दिया। हेमराज वर्मा ने किसी के नाक में हीरा, पर्दा है पर्दा पर्दे के पीछे गाना गाकर खूब समा बांधा। डिंपल ने लाल लाल सेउ रा दाना, बबलिये काली काली तेरी आखी रा इशारा, लाल चिड़िये हो लाल चिड़िये गाने गाकर धमाल मचाया। पल्लवी ठाकुर, देवेंद्र, खेमराज, दीवान, हर्ष, हिमांशु, गोरी नेगी, नितिन ठाकुर, हेम प्रकाश, वरुण कुमार, शारदा शर्मा, मनसा, टशी, सजंय, वीरेंद्र राहुल, रवि कुमार, पवन कुमार, पवन ठाकुर, मीनाक्षी देवी आदि ने भी समा बांधा। शेलश बौद्ध, कार्तिक, उर्मिला, बाल किशन व अंकुश के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें कार्तिक व्यास वायस ऑफ कार्निवाल बने। (अनंत ज्ञान)

**प्रतियोगिता** समूह गान में सत्यनारायण महिला मंडल लीगन प्रथम, जगतसुख दूसरे व रामपुर तीसरे स्थान पर

## पाताल महिला मंडल हलाण-2 बना नाटी का सरताज

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल गणतंत्र दिवस में पाताल महिला मंडल हलाण-2 ने नाटी ने पहला स्थान प्राप्त कर 20 हजार का इनाम जीता। वहीं, नाटी का दूसरा पुरस्कार महिला मंडल उशलीधार ने अपने नाम किया व गणपति महिला मंडल डोभी तीसरे स्थान पर रहा।

उशलीधार को 15 हजार व डोभी को 10 हजार का नकद इनाम दिया गया। समूह गान प्रतियोगिता में सत्यनारायण महिला मंडल लीगन प्रथम, भुवनेश्वरी महिला मंडल जगतसुख दूसरे व नीलकंठ महिला मंडल रामपुर को तीसरा स्थान मिला। इन महिला मंडलों को क्रमश: 10, 7 व 5 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा भौंऊरु प्रतियोगिता में सेवती देवी विजेता चुनी गई। उन्हें 3000 रुपए का नकद इनाम दिया गया। आशियां ग्रुप द्वारा सभी महिला मंडलों को ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह में होटलियर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर एवं होटलियर इंद्र ठाकुर ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। 11 बजे प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर मनाली से पार्षद चंद्रा प्रधान व कल्पना ठाकुर, ग्राम पंचायत हलाण-2 सीमा, फलोत्पादक मंडल महासचिव राजीव ठाकुर, गिरीश वर्मा, पुष्पा ठाकुर, वार्ड पंच नीरू चांदनी सहित व्यापार मंडल के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### इन्हें मिला सम्मान

**इस** वर्ष सतीश सूद को अध्यापन, गायन एवं बेहतरीन मंच संचालन के लिए आशियां ग्रुप के सलाहकार धर्मेंद्र शर्मा एवं भीखम राम लंबरदार द्वारा विजय लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी सहित 5000 हजार की राशि दी गई।

### कलाकारों ने बांधा समां

**सांस्कृतिक** कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए नामी कलाकारों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें हनी नेगी ने हिमाचली गीत गाकर खूब समां बांधा। शिवानी ठाकुर ने हिमाचली नृत्य कर वाहवाही लूटी। इसके अलावा आशियां ग्रुप के मंच संचालक सिमरन भारद्वाज व रविंद्र कारवा ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। हिमाचली गायक संतोष तोशी, डोनी चौहान, उर्मिला दीपक, ने भी देशभक्ति के गीत गाए।

## वित्तीय देनदारियों को अनावश्यक रूप से लटकाने पर सरकार के प्रति रोष: गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

25 जनवरी को बैजनाथ में आयोजित 55वें हिमाचल पूर्ण राज्यत्व दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स को मंहगाई भत्ते की देय तीन किस्तों और जनवरी-2016 से देय संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर की घोषणा न करने से हिमाचल प्रदेश के लाखों पेंशनर्स और कर्मचारियों को निराशा हाथ लगी है।



यह बात हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, महासचिव मिलाप चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर ठाकुर, उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के महासचिव खुशाल चंद नेगी सहित अन्य ने कही। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि प्रदेश के लाखों पेंशनर्स और कर्मचारी पूर्ण राज्यत्व दिवस पर मंहगाई भत्ते की लंबित अतिरिक्त किस्त सहित संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर के भुगतान की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस बाबत कोई बड़ी घोषणा नहीं की। हालांकि, मुख्यमंत्री ने विगत दो साल में राज्य सरकार की उपलब्धियों में कर्मचारियों और पेंशनर्स को 11 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की तीन किस्तें जारी करने का जरूर जिक्र किया, लेकिन यह अतीत की बात है। राज्य सरकार द्वारा पेंशनर्स और कर्मचारियों की वित्तीय देनदारियों को अनावश्यक रूप से लटकाने से प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स में राज्य सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। यदि राज्य सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स की लंबित वित्तीय देनदारियों का समय रहते एकमुश्त भुगतान नहीं किया, तो प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स को संघर्ष की राह पकड़ने को बाध्य होना पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ


### हिमाचल में पुलिस भर्ती का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग ने कांस्टेबल (पुरुष एवं महिला) के पदों पर भर्ती के लिए दक्षिणी रेंज के चार जिलों में शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया है। सबसे पहले सिरमौर, सोलन, शिमला और किन्नौर जिले की भर्ती होगी। इसमें सिरमौर जिले में ग्राउंड टेस्ट 11 फरवरी से 20 फरवरी तक चंबा ग्राउंड नाहन में होंगे, जिसमें 11,202 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। सोलन में 25 फरवरी से 6 मार्च तक पुलिस लाइन सोलन में उम्मीदवारों के ग्राउंड टेस्ट होंगे, सोलन में 9,275 आवेदन आए हैं। महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को अवकाश रहेगा। वहीं, शिमला में पुलिस लाइन भराड़ी में 11 मार्च से 22 मार्च तक ग्राउंड टेस्ट लिए जाएंगे, शिमला के 12,795 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। शिमला में भी होली के अवसर पर 14 मार्च को अवकाश रहेगा। इस रेंज में आखरी में किन्नौर जिले में 27 और 28 मार्च को मिनी स्टेडियम कल्पा में भर्ती होगी, किन्नौर में 1,350 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। विभाग की जानकारी के अनुसार सभी उम्मीदवारों को सुबह 7 बजे परीक्षण स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। सबसे पहले महिला उम्मीदवारों का परीक्षण होगा, उसके बाद पुरुष उम्मीदवारों की बारी आएगी।

### शराब के नशे में पिया कीटनाशक, तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शराब के नशे में कीटनाशक का सेवन करने से गंभीर हालत में चिकित्सालय पहुंचाए गए एक युवक ने आठ दिन बाद दम तोड़ दिया। सोलन के एसपी गौरव सिंह से मिली जानकारी के अनुसार कंडाघाट उपमंडल के धंधील क्षेत्र के भुइरा बाग गांव निवासी 28 वर्षीय रोहित अपने भाई के साथ ढोल के जुब्बड़ में करियाने की दुकान व ढाबा चलाता था। 17 जनवरी को उसने घर पर जाकर अत्यधिक शराब पी और नशे में घर पर रखी कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे क्षेत्रीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमक उपचार के बाद उसे आईजीएमसी शिमला के लिए रेफर कर दिया गया। 25 को चायल पुलिस चौकी को सूचना मिली कि रोहित की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस जानकारी पर चायल पुलिस चौकी से एक टीम आईजीएमसी पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

### नौणी में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल द्वारा तिरंगा फहराने से हुई। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर इस अवसर पर विशिष्टातिथि एवं मुख्यवक्ता रहे। प्रो. चंदेल द्वारा परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद विश्वविद्यालय के 115 एनसीसी कैडेट, 29 एनएसएस वालंटियर और विश्वविद्यालय के 25 सुरक्षाकर्मियों द्वारा मार्च पास्ट की गई। इस मार्च पास्ट में पहली बार विश्वविद्यालय के 22 स्कॉट्स ने भी भाग लिया।

### पच्छाद में शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सराहां।** 76वां गणतंत्र दिवस उमंडल पच्छाद में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपमंडल पच्छाद के मुख्यालय सराहां में उपमंडल स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने अपने संदेश में सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### सिविल कोर्ट राजगढ़ में फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर सिविल अदालत परिसर राजगढ़ में सिविल जज एवं न्यायिक मेजिस्ट्रेट रितु सिन्हा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस जवानों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर डीएवी स्कूल राजगढ़ के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया। रितु सिन्हा ने उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन भारतवर्ष के लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है।

### धर्मपुर में सैनिकों की शहादत को किया याद



**अनंत ज्ञान, कसौली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय पूर्व सैनिक लीग हिमाचल प्रदेश धर्मपुर उपइकाई द्वारा आयोजित समारोह बेहद उत्साह और गर्व के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यातिथि एयर कमोडोर विनोद खन्ना (सेवानिवृत्त) और उनकी धर्मपत्नी नीलम खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कर्नल गुरदीप सिंह और कर्नल एमआईएस चौहान (सेवानिवृत्त) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और देशभक्ति गीतों के साथ हुई। धर्मपुर उपइकाई के अध्यक्ष सूबेदार मेजर सचिदानंद शर्मा (सेवानिवृत्त) ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस सिर्फ एक पर्व नहीं, यह हमारे सैनिकों की वीरता, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों और संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि का प्रतीक है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आजादी और गणतंत्र की यह सुबह असंख्य बलिदानों की बदौलत आई है।

### शहीदों की वीर नारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय अर्की में 76वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर याजविंद्र पॉल उपमंडलाधिकारी अर्की ने बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम भारत की सेनाओं के दम पर सुरक्षित हैं। हमें सेना का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### लाना भलटा में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पच्छाद के लाना भलटा में रेणुका बांध परियोजना और नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद परमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि नेहरू युवा केंद्र के अतिरिक्त जिला युवा अधिकारी सुरेंद्र शर्मा और रेणुका बांध परियोजना के कपिल ठाकुर व अमिता चंदन विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस खेलकूद प्रतियोगिता में जिला भर से लगभग 30 टीमों ने हिस्सा लिया। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि युवा अधिक से अधिक खेलकूद में भाग लें, ताकि वे नशे से दूर रहकर अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधार सकें।

# बेहतर रोजगार प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : धर्माणी

## सोलन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं के कौशल को निखारकर उन्हें बेहतर रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजेश धर्माणी ऐतिहासिक ठोडो मैदान में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

मंत्री ने इससे पूर्व राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, गृहरक्षा और राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आयोजित भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली। पुलिस उपनिरीक्षक विनय ने परेड का नेतृत्व किया। उन्होंने कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं जिलावासियों की ओर से वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राजेश धर्माणी ने कहा कि बेहतर रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए सतत् कौशल उन्नयन आवश्यक है। प्रदेश सरकार युवाओं को कृत्रिम मेधा, ड्रोन तकनीक, डाटा साईंस तथा




मार्च पास्ट की सलामी लेते मुख्यातिथि नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी।

रॉबोटिक्स जैसे भविष्य के विषयों में दक्ष बनाने के लिए कार्य कर रही है। सोलन जिले के नालागढ़, सोलन तथा महिला आईटीआई नालागढ़ सहित प्रदेश के 11 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ड्रोन सेवा तकनीशियन पाठ्यक्रम आरंभ कर दिया गया है। वर्तमान में इस पाठ्यक्रम में 128 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सोलन के अर्की स्थित आईटीआई में फाइबर टू होम तकनीशियन तथा आईटीआई नालागढ़ में रसायन संयंत्र विषय में मेंटेनेंस मैकेनिक पाठ्यक्रम आरंभ किया गया है। हिमाचल कौशल विकास परियोजना के तहत प्रदेश के 50 आईटीआई, एक बहुतकनीकी तथा एक इंजीनियरिंग कॉलेज में मशीनरी तथा उपकरण उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य पर अब तक 81 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं और 6 हजार छात्र इससे लाभान्वित हो रहे हैं। वाकनाघाट के समीप लगभग 120 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटन, आतिथ्य और सूचना प्रोद्यौगिकी के उत्कृष्टता केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभूतियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा तथा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सोलन के ऐतिहासिक ठेडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया।

मंत्री ने इस अवसर पर अदम्य साहस और अपनी जान की परवाह न कर उच्च मानवीय संवेदना के प्रदर्शन के लिए रितिक चौहान को सम्मानित किया। रितिक चौहान ने 10 अप्रैल, 2024 को दो बच्चियों को ट्रेन की चपेट में आने से बचाया था, लेकिन वह स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गए थे और पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान उनकी एक टांग काटनी पड़ी। उन्होंने रितिक चौहान को 25 हजार रुपए तथा योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृष चौहान को 11 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर वर्ष-2003 में जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा में शहीद सुदेश कुमार, सेना मेडल की धर्मपत्नी मंजू बाला को सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने तथा स्वच्छता अभियान के अग्र दूत के लिए राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की के प्रधानाचार्य राज कुमार को सम्मानित किया।

मंत्री ने कनाह स्कूल की मुख्याध्यापिका ममता गुप्ता को शिक्षण कार्यों में नवाचार, बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए 11 उच्च अधिकारियों के संघर्ष को शब्दों में ढालकर 'संघर्ष से शिखर तक' पुस्तक लिखने, बच्चों के लिए गणित और विज्ञान सुगम बनाने के लिए अपनी कमाई से खरड़हट्टी विद्यालय में प्रदेश का पहला साईंस पार्क बनाने के लिए सम्मानित किया। उन्होंने वाणिज्य विषय के प्रवक्ता और प्रमाणीकृत जूडो कोच वीरेंद्र सिंह धौल्टा को स्कूल समय के उपरांत जूडो की निशुल्क कोचिंग देने, वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर के 30 जूडो खिलाड़ी तैयार करने के लिए सम्मानित किया। मंत्री ने शमरोड़ स्कूल के जेबीटी शशि पॉल को विद्यालय में आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित करने, सरकारी विद्यालय के छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन के लिए निशुल्क कोचिंग देने और हर घर पाठशाला के तहत अंग्रेजी विषय के डिजिटीकरण के लिए सम्मानित किया।

### शूलिनी में मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने 76वां गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि शूलिनी विश्वविद्यालय के ट्रस्टी सतीश आनंद और अशोक आनंद थे। समारोह की शुरुआत सतीश आनंद, अशोक आनंद के अलावा अध्यक्ष इनोवेशन प्रोफेसर आशीष खोसला और निदेशक संचालन ब्रिगेडियर एसडी मेहता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रदर्शन किया। राग रंग क्लब शूलिनी विश्वविद्यालय ने एक भावपूर्ण समूह गीत प्रस्तुत किया, जो देशभक्ति के गौरव से गूंज उठा, इसके बाद संकाय सदस्यों के बच्चों द्वारा एक मनमोहक नृत्य प्रदर्शन किया गया। सहायक प्रोफेसर अनुपमा चंदेल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के योग विभाग ने भारत की प्राचीन परंपराओं के अभिन्न अंग के रूप में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग प्रदर्शन किया।

# अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में देश भक्ति गीत प्रस्तुत करते छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन ने देश का 76वां गणतंत्र दिवस और हिमाचल राजत्व दिवस हर्षोल्लास से मनाया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत किया और एसीटी के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत गाया गया। दो विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस और हिमाचल राज्यत्व दिवस पर भाषण दिया। एसीटी के अध्यक्ष डॉ. केडी रयोट ने छात्रों को इन दो बेहद खास दिनों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने समारोह में आए विभिन्न अतिथियों का धन्यवाद किय और शैक्षणिक वर्ष-2024 के लिए एसीटी के टॉपर्स छात्रों को पुरस्कार वितरित किए।

# नाहन से शिफ्ट होगा मेडिकल कॉलेज

**अनंत ज्ञान, नाहन**



जिला मुख्यालय नाहन स्थित मेडिकल कॉलेज शहर से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा, ताकि मेडिकल कॉलेज के लिए खुला स्थान मिल सके। यह बात जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कही।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि वर्ष-2011 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने हिमाचल को तीन मेडिकल कॉलेज दिए थे, जिनमें एक मेडिकल कॉलेज जिला सिरमौर को भी मिला है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने बाकायदा मेडिकल कॉलेज भवन के लिए 180 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए थे , लेकिन मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को एक स्थान पर चालू किया गया, जिसके चलते सीमित स्थान होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि जल्द ही जिला मुख्यालय नाहन से मेडिकल कॉलेज को अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही स्थान का चयन कर लिया जाएगा।

जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने जो गारंटियां दी थी। उन 10 गारंटियों में से 6 गारंटियां पूरी कर ली गई हैं। कांग्रेस ने यह गारंटियां 5 वर्षों के लिए दी हैं न की पहली कैबिनेट में इन गारंटियों को पूरा करने का वादा किया था।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने पिछले दो वर्षों में 32, 000 पद स्वीकृत किए हैं, इनमें से 13000 युवाओं को 2 वर्षों में सरकारी नौकरियां दी गई है। उद्योग मंत्री ने कहा कि जिला सिरमौर में 58 हजार, 445 पात्र वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर 76 करोड़ 77 लाख रुपए व्यय किए गए तथा वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान जिले में 9 हजार, 642 ने प्रार्थियों के पक्ष में पेंशन स्वीकृत की जा चुकी है।

# शिलाई में लगेंगे 150 बिजली ट्रांसफॉर्मर

## शिलाई प्रवास के दौरान बाली कोटी में हर्षवर्धन चौहान ने सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास कार्यक्रम के दौरान बाली कोटी पंचायत के चाकरी कंडयारी, कांडीया कोटी, चौयला एराना तथा बाली में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं तथा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता रही है।



उद्योग मंत्री ने कहा कि वह सेवा की भावना से राजनीति करते हैं तथा आम जन विकास को देखकर अपना वोट करते हैं तभी शिलाई की जनता ने उन्हें छह बार विधायक बनाकर अपना विश्वास जताया है। मात्र घोषणाओं से क्षेत्र का विकास नहीं होता इसलिए वह बजट प्रावधान के साथ विकास कार्य सुनिश्चित करते हैं। इस कार्यकाल में उनके द्वारा शिलाई में लगभग 200 करोड़ के विकासात्मक कार्यों के लिए बजट स्वीकृत करवाया गया है, जिसमें 19 करोड़ की लागत से शिलाई में 100 बिस्तरों का अस्पताल, 5 करोड़ से रोहनाट कॉलेज भवन का निर्माण, 1 करोड़ 25 लाख से लोक निर्माण विभाग के विश्राम ग्रह में अतिरिक्त कमरों का निर्माण कार्य तथा टिंबी में आईपीएच विश्राम ग्रह का निर्माण, कफोटा में आईटीआई का भवन का निर्माण, बद्दी शरली मानपुर, बधाना, बाग हवडा, ठोंठा जाखल आदि पेयजल योजनाएं, कमरऊ तथा सतौन में स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य, 15 करोड़ से निर्मित होने वाली सालवाला-सतौन सड़क यह सड़क कच्ची ढांग पर शिलाई मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में जल्द 150 बिजली ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। इसके अतिरिक्त सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए बहुत सी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### होटल में युवक मृत अवस्था में मिला


**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के राजगढ़ रोड स्थित होटल केके 40 में ठहरा युवक मृत अवस्था में मिला। युवक ने होटल के आगंतुक रजिस्टर में अपना नाम व मोबाइल नंबर गलत लिखवाया था, लेकिन उसके द्वारा लिखाए गए पते के आधार पर पुलिस उसके माता-पिता की तलाश करने में सफल रही। पिता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे का नाम अरुण है और तीन जनवरी को घर से किसी को कुछ भी बताए बिना लापता हो गया था। वह अपना मोबाइल फोन भी घर पर ही छोड़ कर गया था। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि केके होटल के प्रबंधक की सूचना पर सिटी चौकी की टीम होटल में पहुंची और कमरा अंदर से बंद था। पुलिस को होटल प्रबंधक ने बताया कि कमरे के दरवाजा बार-बार खटखटाने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हो रही है। इस पर पुलिस ने वार्ड पार्षद को मौके पर बुलाया, तो अंदर युवक का शव बिस्तर पर अधलेटी अवस्था में मिला।

# बगलैहड़ नदी में अवैध खनन करते पकड़े जेसीबी व टिप्पर

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

**एनजीटी के नियमों के तहत मामला दर्ज कर शुरू की जांच**

पुलिस थाना नालागढ़ के तहत पुलिस चौकी जोघों ने अवैध खनन पर एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बगलैहड़ नदी में एक जेसीबी मशीन और एक टिप्पर लगाकर अवैध खनन किया जा रहा है।



पुलिस की टीम ने मौके पर रेड मारकर अवैध खनन कर रहे एक जेसीबी और टिप्पर को पकड़ लिया और उनके खिलाफ पुलिस ने एनजीटी के नियमों अनुसार मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी की नदी में अवैध खनन चल रहा है, तो पुलिस की टीम ने मौके पहुंच कर बागलैहड़ नदी में रेड की तो मौके से पुलिस ने एक जेसीबी और एक टिप्पर को पकड़ा और पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। दोनों वाहनों के मालिकों के खिलाफ एनजीटी के नियमों अनुसार मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

उनका कहना है कि सभी थाना प्रभारियों को अवैध खनन को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं कि कहीं पर भी अगर अवैध खनन हो रहा है, तो मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई करें।

**जागरूक** सड़क सुरक्षा के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित, डीसी ने की अध्यक्षता

# मोड़ पर लगाए जाएं चेतावनी पट्टे

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन में वित्त वर्ष 2024-25 में सड़क दुर्घटनाओं के स्तर में 2 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मनमोहन शर्मा सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आना सड़क सुरक्षा उपायों के बेहतर क्रियान्वयन का परिणाम है। उन्होंने शिक्षा विभाग को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में बच्चों को जागरूक करने तथा स्कूली बच्चों द्वारा इस संबंध में जागरूकता रैलियां निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर, गति दर्शाने वाले सूचना पट्ट तथा मोड़ों पर चेतावनी पट्ट लगाने के निर्देश दिए। विभिन्न मार्गों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उचित सूचना पट्ट स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि चालकों एवं अन्य को इस दिशा में जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी एसडीएम, क्षेत्रीय



परिवहन अधिकारी और पुलिस विभाग को 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों द्वारा वाहन चालन का अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाओं का कारण चालकों द्वारा मदिरा सेवन भी है। इसके लिए आवश्यक है कि पुलिस विभाग एलको सैंसर का अधिक प्रयोग करें। मनमोहन शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को स्कूली बसों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी वर्ष के लिए सड़क सुरक्षा की योजना बनाकर समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि बजट का उचित प्रावधान किया जा सके। डीसी ने कहा कि इस वित्त वर्ष में सड़क सुरक्षा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 66 लाख रुपए, शिक्षा विभाग द्वारा 14.40 लाख रुपए तथा हिमाचल पथ परिवहन विभाग द्वारा लगभग 8 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में उचित निर्देश जारी किए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन सुरेंद्र ठाकुर ने बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में विभाग द्वारा अपनाए जा रहे उपायों और अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोलन राजकुमार चंदेल, एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता रवि भट्टी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा गोपाल चौहान, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण प्राधिकरण के अलोक शरण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में संलग्न ऐरिफ कंपनी के अविनाश दुबे एवं सुशील अरोड़ा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा को सुलभ, सहज और आग्रही बना रहे प्रधानाचार्य बंसीलाल नेगी



**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बड़ोग के प्रधानाचार्य बंसीलाल नेगी ने विंटर वेकेशन के दौरान गांव-गांव जाकर बच्चों और अभिभावकों को परीक्षा के बारे में जागरूक करने का एक अनोखा प्रयास किया है।

इस प्रयास के तहत नेगी ने दस-दस दिन के अंतराल के बाद गांवों का दौरा किया और बच्चों व अभिभावकों को परीक्षा के महत्व और इसके लिए तैयारी के तरीकों के बारे में बताया। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को परीक्षा के बारे में जागरूक करना है और उन्हें इसके लिए तैयार करना था। नेगी ने बताया कि यह प्रयास बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने में मदद करेगा और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। नेगी ने गांवों में जाकर बच्चों और अभिभावकों को परीक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि परीक्षा के दौरान कैसे तनाव से निपटना है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कैसे मेहनत करनी है। नेगी ने बताया कि यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा और वे गांवों जाकर बच्चों और अभिभावकों को परीक्षा के बारे में जागरूक तो करते ही हैं साथ में बच्चों ने कितनी तैयारी कर रखी है। वह भी चेक करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सीनियर कांग्रेसी नेता गुरबख्श भाजपा में शामिल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। कांग्रेस की महिला पार्षद भाजपा में शामिल हो गई है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व पार्षद गुरबख्श रावत सोमवार दोपहर भाजपा में शामिल होने के लिए सेक्टर-33 स्थित पार्टी दफ्तर कमलम पहुंची है। यहां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जेपी मल्होत्रा और वरिष्ठ नेता संजय टंडन ने गुरबख्श रावत को पार्टी का पटका पहनाकर उन्हें भाजपा में शामिल करवाया। इस मौके पर भाजपा के अन्य नेता व पार्षद भी मौजूद रहे। गुरबख्श रावत 17 साल से कांग्रेस में थीं। वे डिप्टी मेयर भी रह चुकी हैं। वहीं चंडीगढ़ युवा कांग्रेस ने सेक्टर 40 में गुरबख्श रावत के भाजपा में शामिल होने के विरोध में एक प्रदर्शन आयोजित किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए, जिसका नेतृत्व चंडीगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक लुबाना ने किया।

### कौशल चौधरी गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को कौशल चौधरी गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि यह लोग हत्या की साजिश रच रहे थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से छह पिस्तौल और 40 कारतूस भी जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपी 2022 में कबड्डी खिलाड़ी संदीप सिंह नांगल अंबियां की हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे। डीजीपी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, "एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने कौशल चौधरी गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार करके पंजाब में एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। पकड़े गए लोगों में पुनीत लखनपाल शर्मा और नरिंदर कुमार लल्ली भी शामिल हैं।" उन्होंने आगे कहा "गिरफ्तार किए गए आरोपी पिछले तीन वर्षों से फरार थे, वे कबड्डी खिलाड़ी संदीप सिंह नांगल अंबियां (2022) और सुखमीत सिंह डिप्टी (2021) की हत्याओं में सीधे तौर पर शामिल थे। उन्होंने कहा, "वे राजस्थान के हाईवे किंग होटल पर अंधाधुंध गोलीबारी और सितंबर 2024 में पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में भी शामिल हैं।" पुलिस ने बताया कि इस संबंध में अमृतसर में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पंजाब की झांकी में राज्य को ज्ञान की भूमिका में दर्शाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुई पंजाब की झांकी में राज्य को ज्ञान और विवेक की भूमि के रूप में प्रदर्शित किया गया। यह झांकी राज्य की 'इल्म-डिज़ाइन' कला और हस्तशिल्प का सुंदर मिश्रण थी। इसमें सूफी संत बाबा शेख फरीदजी की छवि भी दर्शाया गया है। पंजाब मुख्य रूप से एक कृषि प्रधान राज्य है और ऐसे में झांकी में बैलों की एक जोड़ी को प्रदर्शित किया गया। झांकी में राज्य की समृद्ध संगीत विरासत को भी दर्शाया गया। इसमें पारंपरिक कपड़े पहने एक व्यक्ति अपने हाथ में ढोलक के साथ तुम्बी और खूबसूरती से सजाए गए मिट्टी का घड़ा पकड़े हुए था। पारंपरिक पोशाक में एक महिला को अपने हाथों से कपड़ा बुनते हुए दिखाया गया था।

### गेहूं को खुले में स्टोर करने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब में पिछले साल खरीफ सीजन के धान की तरह इस बार रबी सीजन के गेहूं के लिए भी स्टोरेज का संकट गहरा गया है। यही कारण है कि अभी से केंद्र व पंजाब सरकार ने राज्य में स्टोरेज क्षमता बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। चावल की स्टोरेज के चलते प्रदेश के गोदामों में जगह नहीं है, जिसके चलते अब गेहूं को खुले में स्टोर करने की तैयारी की जा रही है। इस काम के लिए अगले महीने से 30 स्थानों पर कवर्ड एरिया प्लिंथ तैयार किए जाएंगे, जिसके लिए कंपनी फाइनल की जा रही है। पहले केंद्र ने खुले में स्टोरेज पर रोक लगा दी थी। स्टोरेज समस्या को देखते हुए ही केंद्र ने पहले ही गेहूं को खुले में स्टोर करने की अनुमति दे दी है, जिसके बाद ही फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से टेंडर जारी किए गए हैं। 30 स्थानों पर कवर्ड एरिया प्लिंथ तैयार करने के लिए कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

# नायब सरकार के 100 दिन पूरे होते ही प्रदेश के किसानों को बड़ा तोहफा

## किसानों के बैंक खातों में 368 करोड़ की बोनस राशि की जारी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के हित में कदम उठाते हुए एक क्लिक से किसानों के बैंक खातों में 368 करोड़ रुपए की बोनस राशि जारी की है। सरकार का यह कदम न केवल सरकार की किसान-हितैषी नीतियों को प्रतिबिंबित करता है, बल्कि हरियाणा के किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज, विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, श्रुति चौधरी और विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के हितों को



सर्वोपरि रखते हुए खरीफ-2024 के दौरान प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण राज्य में उत्पादित की जा रही कृषि एवं बागवानी फसलों पर 2000 रुपए प्रति एकड़ बोनस देने का फैसला किया। अब तक कुल 1345 करोड़ रुपए की राशि किसानों को दी जा चुकी है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले विधानसभा सत्र में ही किसानों को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने 3 और महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाल किया है। पहले भू-मालिकों और काश्तकारों के बीच में जमीन के कब्जे तथा मुआवजे इत्यादि को लेकर विवाद होते रहते थे। अब सरकार ने कृषि भूमि पट्टा एक्ट लागू करके, इन विवादों को जड़ से खत्म कर दिया है। साथ ही, शामलात भूमि पर 20 वर्षों से काबिज पट्टेदारों को उस भूमि का मालिकाना हक दिया है। इसके अलावा, गांवों में पंचायती भूमि पर बने 500 वर्ग गज तक के मकानों पर काबिज लोगों को उनका मालिकाना हक दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों को आर्थिक संकट से बचाने के लिए ऐसे परिवारों की आर्थिक मदद के लिए ही दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) चलाई है। इस योजना में 1.80 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले 6,279 परिवारों को 233.67 करोड रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### एक लाख गरीब परिवारों को प्लॉट देने का संकल्प

सीएम सैनी ने कहा कि प्रदेश के गरीब से गरीब व्यक्ति के पास अपना मकान हो, इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमारी सरकार ने 1 लाख गरीब परिवारों को प्लॉट देने का संकल्प रखा है। इस संकल्प के तहत गांवों में 100-100 गज और महाग्रामों में 50-50 गज के प्लाट देने शुरू कर दिए हैं। अब तक 61 ग्राम पंचायतों और एक महाग्राम में 4,533 प्लाट दिए जा चुके हैं। वहीं, वर्तमान सरकार ने अपने पिछले 100 दिनों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण के तहत 885 परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए 11.53 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी है।


## अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने के खिलाफ दलित संगठनों का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

गणतंत्र दिवस पर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के एक व्यक्ति के प्रयास के खिलाफ सोमवार को दलित संगठनों ने अमृतसर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि मामले में कड़ी सजा सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस ने रविवार को पंजाब के मोगा जिले के धर्मकोट के निवासी आकाश सिंह को स्वर्ण मंदिर की ओर जाने वाली हेरिटेज स्ट्रीट पर स्थित टाउन हॉल में अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया।

इस घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें एक व्यक्ति स्टील की सीढ़ी का उपयोग करके प्रतिमा पर चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है और उसके हाथ में हथौड़ा है। वीडियो में वह हथौड़े से प्रतिमा पर कई बार वार करता हुआ दिखाई दे रहा है। उस व्यक्ति ने संविधान की पुस्तक की प्रतिकृति को भी नुकसान पहुंचाया, जो प्रतिमा का हिस्सा है। बाद में उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।



घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आकाश सिंह के परिवार को जानने वाले हरमीत सिंह ने बताया कि वह तीन साल पहले काम के लिए दुबई गया था। धर्मकोट निवासी सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार से संपर्क में नहीं था। उन्होंने बताया कि आकाश सिंह दो-तीन महीने पहले भारत लौट आया और अमृतसर में रहने लगा।

इस बीच, दलित समुदाय के लोगों ने घटना के खिलाफ अमृतसर में विरोध प्रदर्शन किया।

दलित संगठनों के विरोध प्रदर्शन के कारण शहर में पूर्ण बंद का माहौल रहा।

## गणतंत्र दिवस पर गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर निगम चंडीगढ़ ने 26 जनवरी को सेक्टर-17 स्थित नगर निगम भवन में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग समारोह का आयोजन किया। चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार मुख्यातिथि थे। मेयर ने कहा कि चंडीगढ़ एक सुंदर शहर है और इसकी सुंदरता को बनाए रखना हमारा मुख्य कर्तव्य है।

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सम्मानित होने वाले गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों में संदीप गुप्ता (सामाजिक कार्यकर्ता), नरेश बंसल (सलाहकार चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन), उषा सिस्ता (योग शिक्षक), रितेश कुमार भाटिया (सामाजिक कार्यकर्ता), डॉ बीएल अरोड़ा (अध्यक्ष, श्री बालाजी सेवक परिवार), इंद्रपाल (सामाजिक कार्यकर्ता), मंजुला सुलारिया (निदेशक प्रसंचेतस फाउंडेशन चंडीगढ़), धर्मबीर दुग्गल (सामाजिक कार्यकर्ता), दिलप्रीत कौर (खिलाड़ी), तनवीर कौर (खिलाड़ी), नितेश कुशवाहा (अध्यक्ष मिथिला स्टूडेंट यूनियन, चंडीगढ़), कर्मन प्रीत कौर (सामाजिक कार्यकर्ता), गुरसिमरन कौर (सामाजिक कार्यकर्ता), ईशा भारद्वाज (सामाजिक कार्यकर्ता), रविंदर सिंह (अध्यक्ष, ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन एनजीओ/सामाजिक कार्यकर्ता), कांति देवी (अध्यक्ष श्री हरि सिमरन सेवा समिति, चंडीगढ़), तनीश अग्रवाल (छात्र), पूजा मौदगिल (सामाजिक कार्यकर्ता), विजय पाल गोयल (पर्यावरणविद्), आदर्श राय (सामाजिक कार्यकर्ता) आदि शामिल थे।

## चंडीगढ़ प्रशासन ने 76वां गणतंत्र दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन ने आज परेड ग्राउंड, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़, राजीव वर्मा कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे।

समारोह की शुरुआत केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया गया।

पुलिस और एनसीसी कैडेटों की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट ने आयोजन स्थल पर उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना पैदा की।

गणतंत्र दिवस की परेड में शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, उद्योग विभाग, चंडीगढ़



पुलिस, यातायात पुलिस और नगर निगम सहित विभिन्न विभागों की झांकी का रंगारंग प्रदर्शन किया गया, जिसमें सामाजिक संदेशों और विकास पर जोर दिया गया। चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और ग्रिड के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन समारोह का एक और आकर्षण था।

राजीव वर्मा ने हमारे देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के लिए लड़ने वाले हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों और बलिदानों को याद करते हुए दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने 26 जनवरी के महत्व पर जोर दिया क्योंकि इस दिन हमारे राष्ट्र ने दुनिया के सबसे बड़े लिखित संविधान को अपनाया था।

आज हमने भारतीय संविधान के कार्यान्वयन के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। मुख्य सचिव ने सिटी ब्यूटीफुल की कुछ उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें चंडीगढ़ देश के सभी केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों में पहला राज्य बन गया, जहां तीन परिवर्तनकारी आपराधिक कानून-भारतीय दंड संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पूरी तरह से लागू किए गए थे।

### पाक में एलपीजी टैंकर में विस्फोट, छह की मौत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से भरे एक टैंकर में विस्फोट होने से एक नाबालिग लड़की सहित छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में 31 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा मुल्तान के हमीदपुर कनोरा इलाके के औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। टैंकर में विस्फोट होने के बाद भीषण आग लग गई। विस्फोट के बाद वाहन का मलबा आस-पास के रिहायशी इलाकों में जा गिरा, जिससे भारी नुकसान हुआ।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि जिले के नेपाली बस्ती इलाके के पास तलाशी अभियान चलाया और तीन राइफल, एक पिस्तौल, दो मोर्टार, पांच गोलियां, दो हथगोले और एक मोबाइल फोन जब्त किया। पूर्वोत्तर राज्य में मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से पूरे मणिपुर में तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। राज्य में जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को ईडी का नोटिस

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) जमीन घोटाला केस में ईडी ने नोटिस जारी किया है। उन्हें ईडी के बेंगलुरु दफ्तर में मंगलवार सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले 17 जनवरी को ईडी ने सीएम सिद्धारमैया और अन्य की 300 करोड़ कीमत की अचल संपत्तियां जब्त की थी। जांच एजेंसी ने बताया था कि यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग केस में की गई है। इसके तहत इन लोगों की 142 प्रॉपर्टियां सीज की गईं। ईडी ने कहा कि जब्त की गई संपत्तियां अलग-अलग लोगों के नाम पर रजिस्टर्ड हैं।

## देश-विदेश

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: केजरीवाल ने जारी किया 15 गारंटियों का घोषणा पत्र

# महिलाओं को 2100 रुपए, युवाओं को रोजगार देने का वादा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को 'केजरीवाल की गारंटी' शीर्षक से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए 'आप' के वादा-आधारित शासन की नकल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमने देश में सबसे पहले 'गारंटी' शब्द गढ़ा। भाजपा ने इसे चुरा लिया, लेकिन अंतर यह है कि हम अपनी गारंटी पूरी करते हैं, जबकि वे नहीं करते। घोषणा पत्र में 15 गारंटी का जिक्र है, जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के 'ठोस' कदम का वादा किया है।

**गारंटियां**

- बेरोजगारी की समस्या को दूर करेंगे।
- महिला सम्मान योजना के तहत हर महिला को हर महीने 2100 रुपए देंगे।
- संजीवनी योजना के तहत बुजुर्गों का फ्री इलाज
- गलत बढ़े हुए पानी के बिल माफ होंगे।
- दिल्ली के सभी घरों में सातों दिन 24 घंटे साफ पीने का पानी मिलेगा।
- स्वच्छ यमुना का वादा है।
- यूरोप की तर्ज पर दिल्ली की सड़कें बनाई जाएंगी।
- डॉ. अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना दी जाएगी।
- सभी छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा दी जाएगी। मेट्रो किराए में 50 फीसदी की छूट मिलेगी।
- पुजारी और ग्रंथी योजना के अनुसार सभी पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपए प्रति माह।
- किराएदारों के लिए मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी की योजना भी लागू की जाएगी।
- सभी बंद और पुरानी सीवेज लाइनों को बदला जाएगा।
- दिल्ली सरकार नए राशन कार्ड बनवाने का विकल्प खोलेगी।
- ऑटोवालों और ई-रिक्शा चालकों की बेटियों की शादी के लिए आर्थिक मदद देंगे। बच्चों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी। चालकों के लिए 10 लाख रुपये का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देंगे।
- स्वतंत्र सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति और रखरखाव के लिए आरडब्ल्यूए को विशेष फंड दिया जाएगा।

## युद्धविराम समझौता: हजारों विस्थापित फिलिस्तीनियों की गाजा वापसी शुरू



**एजेंसी, दीर अल-बला**

**इसराइल** ने हमास के साथ 15 माह के युद्ध के बाद संघर्षविराम लागू होने पर पहली बार फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी के उत्तरी क्षेत्र में लौटने की अनुमति दी।

इस युद्ध के कारण गाजा पट्टी का उत्तरी क्षेत्र बुरी तरह तबाह हो चुका है। कई दिनों से अपने क्षेत्र लौटने का इंतजार कर रहे हजारों फिलिस्तीनी सोमवार को उत्तर की ओर बढ़े। हमास और इसराइल के बीच विवाद के कारण उत्तरी क्षेत्र में लोगों की वापसी में देरी हुई।

### रूस का पूर्वी यूक्रेन के शहर पर कब्जा करने का दावा

**कीव।** रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के औद्योगिक केंद्र पर कीव की पकड़ को कमजोर करने के मकसद से जारी अपने अभियान के तहत पूर्वी यूक्रेन के रणनीतिक रूप से अहम एक शहर पर कब्जा कर लिया है। रूस ने रविवार को यह दावा किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने वेलीका नोवोसिल्का पर कब्जा किए जाने की घोषणा की। युद्ध से पहले इस शहर की आबादी करीब 5,000 थी। बहरहाल, रूस के इस बयान की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी।

## 'आप' का पंजीकरण रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर ईसीआई को निर्देश देने से कोर्ट का इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) का पंजीकरण रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में आरोप लगाया कि आप आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी और उसके उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास का खुलासा करने में विफल रही है। दलील दी कि उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास का खुलासा नहीं करना उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन है।

## टैरिफ धमकी के बाद पलटा कोलंबिया, अवैध प्रवासियों को लेने प्लेन भेजेगा

**एजेंसी, बोगोटा**

**कोलंबिया** ने अमेरिका से निकाले गए अवैध अप्रवासियों को देश में लाने का फैसला किया है।

कोलंबियाई राष्ट्रपति ने कहा कि वह अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए सेंट्रल अमेरिकी देश होंडुरास में प्लेन भेजेंगे। इससे पहले कोलंबिया ने अवैध अप्रवासियों को लेकर आ रहे दो अमेरिकी सैन्य विमानों के देश में लैंड नहीं होने दिया था। कोलंबिया के इस रवैये से अमेरिका नाराज हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया के खिलाफ 25 फीसदी टैरिफ और प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने अगले हफ्ते से 50 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी भी दी। ट्रंप की कार्रवाई के जवाब में कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अप्रवासियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने भी अमेरिकी सामनों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। इससे दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर जैसी स्थिति बन गई। हालांकि बाद में कोलंबिया अपने फैसले से पीछे हट गया।

**ट्रंप ने 25 फीसदी टैरिफ लगाया**

# सुप्रीम कोर्ट का पादरी को गांव से दूर निर्दिष्ट स्थान पर दफनाने का आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने पादरी को ईसाइयों के लिए निर्दिष्ट स्थान पर दफनाने का निर्देश देते हुए सोमवार को खंडित फैसला सुनाया, जिसका शव सात जनवरी से छत्तीसगढ़ के एक शवगृह में रखा है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि धर्मांतरित ईसाई को परिवार की निजी कृषि भूमि पर दफनाया जाना चाहिए, लेकिन न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि शव को छत्तीसगढ़ में गांव से दूर एक निर्दिष्ट स्थान पर दफनाया जाना चाहिए।



पीठ ने कहा कि पादरी का शव उसे दफनाने के स्थान को लेकर विवाद के कारण सात जनवरी से शवगृह में रखा है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए वह इस मामले को वृहद पीठ को नहीं भेजेगी। निर्देश दिया कि शव को उस निर्दिष्ट स्थान पर दफनाया जाए, जो राज्य के छिंदवाड़ा गांव से 20 किलोमीटर दूर है। पीठ ने कहा कि वह मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए यह आदेश पारित कर रही है और उसने राज्य सरकार को पूरी सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया।

### भाजपा नेताओं के खिलाफ मामला रद्द करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में रांची में प्रदर्शनों को लेकर झारखंड के भाजपा नेताओं और सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले रद्द करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली झारखंड सरकार की याचिका सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि जब भी कोई विरोध प्रदर्शन होता है तो निषेधाज्ञा का दुरुपयोग किया जाता है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अपील खारिज करते हुए कहा कि वह उच्च न्यायालय के 14 अगस्त, 2024 के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती।

# सेंसेक्स 824 अंक गिरकर 75,366 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

सेंसेक्स सोमवार को 824 अंक की गिरावट के साथ 75,366 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 263 अंक की गिरावट रही, ये 22,829 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में बढ़त देखने को मिली।

आईटी, एनर्जी और मेटल शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। वहीं ऑटो शेयर्स में मजबूती रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.92 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.062 फीसदी गिरकर बंद हुआ। कोरिया का कोस्पी आज बंद है। एनएसई के डाटा के अनुसार, 24 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 2,758 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,402 करोड़ रुपए के शेयर




खरीदे। 24 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.32 फीसदी की गिरावट के साथ 44,424 पर बंद हुआ। इससे पहले 24 जनवरी को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 329 अंक की गिरावट के साथ 76,190 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 113 अंक की गिरावट रही, ये 23,092 के स्तर पर बंद हुआ था।

**गिरावट के 3 कारण**


- अमेरिका के नए प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता।
- वित्त वर्ष 2024-25 में कई कंपनियों के कमजोर नतीजे।
- विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकाल रहे हैं।

# भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में हुआ इजाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** में क्रडिट कार्ड के उपयोग में सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 26 प्रतिशत पर था। इसकी वजह ग्राहकों की ओर से अपनी खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड से अधिक खर्च करना है।

ट्रांसयूनियन सिबिल क्रेडिट मार्केट इंडिकेटर (सीएमआई) रिपोर्ट में कहा कि भारत की रिटेल क्रेडिट ग्रोथ में सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही में हल्की नरमी देखने को मिली है। इसकी वजह लोन मांग वृद्धि की दर में सामान्य गिरावट और अधिकांश लोन उत्पादों में क्रेडिट की आपूर्ति में कमी होना है। ट्रांसयूनियन सिबिल के सीईओ और एमडी भावेश जैन



ने कहा कि क्रेडिट कार्ड पर खर्च में मजबूत वृद्धि उपभोक्ताओं के बीच इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाती है। यह केवल लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्रेडिट तक आसान पहुंच को भी दिखाती है। यह लेंडर्स के लिए एक अवसर हो सकता है कि वे ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान करें, जिन्हें अपने उपभोग के लिए अतिरिक्त लोन की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर और किफायती समाधान उपलब्ध कराएं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर के टूर्नामेंट में संयुक्त 27वें स्थान पर रहे



**रास अल खैमा (यूएई)।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आखिरी छह होल में तीन बर्डी लगाई, जिससे वह अंतिम दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ रास अल खैमा चैम्पियनशिप में संयुक्त 27वें स्थान पर रहे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का चार दौर का स्कोर 70-69-73-69 रहा तथा उन्होंने सात अंडर के कुल स्कोर के साथ अपने अभियान का समापन किया। वह एक सप्ताह पहले दुबई में कट से चूक गए थे, लेकिन यहां के प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ना चाहिए। अहलावत ने पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष स्थान हासिल करके डीपी वर्ल्ड टूर में जगह बनाई थी। इस बीच एलेजांद्रो डेल रे ने चार स्ट्रोक की बढ़त के साथ अपना पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

### सांसद खेल महाकुंभ वॉलीबॉल में हार की टीम 2-0 से बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में खेले जा रहे सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 वॉलीबॉल में 33 टीमों ने भाग लिया। पहला सेमीफाइनल नाल्टी सीनियर और नाल्टी जूनियर के बीच में हुआ। नाल्टी सीनियर ने 2-0 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल हार तथा रोपा टीम के बीच में हुआ। हार टीम 2-0 से जीती। फाइनल मैच में हार टीम 2-0 से विजयी रही। हार टीम ने पहला सेट 25-17 व दूसरा सेट 25-18 से जीता। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह पर प्रसिद्ध व्यवसायी, समाज सेवक व भाजपा नेता अनिल शर्मा ( बांटी) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांसद खेल महाकुंभ जिला संयोजक कपिल मोहन शामा ने बताया कि इस तरह के आयोजन व्यक्ति निर्माण के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### सुरक्षा यूनिट को हराकर इंडिगो की टीम ने किया क्रिकेट ट्रॉफी पर कब्जा



**अनंत ज्ञान, गगल।** गग्गल एयरपोर्ट पर दस दिन से चल रही खेल प्रतियोगिताएं 26 जनवरी को संपन्नहो गई। खेल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए गगल एयरपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह व खेल सचिव साहिल ने बताया कि क्रिकेट में एयरपोर्ट सुरक्षा यूनिट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 54 रन बनाए, जवाब में इंडिगो की टीम के सलामी बल्लेबाजों ने मात्र पांच ओवरों में 55 रन बनाकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। बैडमिंटन में अभिलाष ने संदीप को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं महिला बैडमिंटन में अल्पा ने शैलजा को हराकर बैडमिंटन ट्रॉफी पर कब्जा किया। चैस प्रतियोगिता में मनोज ने अभिषेक को हराकर चैस ट्रॉफी पर कब्जा किया।कैरम प्रतियोगिता में दलीप ने संजय को हराकर कैरम प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराया।इस अवसर पर सभी विजेता टीमों को गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह व माउंट कार्मल स्कूल गगल के निदेशक फादर जॉनसन ने विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### चबूतरा को हराकर ऊहल ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी, 16 टीमों ने लिया भाग



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** चबूतरा खास गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्वर्गीय शमशेर सिंह की यादगार में किया गया, जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रकाश सडयाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने खेल को खेल के भावना से खेलने की अपील की। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने को कहा। ऊहल और चबूतरा में फाइनल मैच खेला गया। इस टूर्नामेंट ट्रॉफी को उहल ने जीत कर अपने नाम किया और सेकंड प्राइस चबूतरा की टीम ने हासिल किया। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया।

### बोपन्ना को अक्तूबर 2022 के बाद पहली बार शीर्ष-20 में जगह नहीं

**नई दिल्ली।** भारत के सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में लगातार 10 महीने शीर्ष 100 में रहने के बाद लचर प्रदर्शन के कारण सोमवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में इससे बाहर हो गए जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जल्दी हारने के कारण अनुभवी रोहन बोपन्ना भी अब युगल रैंकिंग में शीर्ष 20 खिलाड़ियों का हिस्सा नहीं हैं। नागल मार्च 2024 से शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल थे। नवीनतम रैंकिंग में वह हालांकि 16 स्थान के नुकसान से 106वें नंबर पर खिसक गए हैं। उनके 565 अंक हैं। बोपन्ना युगल रैंकिंग में पांच स्थान के नुकसान से 21वें स्थान पर खिसक गए हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी मेलबोर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में अपने नए जोड़ीदार निकोलस बेरिनटोस के साथ हार गया। यह भारतीय ऑस्ट्रेलियाई ओपन में गत चैंपियन है। बोपन्ना तीन अक्तूबर 2022 से नियमित तौर पर शीर्ष 20 में शामिल हैं।

**भारत vs इंग्लैंड** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा ट्वेंटी-20 आज, कप्तान सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद

# सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, राजकोट**



पहले दो मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौटना चाहेंगे। पिछले साल सूर्यकुमार ने जब टीम की कमान संभाली तो भारत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन कप्तान स्वयं रन बनाने के लिए जूझते रहे। टी-20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार ने इस बीच 17 पारियों में 26.81 की औसत से 429 रन बनाए।

सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में भी नहीं चुना गया। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टी-20 सीरीज के पहले दो मैच में भी नहीं चल पाए और अब समय आ गया है जबकि उन्हें खुद को साबित करना होगा।

सूर्यकुमार की खराब फॉर्म और संजू सैमसन की शॉर्ट पिच गेंद के सामने कमजोरी के कारण भारत चेन्नई में खेले गए दूसरे मैच में मुश्किल स्थिति में फंस गया था, लेकिन तिलक वर्मा ने एक छोर संभाले रखकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करने वाले सैमसन पिछले दो मैच में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट पिच गेंद पर आउट हुए। उन्हें जल्द से जल्द इस कमजोरी से पार पाना होगा। राजकोट की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

आर्चर और मार्क वुड ने अभी तक अपनी शॉर्ट पिच गेंद से भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है, लेकिन तिलक के सामने उनकी यह रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। तिलक ने दूसरे मैच में आर्चर पर चार छक्के लगाकर अपनी प्रतिभा का अच्छा परिचय दिया था।

रिंकू सिंह और नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह शिवम दुबे और रमनदीप सिंह में से किसी एक को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। भारत ने पहले दो मैच में अर्शदीप सिंह के रूप में एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज उतारा था। हार्दिक पांड्या ने उनके साथ नई गेंद की जिम्मेदारी संभाली थी। भारत के इस संयोजन में बदलाव करने की संभावना नहीं है।

भारत ने अभी तक आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने को प्राथमिकता दी है क्योंकि बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छी गेंदबाजी की है।

**▶▶ मैच शाम सात बजे से शुरू होगा**

**संभावित टीमें**

**भारत।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रमनदीप सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

**इंग्लैंड।** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिलिप साल्ट, मार्क वुड।

### इंग्लैंड के लिए जीत जरूरी

**इंग्लैंड** को पांच मैच की सीरीज को जीवंत बनाए रखने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इंग्लैंड की तरफ से अभी तक कप्तान जोस बटलर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उसके अन्य बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी के सामने रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स ने पिछले मैच में अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई थी, लेकिन उन्हें बड़ी पारी खेलनी होगी।

### साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर बने बुमराह



**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को घरेलू और विदेशी दोनों परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और 2024 में 13 मैच में 71 विकेट चटकाने के लिए सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर चुना गया।

बुमराह ने पीठ की चोट से उबरने के बाद 2023 के अंतिम हिस्से में वापसी की। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2024 में 14.92 की बेहतरीन औसत से विकेट चटकाए और इस दौरान कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए।

आईसीसी ने कहा, ''बुमराह 2024 में दुनिया के सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने घरेलू और विदेशी दोनों ही परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत की उम्मीद बरकरार रखने में उन्होंने अहम योगदान दिया।''

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बुमराह ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भारत को श्रृंखला जिताने में अहम भूमिका निभाई थी और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया में विदेशी परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन किया।

### केरम में लाल चंद गुमरानगपा और पूर्ण गोशाल की जोड़ी विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



लाहौल-स्पीति कर्मचारी कल्याण संघ के वार्षिक खेलों का शमशी में आयोजन हुआ। बैडमिंटन एकल वर्ग में सुनील वर्मा प्रथम, रामदेव द्वितीय, बैडमिंटन डबल में सुनील वर्मा और राजिंदर राजा विजेता, डॉ. नरेश चंद और रामदेव द्वितीय, टेबल टेनिस एकल में नावंग तांबा विजेता, श्याम चंद उपविजेता, टेबल टेनिस डबल में तारा चंद वर्मा और नोरबू छेरिंग विजेता, प्रेम चंद और प्रेम थामस उपविजेता रहे।

छोलौ में आमिर चंद और नंदलाल विजेता, रमेश कुलूजी और रमेश उपविजेता, केरम में लाल चंद गुमरानगपा और पूर्ण गोशाल की जोडी विजेता और उपविजेता नोरबु छेरिंग बिलिंग और सुरिंदर मालपा मूलिंग रहे। गोला फेंक सीनियर वर्ग में दवा ज्ञालोनग विजेता, तारा चंद वर्मा द्वितीय, राम देव तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में विनोद प्रथम, क्लजंग द्वितीय, राजिंदर तृतीय। रस्साकसी में प्रेसिडेंट टीम विजेता जबकि उपविजेता सेक्रेटरी टीम रहीं। क्रिकेट टूर्नामेंट में पूर्ण इलेवन विजेता और रोशन इलेवन उपविजेता रहे।

लाहौल-स्पीति कर्मचारी कल्याण संघ अध्यक्ष शमशेर फलापंगपा और महासचिव नावंग तांबा ने बताया इस सेशन में आउट डोर और इंडोर खेल प्रतियोगिता कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई।

## मंधाना साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर बनी

**एजेंसी, दुबई**



भारत की करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया।

भारत की उपकप्तान मंधाना ने 2024 में 13 पारियों में 747 रन बनाए जो किसी कैलेंडर वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (697 रन), इंग्लैंड की टैमी ब्युमोंट (554 रन) और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (469 रन) को पीछे छोड़ा। उन्होंने इस दौरान वनडे में चार शतक जड़कर महिला क्रिकेट का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इसके साथ सौ से अधिक बार गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़ें। इस 28 साल की बल्लेबाज ने 57.86 की शानदार औसत के अलावा 95.15 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

उन्होंने बेहतर गेंदबाजी इकाई वाली टीमों के खिलाफ भी कई बड़ी पारियां खेली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जून 2024 में उन्होंने लगातार दो शतक लगाए। भारत ने इस सीरीज को 3-0 से जीता था।

उन्होंने अक्तूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी सीरीज के निर्णायक मैच में शतक लगाया था। मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में भी शतक जड़ा था, लेकिन उनकी शानदार पारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच में एक छोर से विकेटों के पतन के बीच मंधाना ने 14 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए थे।

### साल के सर्वश्रेष्ठ वनडे पुरुष क्रिकेटर बने उमरजई



**अफगानिस्तान** के हरफनमौला खिलाड़ी अजमतुल्लाह उमरजई को आईसीसी का 2024 का साल का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज उमरजई ने 2024 में अफगानिस्तान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उमरजई ने पिछले साल 14 मैच में 17 विकेट लेने के अलावा 417 रन बनाए। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ लगातार चार सीरीज जीती।

## आर प्रज्ञानानंदा ने टाटा स्टील शतरंज में डी गुकेश से ड्रॉ खेला

**एजेंसी, विज्क आन जी (नीदरलैंड)**



भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ बाजी ड्रॉ खेली। प्रज्ञानानंदा एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, लेकिन गुकेश सतर्क होकर खेलते रहे। जब बाजी में कोई स्पष्ट परिणाम नजर नहीं आ रहा था तो दोनों खिलाड़ी 33 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए।

इस ड्रा के बाद प्रज्ञानानंदा और गुकेश दोनों उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ 5.5 अंक लेकर बढ़त बनाए हुए हैं। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ अंक बांटे।

प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य भारतीय खिलाड़ियों में ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ ड्रॉ खेला। हरिकृष्णा के संभावित आठ में से चार अंक हो गए हैं।

अर्जुन एरिगैसी ने सर्बिया के एलेक्सी सराना के साथ जबकि लियोन ल्यूक मेंडोंका ने नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट के साथ अपनी अपनी बाजी ड्रॉ खेली। एरीगैसी दो अंकों के साथ मेंडोंका से आधा अंक पीछे है।

चैलेंजर्स वर्ग में चेक गणराज्य के गुयेन थाई वान डैम ने चीन की 14 वर्षीय खिलाड़ी मियाओई लू को हराकर छह अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल की। भारत की आर वैशाली को नीदरलैंड के आर्थर पिजपर्स ने ड्रॉ पर रोका, जबकि दिव्या देशमुख कजाकिस्तान की काजीबेक नोगेरबेक से हार गईं।

### याकुबोएव ने धार्मिक कारणों से वैशाली से नहीं मिलाया हाथ

ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक याकुबोएव के भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली से हाथ मिलाने से इनकार करने पर टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने माफी मांगते हुए कहा कि उनका अनादर करने का कोई इरादा नहीं था और उन्होंने 'धार्मिक कारणों' से ऐसा किया। एक वीडियो में वैशाली को याकुबोएव के खिलाफ चौथे दौर की बाजी की शुरुआत से पहले अपना हाथ बढ़ाते हुए देखा जा सकता है, लेकिन उज्बेकिस्तान का खिलाड़ी बिना हाथ मिलाए बैठ गया जिससे भारतीय खिलाड़ी असहज नजर आई। वर्ष 2019 में ग्रैंडमास्टर बनने वाले 23 वर्षीय याकुबोएव बाजी हार गए और चैलेंजर्स वर्ग में आठ दौर के बाद उनके तीन अंक हैं।

### स्टार खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में आज से शुरू होंगे राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** भारत के अधिकांश स्टार खिलाड़ी उत्तराखंड के सात स्थलों पर आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे, लेकिन मंगलवार को आधिकारिक उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होने वाले खेलों में हजारों अन्य खिलाड़ियों को 32 खेलों में अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलों के उद्घाटन की घोषणा करेंगे और 18 दिवसीय राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत करेंगे। इन खेलों में करीब 10,000 खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा लेंगे।

खिलाड़ियों की संख्या के लिहाज से यह दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में से एक है, हालांकि देश की अंतरराष्ट्रीय सफलता में इसकी प्रासंगिकता पर बहस हो सकती है।

इस बार खेल उत्तराखंड के सात शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें देहरादून मुख्य आयोजन स्थल होगा। 14 फरवरी तक चलने वाले खेलों के अन्य आयोजन स्थल हरिद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, शिवपुरी और नई टिहरी हैं। गोवा में 2023 में हुए पिछले राष्ट्रीय खेलों में पांच शहरों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड के लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि राज्य अपने गठन की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है।

### 2025 सीजन में धर्मशाला को मिलेंगे आईपीएल के तीन मैच : अरुण धूमल

**शुभम राही, बिलासपुर**



आईपीएल-2025 सीजन में धर्मशाला स्टेडियम को तीन मैच मिल सकते हैं। यह बात बिलासपुर पहुंचे आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कही है। अरुण धूमल ने कहा कि पिछले साल धर्मशाला स्टेडियम को दो आईपीएल मैच मिले थे, इस बार तीन मैच धर्मशाला में करवाने की प्लानिंग है।

बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट मैदान में पहुंचे अरुण धूमल ने इस बात का खुलासा किया है। आपको बता दें कि 21 मार्च से आईपीएल सीजन 2025 शुरू होने जा रहा है। ऐसे में क्यास लगाए जा रहे हैं कि कुछ दिनों के भीतर आईपीएल शेडयूल भी जारी होने जा रहे हैं। वहीं, धर्मशाला को प्रत्येक वर्ष एक से दो मैच की मेजबानी करने का मौका मिलता है। गौरतलब है कि बीते साल धर्मशाला में एक दिवसीय एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप के पांच मैचों का आयोजन हुआ था, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों ने इसका खूब आनंद उठाया था।

धर्मशाला स्टेडियम की बात करें तो एचपीसीए ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। स्टेडियम को साफ सुथरा बनाए रखने का कार्य भी जारी है, साथ की मैदान को सही बनाए रखने के लिए आधुनिक मशीनों से कार्य चला हुआ है। वर्ष 2024 में पंजाब किंग्स इकी टीम, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर बेंगलरु से भिड़ी थी। पहला मुकाबला पंजाब को 5 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ हुआ था, जबकि 9 मई को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के साथ खेला गया था। अगर धर्मशाला को 2025 के शैडयूल में तीन मैच मिलते हैं तो यह देखना होगा कि कौन सी टीम यहां पर अपना दमखम दिखाएगी। (अनंत ज्ञान)

**दूसरा टेस्ट** वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 120 रन से हराकर सीरीज एक-एक से बराबर की

## जोमेल वारिकन की फिरकी में फंसा पाकिस्तान

**एजेंसी, मुल्तान**



बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन सोमवार को यहां पाकिस्तान को 133 रन पर समेटकर 120 रन से जीत दर्ज की और सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।

पाकिस्तान की टीम सोमवार को दूसरी पारी में चार विकेट पर 76 रन से आगे खेलने उतरी और जीत के लिए उसे 178 रन की और दरकार थी। मेजबान टीम ने हालांकि वारिकन (27 रन पर पांच विकेट) की फिरकी के सामने 57 रन जोड़कर बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए।

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 से भी अधिक साल बाद पहली टेस्ट जीत दर्ज की। ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर (61 रन पर तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती (35 रन पर दो विकेट) ने भी वारिकन का अच्छा साथ निभाया। वारिकन 19 विकेट के साथ सीरीज के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

इस हार के साथ पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गया। दोनों टीम ने डब्ल्यूटीसी के मौजूदा सत्र में अपना अभियान पूरा कर लिया है।

सोमवार को पाकिस्तान के कल के दोनों नाबाद बल्लेबाज सऊद शकील (13) और रात्रि प्रहरी काशिफ अली (01) अपने स्कोर में इजाफा किए बिना पैवेलियन लौटे। सिंक्लेयर ने दिन की तीसरी गेंद पर शकील को स्लिप में कैच कराया जबकि वारिकन ने काशिफ को बोल्ड किया।

मोहम्मद रिजवान (25) और सलमान अली आगा (15) दोनों ने 39 रन की साझेदारी की, लेकिन इसके बाद वारिकन का शिकार बने। वारिकन ने साजिद खान (07) को बोल्ड करके वेस्टइंडीज की जीत सुनिश्चित की।

इसी स्थान पर पहला टेस्ट 127 रन से गंवाने के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 38 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद टीम जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रही।

## कृष्णा क्लब भगेड़ ने जीता अंडर-19 ठाकुर अजीत मेमोरियल कबड्डी कप

**अंडर-23 में विजेता रही समताना की टीम, यशवीर पटियाल ने विजेताओं को किया सम्मानित**



**एसके ठाकुर, बड़सर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संमताना के प्रांगण में आयोजित ठाकुर अजीत सिंह मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। अंडर-19 में कृष्णा क्लब भगेड़ जबकि अंडर-23 का खिताब समताना ने जीता। अंडर-19 टीम को 4,100 तथा अंडर 23 विजेता टीम को 11,000 रुपए धनराशि इनाम के रूप में दी गई। उपविजेता अंडर-19 को 3,100 तथा उपविजेता अंडर-23 को 8,100 राशि इनाम के रूप में दी गई। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटियाल ने विजेताओं को इनाम तथा मेडल देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा की खेल में हार-जीत चली रहती है। खिलाड़ियों को हमेशा अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता आशीष ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इस दौरान लड़कियों की खेल प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें कबड्डी में प्रथम कृष्णा एकेडमी भगेड़, हमीरपुर दूसरे स्थान पर तथा धंगोटा की टीम तीसरे स्थान पर रही। विजेता को 3,100 रुपए उपविजेता को 2,100 रुपए तथा तीसरे स्थान वाली टीम को 1,100 रुपए इनाम के रूप में दिए गए। (अनंत ज्ञान)